स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, सोमवार
12 मई, 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -260 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net


स्मृति मंधाना वनडे में सर्वाधिक शतक लगाने वाली तीसरी बल्लेबाज




# एलओसी पर पाकिस्तान को दिया बड़ा जख्म

## ऑपरेशन में 100 आतंकवादी मारे गए, भारत के सभी पायलट सुरक्षित

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में आतंकियों के खिलाफ लॉन्च किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में भारतीय सेना ने रविवार को विस्तार से जानकारी दी। सेना ने बताया कि एलओसी पर जो पाकिस्तान ने पिछले दिनों भारी गोलीबारी की, उसमें उनके 40 जवानों की मौत हो गई, जबकि भारत के भी पांच जवान शहीद हुए हैं। सेना ने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत के सभी पायलट सुरक्षित हैं। पाकिस्तान को आगाह करते हुए सेना ने कहा कि अगर पाकिस्तान अब भी सीजफायर का उल्लंघन करता है तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा।

डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा, 'कुछ हवाई क्षेत्रों पर हवा से बार-बार हमले हुए। सभी को विफल कर दिया गया। 7 से 10 मई के बीच नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तोपखाने और छोटे हथियारों से गोलीबारी में पाकिस्तानी सेना के लगभग 35 से 40 जवान मारे गए हैं।÷ इस तरह भारत ने पाकिस्तान को इतना गहरा जख्म दिया, जिसे वह लंबे समय तक नहीं भूलने वाला। वहीं, जब यह पूछा गया कि भारत ने ऑपरेशन के दौरान कितने पाकिस्तानी विमान मार गिराए गए, एयर मार्शल एके भारती ने कहा,




'उनके विमानों को हमारी सीमा में घुसने से रोका गया...निश्चित रूप से, हमने कुछ विमान मार गिराए हैं। निश्चित रूप से, उनकी तरफ नुकसान हुआ है, जो हमने पहुंचाया है।' सेना ने कहा, 'सात मई को हमारा उद्देश्य आतंकवादियों और उनके बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना था, किसी अन्य बुनियादी ढांचे को नहीं, खास तौर पर पाकिस्तानी नागरिक या सैन्य प्रतिष्ठानों को नहीं, और हमने इसे सटीकता के साथ हासिल किया। हालांकि, 7 मई की शाम को, हम पर पाकिस्तानी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) और छोटे ड्रोनों से हमला किया गया, जिसने हमारे नागरिक और सैन्य दोनों क्षेत्रों को निशाना बनाया। उन्हें सफलतापूर्वक रोक दिया गया। हालांकि तीन ड्रोन लैंड करने में कामयाब रहे, लेकिन उन्होंने कम से कम नुकसान पहुंचाया।'

सेना ने आगे बताया कि यहां मुख्य अंतर यह है कि हमने आतंकवादियों को निशाना बनाया, जबकि पाकिस्तानी प्रतिक्रिया ने हमारे नागरिकों और सैन्य बुनियादी ढांचे पर केंद्रित किया। यह एक ऐसा कदम था जिसके लिए जवाबी कार्रवाई की जरूरत थी। जवाबी कार्रवाई में, हमने लाहौर के पास और गुजरांवाला के करीब रडार प्रतिष्ठानों पर हमला किया। फिर भी, हम इस बात पर जोर देना चाहते हैं कि तनाव बढ़ाना हमारा लक्ष्य नहीं है। हमारा संघर्ष आतंकवादियों से है, पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान से नहीं। उन्होंने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन की जानकारी साझा की। सेना ने बताया कि इस ऑपरेशन में 100 आतंकवादी मारे गए, जिनमें से कुछ बड़े आतंकवादी शामिल थे जिन्होंने 1999 में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट (IC-814) के अपहरण और 2019 में सुरक्षाकर्मियों पर पुलवामा हमले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सेना ने यह भी बताया कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी शिविरों को नष्ट कर दिया।

## तुरंत बुलाएं संसद का विशेष सत्र : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाने का अनुरोध किया है। कांग्रेस पार्टी की तरफ से ये मांग पहलगाम आतंकी हमले और भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही की जा रही है। वहीं एक दिन पहले भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम के बाद से कांग्रेस पार्टी ने अपनी मांग फिर से दोहराई है। राहुल गांधी ने अपने पत्र में लिखा- मैं संसद का विशेष सत्र तत्काल बुलाने के विपक्ष के सर्वसम्मत अनुरोध को दोहराता हूं। लोगों और उनके प्रतिनिधियों के लिए पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और युद्ध विराम पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है, जिसकी घोषणा सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने की थी। यह आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प को प्रदर्शित करने का भी अवसर होगा।

## कश्मीर समस्या का भी निकलेगा हल : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार सुबह भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर को लेकर अपनी राय रखी। ट्रंप ने चार दिन की दुश्मनी के बाद संघर्ष विराम पर राजी होने के लिए

### 'सीजफायर' के लिए राजी होने पर की भारत-पाक की सराहना

दोनों देशों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस आक्रामकता के कारण लाखों लोगों की जान जा सकती थी। शांति स्थापित होने के बाद अब वह दोनों देशों के साथ व्यापार और कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए मिलकर काम करेंगे। रविवार की सुबह ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक बार फिर इस मामले पर बयान दिया। उन्होंने लिखा, मुझे भारत और पाकिस्तान के मजबूत और अडिग नेतृत्व पर बहुत गर्व है, क्योंकि उनके पास यह जानने और समझने की शक्ति और बुद्धि है कि वर्तमान



आक्रामकता को रोकने का वक्त आ गया है। अगर यह संघर्ष चलता रहता तो यह कई लोगों की मौत और विनाश का कारण बन सकता था। इसकी वजह से लाखों अच्छे और निर्दोष लोग मारे जा सकते थे। मुझे गर्व है कि अमेरिका आपको इस ऐतिहासिक और वीरतापूर्ण निर्णय तक पहुंचने में मदद कर पाया। मैं इन दोनों महान देशों के व्यापार में काफी वृद्धि करने जा रहा हूं। कश्मीर के मुद्दे पर दोनों देशों के नेताओं को संबोधित करते हुए ट्रंप ने लिखा, मैं आप दोनों के साथ मिलकर कश्मीर के मुद्दे पर भी बात करने के लिए तैयार हूं।

## जातिगत गणना : 70 साल पुराने कानून में बदलाव की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** जाति आधारित जनगणना को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया के लिए 70 साल पुराने जनगणना कानून में किसी तरह के बदलाव की

### सरकार ने दिया पूरा ब्यौरा

जरूरत नहीं पड़ेगी। अधिकारियों ने बताया कि 1948 में बना यह कानून, जिसे आखिरी बार 1994 में संशोधित किया गया था, केंद्र सरकार को जनगणना फॉर्म में शामिल किसी भी प्रकार की जानकारी मांगने की अनुमति देता है। ब्रिटिश शासनकाल में 1881 से लेकर 1931 तक की जनगणनाओं में सभी जातियों की गिनती की जाती थी। लेकिन आजादी के बाद 1951 में पहली बार हुई जनगणना के दौरान, सरकार ने केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों की गिनती का निर्णय लिया, जबकि अन्य जातियों की गणना नहीं की गई। 1961 में केंद्र सरकार ने राज्यों को अनुमति दी कि यदि वे चाहें तो अपनी-अपनी ओबीसी सूची तैयार करने के लिए स्वतंत्र रूप से जाति आधारित सर्वेक्षण कर सकते हैं। अब, छह दशकों से अधिक समय बाद, विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों की मांगो को देखते हुए केंद्र सरकार ने अगले राष्ट्रीय जनगणना कार्यक्रम में जाति आधारित गणना को शामिल करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों ने जनगणना अधिनियम की धारा 8 का हवाला देते हुए बताया कि जनगणना अधिकारी ऐसे सभी प्रश्न पूछ सकता है जिनके लिए उसे निर्देशित किया गया हो।

और नागरिकों को उन प्रश्नों का उत्तर देना कानूनी रूप से अनिवार्य है, जब तक कि उनके पास इसके लिए कोई वैध अपवाद न हो। हालांकि, किसी महिला से उसके पति या दिवंगत पति का नाम बताने की बाध्यता नहीं है, और न ही किसी महिला को उन नामों का खुलासा करना होगा जिन्हें वह सामाजिक रिवाजों के अनुसार नहीं बताना चाहती।

## प्रधानमंत्री ने कहा हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं

# 'वहां से गोली चली तो यहां से गोला चलेगा'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों सेनाओं को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वहां से गोली चलेगी, यहां से गोला चलेगा। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से साफ कहा था कि अगर पाकिस्तान कुछ करता है तो जवाब और भी

### पीएम मोदी का पाकिस्तान को कड़ा संदेश

विनाशकारी और कड़ा होगा। उसी रात पाकिस्तान ने 26 ठिकानों पर हमला किया और भारत ने इसका बहुत जोरदार जवाब दिया।

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच सरकारी सूत्रों ने साफ कर दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। यह कोई एक दिन की कार्रवाई नहीं थी, बल्कि अब इसे भारत-पाक रिश्तों का नया दौर कहा जा रहा है। यह स्थिति अब स्थायी रूप से बनी रहेगी और दुनिया को इसे न्यू नॉर्मल की तरह स्वीकार करना होगा। भारत ने साफ किया आतंकियों को सौंपने के अलावा हम किसी अन्य मुद्दे पर बात नहीं करेंगे। कश्मीर पर हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है, अब केवल एक ही मुद्दा बचा है- पाकिस्तान के कब्जे



वाले कश्मीर (पीओके) को वापस करना। इसके अलावा और कोई बात नहीं है। अगर वे आतंकवादियों को सौंपने की बात करते हैं, तो हम बात कर सकते हैं। मेरा किसी और विषय पर कोई इरादा नहीं है। हम नहीं चाहते कि कोई मध्यस्थता करे। हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी जारी है : वायुसेना

भारतीय वायुसेना ने रविवार को कहा कि उसने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान उसे सौंपे गए कार्यों को सटीकता के साथ और राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप सफलतापूर्वक अंजाम दिया। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 9 आतंकवादी ढांचों को नष्ट करने के लिए सात मई को यह अभियान शुरू किया गया था।

पाकिस्तानी हमलों के बाद सभी जवाबी कार्रवाइयां 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत की गईं। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने एक बयान में कहा कि ऑपरेशन 'अभी जारी है।' उसने कहा, 'चूंकि ऑपरेशन अभी जारी है, इसलिए विस्तृत जानकारी समय आने पर दी जाएगी। वायुसेना ने सभी से अटकलों और अपुष्ट सूचनाओं को फैलाने से बचने का आग्रह किया है।'

## यूपी प्रचंड गर्मी से बेहाल

### 15 से अधिक जिलों में पारा 40 डिग्री पार, 14 से चलेंगे लू के थपेड़े




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं का दौर शुरू हो चुका है। बीते दो दिनों में प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में तापमान चढ़ने के साथ ही गर्मी का प्रभाव बढ़ा है। दोपहर की तपिश भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले तीन से चार दिनों में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में अधिकतम तापमान में 5 से 6 डिग्री तक की बढ़ोतरी के संकेत हैं। वहीं 14 मई से यूपी के पूर्वी और तराई हिस्सों में लू के थपेड़े चलने के संकेत हैं। रविवार को वाराणसी, कानपुर, बस्ती, बहराइच, चुर्क, बलिया जैसे 15 जिलों से ज्यादा जिलों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले तीन-चार दिनों में तापमान में 5 से 6 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही प्रदेश के दक्षिणी पूर्वी और उत्तरी पश्चिमी हिस्सों में 14 मई से लू चलने की संभावना है।

## रक्षा मंत्री ने लखनऊ में किया ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट का किया शुभारंभ

# रावलपिंडी तक सुनी गई हमारी धमक : राजनाथ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लखनऊ के 'उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर' में 'ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटिग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी' का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 300 करोड़ रुपये की यह सुविधा 'उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर' का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह आत्मनिर्भर रक्षा विनिर्माण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह विनिर्माण इकाई अंतरिक्ष और रक्षा क्षेत्र के लिए उच्च गुणवत्ता वाली



सामग्रियों का उत्पादन करेगी, जिनका उपयोग चंद्रयान मिशन और लड़ाकू विमानों में किया जाएगा। रक्षा मंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा यह सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और रणनीति इच्छाशक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए उन भारत विरोधी और आतंकी संगठनों पर कार्रवाई की जिन्होंने भारत माता के माथे पर हमला करके कई परिवारों का सिंदूर मिटा दिया था। उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत इच्छाशक्ति और सैन्य शक्ति के दृढ़ संकल्प को भी दर्शाता है। हमने दिखा दिया है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जब भी कार्रवाई करेगा तो सीमा पार की जमीन भी आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए सुरक्षित नहीं होगी।'

## यूपी में 11 आईपीएस अफसरों के तबादले

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** योगी सरकार ने 11 आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर कर दिए हैं। प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर तरुण

### प्रयागराज से तरुण गाबा को हटाकर लखनऊ भेजा

### कानपुर डीआईजी रहे जोगिंदर कुमार प्रयागराज के बने पुलिस आयुक्त

गाबा को लखनऊ का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। आशुतोष कुमार को पीएसी मुख्यालय से हटाकर कानपुर कमिश्नरेट का अपर पुलिस आयुक्त बनाया गया है। उपेंद्र कुमार अग्रवाल को पीएसी हेडक्वॉर्टर भेजा गया है। वहीं, हरीश चंद्र को कानपुर कमिश्नरेट के अपर पुलिस आयुक्त से ट्रांसफर कर कानपुर परिक्षेत्र का डीआईजी बनाया गया है। संजीव त्यागी को आगरा के अपर पुलिस आयुक्त पद से हटाकर लखनऊ में कारागार प्रशासन एवं सुधार का डीआईजी बनाया गया है। प्रदीप गुप्ता को दूरसंचार के डीआईजी से कारागार प्रशासन एवं सुधार का डीआईजी बनाया गया है। हेमंत कुटियाल को एसएसएफ का डीआईजी बनाया गया है। रामबदन सिंह को गौतमबुद्धनगर के डीआईजी पद से हटाकर आगरा कमिश्नरेट भेजा गया है। रमेश प्रसाद गुप्ता को लाजिस्टिक पुलिस अधीक्षक से हटाकर मुरादाबाद में 24वीं वाहिनी पीएसी का सेनानायक बनाया गया है। वहीं, अमित कुमार सेकेंड को मुरादाबाद में 24वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक पद से हटाकर लखनऊ में 35वीं वाहिनी का सेनानायक बनाया गया है।

# पाकिस्तानियों से पूछो ब्रह्मोस की ताकत : योगी




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल के पराक्रम की झलक देखने को मिली थी और अगर यह काफी नहीं है तो पाकिस्तानियों से इसके बारे में पूछना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद को कुचलने का समय आ गया है और इसके लिए पूरे देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एकजुट होना होगा।'ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटिग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी' के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए आदित्यनाथ ने कहा, 'ब्रह्मोस मिसाइल क्या होती है? आप लोगों ने 'आपरेशन सिंदूर' के तहत इसके पराक्रम की एक झलक देखी है। अगर नहीं देखी होगी तो कम से कम पाकिस्तानियों पूछ लेना चाहिए कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत क्या है।'

## पंजाब में पकड़े गए देश के दो गद्दार

**चंडीगढ़।** भारत-पाकिस्तान में चल रहे तनाव के बीच पंजाब में देश के दो गद्दारों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस ने रविवार को ऐसे दो लोगों को गिरफ्तार किया है जो पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे थे। दोनों लोग दिल्ली स्थित पाकिस्तान के एक उच्चायोग अधिकारी के लिए

### पाकिस्तान के लिए कर रहे थे जासूसी

जासूसी कर रहे थे। दोनों आरोपियों को पुलिस ने मलेरकोटला से पकड़ा है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि एक आरोपी भारतीय सेना की गतिविधियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान में बैठे हैंडलर को तक पहुंचा रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपने दूसरे साथी का खुलासा किया।

# रहिमन विपदा हू भली, जो थोरे दिन होय...

रहीम के शब्दों में 'रहिमन विपदा हू भली, जो थोरे दिन होय। हित अनहित या जगत में, जान परत सब कोय।।' को पकड़ें या तुलसीदास द्वारा दी गई 'आपतकाल परखिए चारी, धीरज धर्म मित्र अरु नारी' की सीख को मानें। एक ही कालखंड यानी सोलहवीं शताब्दी के इन दोनों सर्वकालिक

### भारत के सामने ढाई मोर्चे की पूरी लड़ाई

महानतम महाकवियों ने अपने-पराए और दोस्त-दुश्मन की परख करने के लिए विपत्ति, परेशानी या चुनौती के समय का लाभ उठाने की जो बात कही थी वह ना सिर्फव्यक्ति बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी बेहद कारगर है।

इस कसौटी पर अपनों की परख और परायों की पहचान करने का मौका पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा सांप्रदायिक आधार पर हिन्दुओं का नरसंहार किए जाने के बाद आरंभ की गई बहुआयामी बदले की कार्रवाई और खास तौर से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को भी मिला। हालांकि आतंकवाद के किरदारों और सीमा पार स्थित उसके अड्डों को मिट्टी में मिला देने का प्रण लेकर ऑपरेशन सिंदूर के तहत शुरू की गई सैन्य कार्रवाई की मारकता से बिलबिला रहे पाकिस्तान की 'भई गति सांप छुछुंदर केरी' वाली स्थिति हो गई है। शायद तभी उसकी कथनी में शांति का प्रस्ताव और करनी में संघर्ष का आमंत्रण का दिख रहा है। लेकिन 22 अप्रैल को हुई पहलगाम की आतंकी वारदात से लेकर 10 मई को पाकिस्तान के अनुरोध पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य कार्रवाई पर तात्कालिक विराम घोषित होने के पूरे घटनाक्रम का अवलोकन करें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि भारत को अपने दुश्मनों से ढ़ाई मोर्चे पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यूं तो भारत की लड़ाई सिर्फआतंकवाद को जड़-मूल से समाप्त करने पर ही केंद्रित थी लेकिन इसमें जिस ढ़ाई मोर्चे से अड़ंगा डाला गया उसमें पहला और जगजाहिर मोर्चा पाकिस्तान ने खोला जबकि दूसरे मोर्चे पर पाकिस्तान के कांधे का इस्तेमाल करके भारत पर निशाना साधने वाली ताकतें हैं और शेष आधा मोर्चा भारत की आस्तीन में छिपे सांप-संपोलों ने संभाला हुआ है। अपनी ही जमीन




### नज़र और नज़रिया

**नवकांत ठाकुर**

पर मौजूद विघ्न-संतोषियों द्वारा खोला गया मोर्चा वाकई आधा-अधूरा ही है क्योंकि सामने से सीना ठोककर पूरा मोर्चा खोलने की इनमें ना तो हिम्मत है और ना ताकत। अलबत्ता अनुकूल स्थिति मिलते ही मौके पर चौका मार कर कार्रवाई से बचने के लिए बिल में दुबक जाने और अगले मौके के इंतजार में घात लगाए रहने में इनका कोई सानी नहीं है। वास्तव में देखा जाए तो सबसे ख़तरनाक यह आधा मोर्चा ही है क्योंकि बाकी दोनों मोर्चों पर खड़े दुश्मन आमने-सामने हैं। सीमा पार स्थित आतंक के 21 चिन्हित अड्डों में से नौ पर औचक प्रहार होते ही 'ब्लीड इंडिया विद थाउजेंड कट्स' की सैन्य नीति को अमली जामा पहनाने के लिए पाले-पोसे गए दहशतगर्द जमात की हिफाज़त के लिए पाकिस्तान खुल कर सामने आ गया जबकि उसके कांधे पर बंदूक रखकर तुर्की और मलेशिया जैसे देश गज़्वा ए हिंद का ख्वाब पूरा करने में जुट गए और चीन एवं युरोप के कई अन्य देश भी भारत की तेज तरक्की की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के मंसूबे के तहत पाकिस्तान को मदद मुहैया कराने के लिए कमर कसने लगे।

लेकिन सच पूछा जाए तो देश के बाहरी दुश्मनों से हमें उतना खतरा नहीं है जितना घर के भीतर बैठे जयचंद की विरासत को आगे बढ़ाने वालों से है। क्योंकि सीमा पार के दुश्मनों को भरी दोपहरी खुले आसमान में चांद-तारे का दीदार कराने में हमारी सेना और आर्थिक एवं कूटनीतिक मोर्चे पर नाक रगड़ने के लिए मजबूर करने में हमारी सरकार पूरी तरह समक्ष है। लेकिन मसला है कि उनका क्या करें जो दुश्मनों द्वारा प्रेषित नैरेटिव को ऐसे परोस रहे हैं मानो उनकी नाक तभी ऊंची रहेगी जब भारत को नीचा देखना पड़े। इसके लिए वे भारत के लड़ाकू विमानों से लेकर एयर डिफेंस सिस्टम, सैन्य अड्डे और हवाई पट्टी को पाकिस्तान द्वारा ध्वस्त कर दिए जाने का सुर्रा छोड़ते हैं तो कभी पाकिस्तानी हमले में भारत के भीतर जान-माल की भारी क्षति होने की अफवाह उड़ाते हैं। कभी मुंबई हमले के बाद की तरह पहलगाम हमले के बाद गृह मंत्री को पद से हटाने की मांग करते हैं तो कभी युद्ध की स्थिति को संभालने के लिए देश में सर्वदलीय सरकार बनाने का सुझाव देते हैं। यहां तक कि कुछ तो शांति के लिए स्वाभिमान से समझौते की मांग करने से भी नहीं हिचक रहे। ऐसे में सवाल है कि जब ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारे सैन्य शौर्य से सरहद पार की जमीन लाल हो रही है तब गर्व की दीप्ति से चेहरे पर लालिमा आने के बजाय तिलमिलाहट से कुछ तत्वों का चेहरा लाल क्यों रहा है? शायद ऐसे तत्वों के लिए ही हरिओम पंवार ने लिखा है कि- 'अपने घर में कोई भी जयचंद नहीं अब छोड़ेंगे, हम गद्दारों को चुनकर दीवारों में चिन्वायेंगे।' 'जैसी नजर वैसा नजरिया।'

## उधमपुर एयर बेस पर तैनात जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर एयर बेस पर संघर्ष विराम की घोषणा से कुछ समय पहले एक पाकिस्तानी ड्रोन की चपेट में आने से एक जवान शहीद हो गया।

आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि ड्यूटी पर तैनात एक राजस्थानी जवान शनिवार को उधमपुर स्थित एयर बेस पर आर्मी एयर डिफेंस की ओर से सफलतापूर्वक रोके गए पाकिस्तानी ड्रोन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसकी मृत्यु हो गयी। उन्होंने बताया कि यह घटना भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को समाप्त करने के लिए संघर्ष विराम की घोषणा से कुछ घंटे पहले हुई।

# सहकारिता राज्यमंत्री ने छह करोड़ के १०१ विकास कार्यों का किया लोकार्पण



**मिर्जापुर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** प्रदेश सरकार के सहकारिता राज्यमंत्री जेपीएस राठौर ने क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा और ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी ने मिर्जापुर क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में स्वीकृत लगभग छह करोड के १०१ विकास कार्यों और वी पेक्स सोसायटी इकरीखेड़ा और दहेलिया के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया गया है। प्रदेश सरकार ने विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता में रखा है। मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था सहित सभी विभागों में सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने कहा सरकार ने जीरो टॉलरेंस पर काम किया है।

बोले: कभी जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र जिले में सबसे पिछड़ा क्षेत्र कहा जाता था। लेकिन आज जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में अग्रणी हो गया है। जिले से गुजरे गंगा एक्सप्रेसवे और हवाई पट्टी बनाने से देश में जलालाबाद की पहचान बनी है। भारत ने पाकिस्तान के विरुद्ध शुरू किए आपरेशन सिंदूर की सफलता से विश्व में भारत का मान बढ़ा है। विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने कहा जलालाबाद की सरजमी से सेना ने भारत-पाक युद्ध का आगाज किया है। उन्होंने ने कहा कि युद्ध में हानि लाभ की कोई गणना नहीं होती,बल्कि जीत का जुनून होना चाहिए। उन्होंने कहा भारत के वीर जवानों के गौरव से ही विश्व में भारत की पहचान है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आतंकवाद का सफ़ाया हो रहा है। कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, मिर्जापुर ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु सिंह रघुवंशी, पूर्व विधायक शरदवीर सिंह, प्रधान कौशलेंद सिंह रघुवंशी, दिलीप गुप्ता, करणी सेना जिलाध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार सिंह, जिला सहकारी बैंक के डारेक्टर वीरभान सिंह, भाजपा जिला महामंत्री एवं डीसीडीएफ के चेयरमैन रमाकांत मिश्रा सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# रामचंद्र सिंघल गौशाला के क्षेत्र में उत्कृष्ट संचालन के लिए सम्मानित



**शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत )।** रविवार को एक सम्मिट इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ में आयोजित की गई। जिसमें पूरे देश के गौ रक्षक, गौ पालक एवं किसानों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इसमें शाहजहांपुर की श्री गोपाल गौशाला के अध्यक्ष रामचंद्र सिंघल को गौशाला के क्षेत्र में उत्कृष्ट संचालन के लिए सम्मानित किया गया। गौशाला के अध्यक्ष के रूप में इनके द्वारा बिना किसी सरकारी मदद के लगभग ५५० गोवंशों का पालन पोषण बहुत अच्छे तरीके से किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में श्री गोपाल गौशाला सबसे श्रेष्ठ है। इनको मुख्य रूप से वल्लभ भाई कठेरिया अध्यक्ष राष्ट्रीय कामधेनु आयोग, लोकेंद्र प्रताप सिंह सभापति पंचायती राज समिति, श्याम बिहारी गुप्ता अध्यक्ष उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग, शतरुद्र प्रताप सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष यूथ इन एक्शन संगठन, डॉक्टर रजनी सरीन खत्री सदस्य राष्ट्रीय परिषद भाजपा एवं इंजीनियर गौरव गुप्ता ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया।

## वृद्ध की साइकिल चोरी

**निगोही।** नगर पंचायत निगोही सब्जी मंडी के निकट सरकारी सस्ते राशन की दुकान है। वृद्ध राशन लेने गया था। थाना क्षेत्र के गांव पलिया निवासी रामनाथ पुत्र स्व मोती राम सुबह ८:०० बजे साइकिल से कोटा की दुकान पर राशन लेने गया था। उसने अपनी साइकिल को सब्जी मंडी के चबूतरे से लगा कर खड़ी कर दिया और कोटा का राशन लेने चला दुकान के अन्दर चला गया। राशन लेकर लौटा तो साइकिल गायब थी। उसने काफी तलाश किया लेकिन साइकिल का कहीं अता-पता नहीं चल सका। उसने थाने पर शिक़ायती प्रार्थना पत्र लेकर साइकिल बरामद कर चोरों के विरोध कार्रवाई की जाने की मांग की।

# भाजपा सरकार ने सड़कों का जाल बिछाने का काम किया: वित्तमंत्री

## सिंधौली में रखिया बुजुर्ग में गई सड़क का वित्तमंत्री ने किया उद्घाटन



**सिंधौली( स्वतंत्र भारत )।** क्षेत्र के गांव रखिया बुजुर्ग में पीडब्लूडी व क्षेत्र पंचायत से बनाई गई सड़कों का उद्घाटन करने पहुंचे वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि देश में प्रदेश में जो भी कार्य हुआ है, वह इन्हीं ८ वर्षों में योगी मोदी सरकार के माध्यम से कराया गया है। मंच से मंत्री सुरेश को खन्ना बोले कि इस क्षेत्र में ब्लाक प्रमुख मुनेश्वर सिंह के द्वारा सड़कों का जाल बिछाने का कार्य किया है। उन्होंने यह भी कहा कि जब मुनेश्वर सिंह के पास कोई भी पद नहीं था तब भी उन्होंने हमसे आग्रह करके कठपुरा घाट, खन्नौत नदी का पुल व सड़क बनवाने को कहा था जिसका मैंने तत्काल संज्ञान लेते हुए निर्माण कराया। पुल सड़क बनने से क्षेत्र के सैकड़ो गांव का आवागमन सुलभ हुआ। उन्होंने कहा सिधौली ब्लाक प्रमुख पति मुनेश्वर सिंह हमेशा विकास के प्रति संघर्षशील रहे हैं। इनके प्रयास से ब्लाक क्षेत्र में सैकड़ो विकास के कार्य कराए गए जो की सराहनीय है। मंत्री सुरेश कुमार खन्ना बोले कि जब कभी भी चुनाव हो तब आप लोगों को ऐसे ही विकास पुरुष को बोट करना है, जो कि क्षेत्र में चौमुखी विकास कर सके और जनता को सुलभता से उपलब्ध हो सके जनता की समस्याएं उसकी प्राथमिकता हो। क्योंकि देश की जनता का जब विकास होगा तभी देश प्रदेश जनपद और गांव का विकास होगा। उन्होंने कहा कि जो काम आजादी के बाद होना था वह ७० सालों के बाद हो पाया। हमारी सरकार ने हर घर नल योजना के माध्यम से घरों में पानी पहुंचाया तो वही देश के सभी घरों में बिजली कनेक्शन देकर बल्ब भी जलवाए गांव गांव सड़कों का निर्माण करा कर देश की जनता के आवागमन में सहुलियत पहुंचने का काम किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सलोना कुशवाहा ने पहुंचकर अपनी उपलब्धियां जनता को गिनाते हुए बताया कि जब से हम विधायक बनी हू तब से क्षेत्र में दर्जनों सड़कों के निर्माण के साथ-साथ और तमाम विकास के कार्य कराए हैं। उन्होंने कहा की महिलाओं ने हमेशा इतिहास लिखा है, इसी देश में सीता माता सती अनुसुइया और झांसी की रानी जैसी तमाम महिलाओं ने देश में एक अलग पहचान स्थापित की है। उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे सांसद अरुण कुमार सागर, भाजपा जिला अध्यक्ष के सी मिश्रा, ब्लाक प्रमुख मुनेश्वर सिंह, ब्लॉक प्रमुख निगोही भानु प्रताप सिंह, अजय पाल सिंह सपौरा, सबील हसन, सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। मुनेश्वर सिंह, सुधाकर त्रिपाठी के प्रयास से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सुधाकर त्रिपाठी ने सभी का आभार जताया।

## हरदोई के युवक की सड़क हादसे में मौत

**शाहजहांपुर।** सड़क हादसे में हरदोई के २५ वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान हरदोई के गढ़ीकला निवासी दीपक राजपूत के रूप में हुई है। घटना शनिवार रात की है। दीपक अपने साले के बेटे की शादी में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहा था। उनकी पत्नी रचना मायके में ही रुक गई थी। दुदौना गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर में दीपक की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की। परिवार को सूचित किया। परिजनों ने बताया कि दीपक खेतीबाड़ी का काम करते थे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक दीपक थाना शाहबाद क्षेत्र के गढ़ीकला का रहने वाला था। उनकी ससुराल थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के पिथुरा गांव में है। हादसे की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर से निकाली गई कलश यात्रा

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** पंचमुखी हनुमान मंदिर से कलश शोभा यात्रा १:२० पर सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ ढोल नगाड़े के साथ जिला अस्पताल गेट पहुंची। वहां पर पूजन विधि विधान से किया गया। उधर युद्ध विराम भी हो गया। पूजन के बाद भंडारे का आयोजन कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। जिसमें सैकड़ो भक्तों का योगदान रहा। वही सुशील कुमार ने अपने नेतृत्व में महिलाओं को भगवा वस्त्र धारण करवाकर सर पर मटकी रखवा कर कलश यात्रा प्रारंभ की। कलश यात्रा में नृत्य करते हुए कलश यात्रा को संपन्न कराया। भंडारे का कार्यक्रम शाम ६:०० बजे तक अनन्य भक्तों ने भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। कलश यात्रा व भंडारे में योगदान देने वाले सहयोगी सुशील कुमार कश्यप, योगेंद्र मोहन त्रिवेदी, संगीता बाजपेई, नीरज बाजपेई, सावित्री शर्मा, सुषमा कश्यप, सीता गुप्ता, नेहा बाजपेई, सोनी, तारा गुप्ता, बंटी पाल, संध्या कश्यप, किरण कश्यप, रामकुमार गुप्ता, दिनेश दीक्षित, दयाशंकर मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।



# कांग्रेस ने दिया टेबल ब्रेकर एवं अंडरपास के लिए एसडीएम को ज्ञापन



**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** कांग्रेसियों ने भक्सी तिराहा स्थित हाईवे पर टेबिल ब्रेकर व अंडरपास की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी ज्ञापन सौंपा है। शुक्रवार को नगर के पूर्वी भक्सी तिराहा पर खूनी दुर्घटना हो जाने के बाद नगर भर के लोगों में शासन-प्रशाशन एवं राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण के विरुद्ध रोष देखने को मिल रहा है! इसी संबंध में कांग्रेस के अल्पसंख्यक इकाई के लोगों ने उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसील दार को दिया। इससे पहले भक्सी तिराहा पर बने बाद स्टैंड पर, नगर के वरिष्ठ कांग्रेसीजनो ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक इकाई के प्रदेश सचिव प्रोफेसर डॉक्टर जाने आलम खान के नेतृत्व में लगभग चार घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। हाईवे स्थित धरना स्थल पर उपजिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में नायव तहसीलदार मनु माथुर ने ज्ञापन लिया और आश्वाशन दिया कि इस ज्ञापन पर जल्द कार्यवाही की संभावना है। बताते चले कि उक्त कांग्रेसीजनो ने तिलहर नेशनल हाईवे (सड़क) भक्सी तिराहा पर आए दिन बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने हेतु शीघ्र ही टेबिल टाइप ब्रेकर व अंदर पास बनाए जाने के संबंध में आज तीसरी बार ज्ञापन दिया है! उन्होंने अपने इस तीसरे ज्ञापन में अब तक घटी लगभग सभी घटनाओं का जिक्र किया! इस तीसरे ज्ञापन में कांग्रेसजनों ने प्रशाशन को पंद्रह दिनों का समय दिया है तथा साथ ही चेतावनी दी कि अन्यथा की स्थिति में वे हाईवे जाम करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी अजय पाठक, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चांद अंसारी, दानिश शेख, सभासद अभिषेक, अफ़ज़ाल हुसैन, सैय्यद फ़िरोज अली, बाबर बेग, मो. इरशाद, मो. अनस अहमद, अंश शर्मा, गफ्फार अहमद, संजय शर्मा, राम सिंह, विवेक, सुभाष शुक्ला, मो. रईस, आदिल अहमद, अरशद नईम यार खान, गुड्डू खान, वाहिद, मो. फ्हीम, मो. अच्छन खान, सगीर अंसारी, कामरान खान, फैसल, लड्डू खान, मखदूम आदि मौजूद रहे।

## हादसे में मां-बेटी की मौत मामले में रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर।** हाइवे पर ट्रक की टक्कर से पत्नी व दो माह की बेटी की मौत मामले में पीड़ित पति ने ट्रक चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव कल्याण पुर ताल्लुक चमरौरा निवासी आशुतोष सिंह पुत्र जगपाल सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि ९ मई को सायं करीब सवा पांच बजे वह अपने घर से अपनी पत्नी सपना सिंह उम्र २२ वर्ष व पुत्री अनिका डेढ़ माह के साथ बाइक सं यूपी २७ बीके ०१६९ से अपनी ससुराल थाना कटरा के गांव उखली जा रहा था कि तिलहर बाईपास तिराहे के पास पहुँचकर मिठाई लेने के लिए बाइक रोकी। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक संख्या पीबी १० एचएक्स १०९१ के ड्राईवर ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसकी पत्नी व पुत्री को टक्कर मार दी। दोनो ट्रक के पहिये के नीचे आकर कुचल गयी और मौके पर दोनों की ही मौत हो गयी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

## आग से झुलसी महिला की उपचार के दौरान मौत

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** हरदोई के पलिया खुर्द गांव से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। शादी समारोह के दौरान हुए गैस सिलेंडर हादसे में झुलसी ५५ वर्षीय सुशीला की शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना २९ अप्रैल की है। सुशीला अपनी बहन की बेटी की शादी में करीमनगर गई थीं। शादी से एक दिन पहले जब मेहमानों के लिए खाना बन रहा था, तभी गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई। इस हादसे में सुशीला के साथ नत्थूलाल और ७ वर्षीय अनमोल भी बुरी तरह झुलस गए थे। हादसे के तुरंत बाद अनमोल की मौत हो गई थी। दो दिन पहले इलाज के दौरान नत्थूलाल ने भी दम तोड़ दिया। सुशीला का शाहजहांपुर में इलाज चल रहा था। उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा था। शनिवार की रात उनकी भी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे से पूरे परिवार में शोक की लहर है।

# राजीव चौक पर ट्रक व कार की भिड़ंत



**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** राजीव चौक पर ट्रक चालक ने खड़ी कार में टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर लगने से कार के परखच्चे उड़ गए। जिसमें कार चालक बाल बाल बच गया। टक्कर लगने पर राजीव चौक पर मौजूद पुलिस ने ट्रक चालक को ट्रैक समेत पकड़ लिया। कार चालक का कहना है कि कार को सड़क किनारे खड़ा करके फ्ल लेने लगा था जिसके बाद कार में आकर बैठ गया उसी समय ट्रैक ने कार में टक्कर मार दी जिस कारण कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। फ्लिहाल पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

### आधे घण्टे लगा रहा जाम

ट्रक व कार के टक्कर होने के बाद राजीव चौक पर भीषण जाम लग गया। जाम में स्कूली बच्चे समेत एम्बुलेंस करीब आधे घण्टे फँसे रहे। पुलिस ने राजीव चौक से ट्रक को हटवाया जिसके बाद क्षतिग्रस्त कार को सड़क के किनारे लगवाकर जाम को धीरे धीरे समाप्त कराया।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** नगर के एक मोहल्ले के निवासी एक युवक ने तहरीर देकर बताया कि मोहल्ला उम्मरपुर निवासी फैजान उसके पिता बब्लू पर आरोप लगाया कि ९ मई को उसकी १५ वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर कर ले गए है। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया है कि सुसंगत धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के कुल ८०१०८ वादों का निस्तारण

## जिला जज ने किया लोक अदालत का शुभारंभ, जज, अधिकारी, अधिवक्ता रहे मौजूद



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** राष्ट्रीय लोक अदालत १० मई को विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन कुल १४ पुराने वादों का निस्तारण किया गया। प्राचीनतम श्रेणी के वादो में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम प्रतिभा प्रथम द्वारा पाचॅ वर्ष पुराने ५ फौजदारी वादों सिविल जज सी.डि. एफटी.सी. कोर्ट संख्या २७ दिनेष कुमार दिवाकर द्वारा पॉच वर्ष पुराना १ वाद, परास यादव सिविल जज जू. डि. पुवायां द्वारा वर्ष २००२ वर्ष २००४ वर्ष २००६ वर्ष २०१६, वर्ष २०१९ वर्ष २०२० के ६ वाद, सिविल जज जू.डी. त्वरित न्यायालय कोर्ट सख्या. ४१ निधी माधव कुरील द्वारा वर्ष १९९६ का १ फौजदारी वाद तथा सिविल जज जू. डि. एफ्टीसी कोर्ट संख्या ३९ द्वारा पॉच वर्ष पुराने १ वाद का निस्तारण किया गया। राश्ट्रीय लोक अदालत में जिला कारागार के बंदीगण, राजकीय बालगृह; शिषु एवं बालक व राजकीय सम्प्रेक्षण गृह पिपरौला के किषोंरो द्वारा निर्मित उत्पादों की स्टॉल लगाकर प्रदर्षनी लगाई गयी। न्यायालय में विचाराधीन वादों में जनपद एवं सत्र न्यायाधीष विष्णु कुमार शर्मा द्वारा ०४ फौजदारी वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी रूपेष रंजन द्वारा मोटर यान दुर्घटना से संबंधित कुल २३ वादों का निस्तारण कर अंकन १२४१५००० रूपये प्रतिकर धनराशि के रूप में दिलाये जाने का आदेष पारित किया गया। प्रधान न्यायाधीष पारिवारिक न्यायालय सुनील कुमार श्रीवास्तव द्वारा ४० फौजदारी वाद व १४ वैवाहिक वादों का कुल ५४ वादों का निस्तारण किया गया। राश्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देषानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीष-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ओम प्रकाश मिश्र तृतीय द्वारा जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के कुल ८०१०८ वादों का निस्तारण हुआ। इसमें विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन कुल ९००९ वादो के निस्तारण उपरान्त १९९०९०५८ रूपए धनराषि का जुर्माना वसूल किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न राजस्व न्यायालयों द्वारा ६८०९१ राजस्व वादों का निस्तारण किया गया। आनलाइन चालानी से सम्बन्धित २३१० मामलों का निस्तारण कराते हुये कुल १६६५५००.रूपए षमन षुल्क वसूल किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न बैकों के लोन रिकवरी से सम्बन्धित ६९२ प्री.लिटिगेषन वादों का निस्तारण कराते हुये कुल ४९०७९८०० रुपए धनराषि के ॠण खातों का समझौता कराया गया। न्यायालय में विचाराधीन वादों में जनपद एवं सत्र न्यायाधीष विष्णु कुमार शर्मा द्वारा ०४ फौजदारी वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी द्वारा २३ वादों का निस्तारण कर अंकन १२४१५००० रूपये प्रतिकर धनराशि के रूप में दिलाये जाने का आदेष पारित किया गया। नेहा आनन्द अपर जिला जज ई.सी. एक्ट द्वारा २४८ विद्युत वादों का निस्तारण किया गया। ज्योति अग्रवाल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा २४१० आपराधिक वादों का निस्तारण करते हुये कुल २३२३५० धनराषि का जुर्माना वसूल किया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम प्रतिभा प्रथम द्वारा ५९०, अपर सिविल जज सी०डि० ए०सी०जे०एम० तृतीय सौरभ कुमार गौतम द्वारा ८९६, मनीश कुमार सिंह अपर सिविल जज सी०डि० द्वारा ७३३, अपर सिविल जज सी० डि० अवतिका प्रभाकर द्वारा ३०७, सिविल जज जू.डि. पुवायां पारस यादव द्वारा २००१, अपर सिविल जज जू० डि० तिलहर सुमित कुमार गुप्ता द्वारा ५१२, अपर सिविल जज जू० डि० तिलहर प्रदुमन सिंह द्वारा ३०५ अपर सिविल जज जू०डि० अभिषेक कुमार प्रथम द्वारा २११ वादों का निस्तारण किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अम्वेश कुमार पाण्डेय द्वारा ४३९ वादों का निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त समस्त न्यायिक अधिकारीगण ने अपने अपने न्यायालय में विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण किया गया। इसके पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा जिला एवं सत्र न्यायाधीष द्वारा रूपेष रंजन, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सुनील कुमार श्रीवास्तव, प्रधान न्यायाधीष परिवार न्यायालयए सुदीप कुमार जायसवाल अपर जिला जज- नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ मिलकर अन्य न्यायिक अधिकारीगण, बैंक अधिकारी, अधिवक्ता व कर्मचारी की उपस्थिति में मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर प्रात: १० बजे किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीष-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ओम प्रकाश मिश्र तृतीय द्वारा किया गया।

# पूर्व सैनिकों ने बच्चों में भरा जोश

## युद्ध परिस्थितियों में सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित



**शाहजहांपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता के प्रयासों से आयोजित सजगता कार्यक्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद से पूर्व हवलदार सुदेश मिश्रा ने ब्लैक आउट की जानकारी देते हुए युद्ध की स्थितियों में सजग रहने के उपायों पर विस्तार से मार्गदर्शन किया ।उन्होंने बताया गोलाबारी की स्थिति में या अन्य विषम स्थितियों में एक आम नागरिक को किस प्रकार अपने परिवार का एवं समाज का बचाव करना है। इसी क्रम में पूर्व सूबेदार मेजर रमेश दीक्षित द्वारा आज की परिस्थितियों में सोशल मीडिया का सजगता के साथ प्रयोग करने पर बल दिया गया ।साथ ही साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान में किस प्रकार की सावधानियां और बचाव रखने हैं इस पर विस्तार से चर्चा की। पूर्व एचएमटी हरिओम सिंह ने साइबर से संबंधित होने वाली विभिन्न अनैतिक गतिविधियों पर चर्चा करते हुए उनसे बचने के तरीके बताएं उन्होंने बताया कि आज की परिस्थितियों में किस तरह से सोशल मीडिया का दुरुपयोग करते हुए दुश्मनों तक जानकारियां साझा हो सकती हैं इसलिए हमें पूर्ण रूप से चौकन्ना रहना है। उन्होंने बताया की सेना पूरी दृढ़ता के साथ अपना कार्य कर रही है। एक सजग नागरिक होने के नाते हमें कौन-कौन सी स्थितियों में किस तरह से व्यवहार करना है इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद से पूर्व सूबेदार मेजर सतीश सिंह चौहान, पूर्व सूबेदार मेजर रामनिवास आर्य, पूर्व हवलदार आशीष सिंह, पूर्व हवलदार योगेंद्र त्यागी उपस्थित रहे ।इस जागरूकता अभियान में प्रियंका गोस्वामी, स्वीटी वर्मा, मयंक भूषण पांडे का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन मयंक भूषण पांडे ने किया। आभार प्रधानाध्यापक अभिषेक दीक्षित ने व्यक्त किया।

## प्राथमिक विद्यालय जमालपुर में आयोजन बच्चों एवं अभिभावकों को विस्तार पूर्वक दिया गया मार्गदर्शन

# प्रेमी के आत्महत्या करने के बाद प्रेमी ने भी जहर खाकर दी जान

## पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमिका महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्म हत्या करने से आहत होकर प्रेमी युवक ने भी जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।



नगर के मोहल्ला भक्सी निवासी ओमकार यादव ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे सुभाष यादव २० ने शनिवार दोपहर जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी ले गए। जहां से गंभीरावस्था में डॉक्टर ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां ले जाते समय रास्ते में ही सुभाष की मौत हो गई। बकौल पीड़ित पिता पड़ोस के मोहल्ले में ही एक घर में सुभाष का करीब दो साल से आना जाना था। उक्त घर की महिला से उसका प्रेम था। हाल ही में महिला ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। जिससे क्षुब्ध होकर उसके बेटे ने भी जहर खाकर आत्म हत्या जैसा आत्मघाती कदम उठाया। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि युवक के परिजन शव को घर ले गए थे। देर शाम खबर मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया हैं।

# गाड़ी की टक्कर से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**मीरानपुर कटरा-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** क्षेत्र के ग्राम कबरा हुसैनपुर में स्कॉर्पियो कार से टकराकर घायल हुए बीरमपुर गाँव के युवक ने बीती रात इलाज के लिए बरेली ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट केलिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर भेज दिया है। ग्राम बीरमपुर निवासी महेन्द्र पाल् कश्यप शुक्रवार को शाम साढ़े छः बजे ग्राम कबरा हुसैनपुर में पिपरी गाँव के तिराहे पर लगे चाट के ठेले पर चाट खा रहा था। ग्राम पिपरी की ओर से आई तेज़ रफ़्तार स्कॉर्पियो कार के चालक ने तेज़ी व लापरवाही से चलाते हुए महेन्द्र पाल् कश्यप एवँ चाट के ठेले को टक्कर मारदी।

स्कॉर्पियो कार की जबरदस्त टक्कर लगने से चाट का ठेला पलट गया और महेन्द्र पाल् कश्यप पुत्र प्रीतम लाल २७ वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्कॉर्पियो लेकर चालक मौके पर से फरार हो गया। घायल महेन्द्र पाल् कश्यप को रात में इलाज केलिये बरेली ले जा रहे थे। रास्ते में महेन्द्र पाल् कश्यप की मौत हो गई है। पुलिस ने शनिवार की प्रातः महेन्द्र पाल् के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए शाहजहांपुर भेज दिया है।

# फर्जी वीडियो वायरल करने वाले के खिलाफएफआईआर दर्ज

## शाहजहांपुर में हमला होने का फर्जी वीडियो कर दिया था वायरल

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** शाहजहांपुर में सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति ने फर्जी वीडियो वायरल किया। वीडियो में ताबड़तोड़ फायरिंग की आवाजें सुनाई दे रही थीं। वीडियो शेयर करने वाले ने दावा किया कि शाहजहांपुर में आतंकवादी हमला हुआ है। जिसके बाद वीडियो लोगों ने शेयर करना शुरु कर दिया। पुलिस ने इस वीडियो का संज्ञान लिया और जांच शुरू की। जांच में पता चला कि यह वीडियो फर्जी है और शाहजहांपुर में इस तरह का कोई हमला नही हुआ है। इसका यहां से कोई मतलब नही है। वीडियो कहीं ओर का है जिसे यहां के बताकर वायरल कर दिया गया। जोकि एकदम फर्जी वीडियो है। प्रशासन की ओर से लगातार लोगों का जागरुक किया जा रहा और चेतावनी भी दी जा रही है कि कोई भी अनर्गल सोशल मीडिया पर पोस्ट नही करेगा और कोई फर्जी पोस्ट वायरल नही करेगा, लेकिन इसके बाबजूद कुछ लोग है वह मानने को तैयार नही हैं और फर्जी वीडियो वायरल कर लोगों में भय व्याप्त करने का काम करते है। ऐसे लोगों पर प्रशासन को सख्य रवैया अपनाते हुए कठोर कार्रवाई नही चाहिए और इन लोगों के सोशल मीडिया एकाउंट पर बंद करा देने चाहिए, जिससे लोगों में संदेश जाए और अन्य लोग दोबारा ऐसा दुस्साहस करने का प्रयास न करे। हालांकि चौक कोतवाली पुलिस ने फर्जी सूचना फैलाने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे फर्जी सूचनाओं को शेयर करने से बचें। यदि कोई फर्जी वीडियो पोस्ट करता है तो उसके खिलाफकार्रवाई की जाएगी।

# आखिर क्यों नही हो पा रहा बसखेड़ा गांव में जल भराव की समस्या का समाधान

## ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों को पत्र देकर समस्या का निजात दिलाएं जाने की मांग की

**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** ग्राम पंचायत बसखेड़ा बुजुर्ग ब्लॉक मुख्यालय से महज ४ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जिसमें लगभग ४००० हजार की आबादी निवास करती है। जिसमें से कई होनहार छात्र आज देश के बड़े पदों पर तैनात हैं और कई नेता जो समाज को एक नई दिशा देने का काम करते आए हैं लेकिन दुर्भाग्य ऐसे चमकते सितारों को जन्म देने वाला गांव बसखेड़ा बुजुर्ग अपनी ही दुर्दशा पर आंसू बहाता नजर आ रहा है। बसखेड़ा बुजुर्ग के ग्रामीणों ने कई बार उच्चाधिकारियों को पत्र देकर जलभराव की समस्या को निजात दिलाने की मांग की। लेकिन किसी भी अधिकारी ने ग्रामीणों को समस्या का समाधान नही तक नही किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक तालाब है जिसमें गांव तथा बरसात का पानी जमा होता है। लेकिन इस तालाब के पानी का कोई निकास नहीं है साथ ही तालाब पूरी तरह से अतिक्रमण कर पाट दिया गया है। जिसकारण तालाब में जो पानी जमा होता है वह धीरे धीरे गांव की सड़को पर जमा हो रहा है। किसी भी मौसम में गांव की सड़के जलमग्न रहती हैं जिससे ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि स्कूली बच्चों को स्कूल पहुंचने के लिए गंदे पानी और दलदल से होकर निकलना पड़ता हैं। जिससे कई बार बच्चों के साथ दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है। बच्चे सड़को पर भरे पानी और दलदल में फिसलकर गिर जाते हैं। वही जब गांव में कोई मृत्यु हो जाती है तो मृतक को श्मशान घाट ले जाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो वर्षों से गांव की इस समस्या से जूझ रहे हैं और इन दो वर्षों में कई बार आला अधिकारियों से गांव की सड़को पर हो रहे जलभराव की समस्या से अवगत करा समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग भी कर चुके हैं। साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस में भी अधिकारियों को समस्या से अवगत करा चुके है। कई बार अधिकारियों द्वारा गांव जाकर मौका मुआयना भी किया गया लेकिन ग्रामीणों को अभी तक जलभराव की समस्या से निजात नहीं मिल सकी। इस बार सैकड़ों ग्रामीणों ने तहसील पहुंच कर उपजिलाधिकारी को समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की थी। लेकिन उन्होंने भी इस समस्या का ध्यान नही दिया। ग्रामीणों में आदित्य सिंह चौहान, धर्मेंद्र सिंह, अजय सिंह, अमर सिंह, संजीव सिंह, आलोक सिंह, मोहित सिंह, देवेश चौहान, प्रदीप सिंह, विवेक, वीरेश पाल सिंह, दुर्गेश सिंह, मनोज सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



# बरात में अपमानित होने से दिव्यांग ने फंदे से लटककर दी जान

**कटरा-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** बरात की दावत में सभी के साथ खाना खाने से मना करने और भरा बुरा कहने पर आहत होकर दिव्यांग ई-रिक्शा चालक ने पेड़ से रस्सी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। उसका मोबाइल व ई-रिक्शा पेड़ के नीचे मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव कटैइया निवासी पूरनलाल कश्यप के यहां शनिवार को उसकी बेटी की शादी थी और दावत चल रही थी। दावत में गांव के लोग एक साथ खाना खा रहे थे। गांव का दिव्यांग ई-रिक्शा चालक २८ वर्षीय नंदलाल सबके साथ बैठकर दावत खा रहा था। गांव के वीरपाल ने विरोध जताया। वीरपाल ने दिव्यांग नंदलाल को कोढ़ी बताते हुए कहा कि इन्हें सब के साथ खाना खिलाना चाहिए। आरोपी ने कहा कि इसको गांव के बाहर मडैइया में खाना खिलाना चाहिए था, जिससे गांव वालों को कुष्ठ रोग नहीं होगा। नंदलाल वीरपाल की बातों से आहत हो गया। वह दावत में खाना छोड़कर ई-रिक्शा लेकर नहर के किनारे गया। ई-रिक्शा चालक ने पेड़ में रस्सी का फंदा गले में डालकर जान दे दी। रविवार की सुबह लोगों ने उसका शव नहर के किनारे पेड़ से लटका देखा। खबर मिलने पर जोरावर परिवार के साथ गया और देखा कि उसके बेटे का शव लटका हुआ है। उसका ई-रिक्शा और मोबाइल पेड़ के नीचे था। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को उतार लिया। पुलिस लाइन से फोरेसिंक टीम पहुंची और जांच करके नमूने लिए। जोरावर ने थाना पर दी गई तहरीर आरोपी वीरपाल के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है। उसकी शादी नहीं हुई थी और तीन भाइयों मे दूसरे नंबर का था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## राजनपुर, रमापुर एवं कुंवरगंज में लगा आरोग्य मेला

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में नगर के मोहल्ला कुंवरगंज शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद पर तैनात अधीक्षक प्रभारी अनुराग गुप्ता ने बताया आरोग्य मेला में ३८ मरीज आए जिनमें १८ मरीजों की जांच करके सभी को दवा वितरण की गई। राजनपुर पीएचसी में तैनात डॉक्टर अधीक्षक प्रभारी अभिषेक जौहरी ने बताया आरोग्य मेला में ४० मरीज आए और ०६ मरीजों की जांच करके सभी को दवा वितरण की गई। रमापुर पीएचसी में किसी डॉक्टर की तैनाती न होने पर फार्मासिस्ट संजीव कुमार ने बताया आरोग्य मेला में २१ मरीज आए जिसमें ०४ मरीजों की जांच करके सभी को दबा वितरण की गई।

# बिना लाइसेंस धड़ल्ले से चल रहे आरओ प्लांट, नहीं होती जांच

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** क्षेत्र में अवैध आरओ प्लांट का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। इससे इसका असर भू-गर्भ जलस्तर पर पड़ रहा है। आरओ प्लांट की बोरिंग को लेकर कोई मानक निर्धारित नहीं है। आरओ प्लांट संचालकों की ओर से भू-गर्भ जलस्तर का मनमाना दोहन किया जा रहा है। साथ ही आरओ प्लांट के पानी की गुणवत्ता की जांच भी नहीं की जाती।

शहर की तरह क्षेत्र में भी आरओ प्लांट धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। लेकिन इनके लिए कोई नियम-कानून नहीं है। नियम-कानून को दरकिनार कर आरओ प्लांट का संचालन किया जा रहा है। आरओ प्लांट के नाम पर लोगों को कैसा पानी पिलाया जा रहा है, इसकी कोई जांच नहीं की जाती है। लोग आंख मूंद कर आरओ प्लांट के पानी का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें यह भी नहीं पता होता है कि इसकी गुणवत्ता कैसी है। यह सेहत के लिए ठीक है, या नहीं। नियमानुसार आरओ प्लांट व्यवसायियों के पास ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का लाइसेंस होना चाहिए। लेकिन धरातल पर इस नियम का पालन नहीं किया जाता। साथ ही जिले में ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का कोई कार्यालय भी नहीं होना बताया जा रहा है। स्थिति यह है कि जिन डिब्बों में भरकर आरओ प्लांट का पानी सप्लाई किया जाता है, उनकी साफ-सफाई भी कभी नहीं की जाती है। जिससे यह लोगों की सेहत के साथ खिलबाड़ किया जा रहा हैं, लेकिन लोगा बिना कुछ सोंचे समझे आरओ प्लांट से पानी ले रहे और पी रहे है। बरात आदि कार्यक्रम में ज्यादातर इसी पानी का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# यार्ड में रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**रोजा-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** उचौलिया रेलवे यार्ड में रविवार की सुबह एक युवक की ट्रेन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंच गई। रेलवे पुलिस ने शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

जनपद लखीमपुर खीरी के थाना उचौलिया रेलवे स्टेशन यार्ड के रेलवे ट्रैक पर रविवार की सुबह लोगों ने एक युवक का शव पड़ा देखा तो इसकी सूचना स्टेशन अधीक्षक को दी। स्टेशन अधीक्षक ने इसकी सूचना कन्ट्रोल रूम व जीआरपी रोजा को दी। रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़े होने की सूचना मिलते ही जीआरपी रोजा मौके पर पहुंच गई। रेलवे पुलिस ने शव की शिनाख्त करवाई तो पता चला कि युवक उचौलिया थाना क्षेत्र के गांव बख्खरपुर निवासी नरोत्तम पाल का है जिसकी उम्र करीब २८ वर्ष की है और अविवाहित है। पुलिस ने इसकी सूचना परिजनों को दे दी हैं। जीआरपी पुलिस ने बताया कि युवक की मौत किसी ट्रेन की चपेट में आकर हुई है। जीआरपी ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# प्रीमियर लीग अंडर इलेवन में जेएमबी इलेवन विजयी



**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** मारवाह मॉर्डन स्कूल में शाहजहांपुर प्रीमियर लीग अंडर १२ के फाइनल मुकाबले का आयोजन किया गया। जिसमें जेएमबी ११ ने अपने प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ कर जीत हासिल की। खुटार रोड स्थित मारवाह मॉर्डन स्कूल में आयोजित शाहजहांपुर प्रीमियर लीग जेएमबी इलेवन और प्रखर इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें प्रखर इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की, टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी के लिए ३५ ओवर में १३३ रन का टारगेट तय किया। टीम के अर्णव पटेल ने सर्वाधिक ५३ रन की पारी खेली। इसी टीम के निखिल ने ३ विकेट व काव्या ने २ विकेट हासिल किए। प्रखर ११ के दिए लक्ष्य को पूरा करने उतरी जेएमबी ११ ने महज २४ ओवर में दिए गए लक्ष्य को पूरा कर मैच में जीत हासिल की। दिव्यांश ने ६० और मनीष ने २३ रन बनाए। चौधरी क्रिकेट एकेडमी के हेड कोच अमित चौधरी ने बताया कि इस लीग का उद्देश्य जनपद से युवा प्रतिभा को बाहर निकालना है। इस लीग में आर्यन, अर्णव पटेल, उत्कर्ष शर्मा, कवि और मनीष सिंह की प्रतिभा को देखते हुए मारवाह मॉर्डन स्कूल, चौधरी क्रिकेट एकेडमी समेत कुछ अन्य लोगों ने स्पॉन्सर किया, जिसमें उनकी एकेडमी खर्च शामिल है। मारवाह मॉर्डन स्कूल के डायरेक्टर तारा सिंह व मैनेजर कमलजीत सिंह ने विजेता टीम को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अपेक्स मेम्बर आनंद पाठक, अनुज पटेल, जसविंदर सिंह सोनू समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**सिंधौली-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** क्षेत्र के गांव गोला रायपुर निवासी शरीफ पुत्र अलाउद्दीन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते मंगलवार को सिंधौली से अपनी बड़े भाई इशाक के साथ मोटर साइकिल संख्या यूपी २७ एबी ८१२९ से अपने गांव जा रहा था। जैसे ही गरबापुर पुलिया के पास पहुंचा सामने से तेज रफ़्तार लापरवाही से चलाते हुए आ रहे ट्रैक्टर, ट्रॉली के चालक ने मेरी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हम लोगों को गंभीर रूप से चोटे आई। बाइक काफी क्षतिग्रस्त हो गई ग्रामीणों के द्वारा डायल ११२ की मदद से सीएचसी सिधौली ले गए। बड़े भाई इशाक ज्यादा गंभीर रूप घायल होने के कारण डाक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया। बहा से नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने हायर सेंटर लखनऊ रेफर किया। बहा इलाज के दौरान इशाक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# जमीनी विवाद में घर मे घुसकर मां-बेटे से मारपीट

**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** जमीनी विवाद के चलते कुछ लोगों ने घर में घुसकर मां बेटे को लाठी डंडों से पीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने क्षेत्राधिकार से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुवायां थाना क्षेत्र के गांव बद्रीपुर हदीरा निवासी रामादेवी पत्नी सुरेश ने क्षेत्राधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उसके जेठ राकेश का मकान के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। बीती रात परिवार के कुछ लोग दरवाजा तोड़कर उसके घर में घुस आए और महिला उसके बेटे गौरव को लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। उक्त घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित महिला ने क्षेत्राधिकारी से मिलकर शिकायती पत्र देते हुए उक्त लोगों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है।

# चौराहे-तिराहों पर खुले मेनहोल के ढक्कन दे रहे हादसों को दावत

## सीवर के मेनहोल ढक्कन इतने कमजोर, वाहनों का दबाव नहीं पा रहे झेल



**कवि तिराहा नगर निगम के पास कई माह से रोड के बीचोंबीच खुला गड्ढा**

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** एक तो महानगर ऊपर शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का तमगा उसके बाबजूद नगर निगम की व्यवस्थाएं छोटे कस्बों से भी खराब हो रखी है। जिस कारण सड़कों पर चलना भी खतरों भरा हो रखा है। पहले तो शहरवासियों को सीवर लाइन की खुदाई के कामकाज ने खूब रुलाया और अब जहां तहां खुले सीवर के ढक्कन व मेनहोल वाहन चालकों व रहगीरों को हादसों की दावत दे रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार निगम प्रशासन द्वारा जानकर भी उक्त समस्याओं को अंजान किया जा रहा है। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। सबसे गौर करने वाली बात यह है कि जिस नगर निगम से पूरे शहर के विकास व कायाकल्प की गंगा बहती हो और उस निगम के चंद कदमों की दूरी पर स्थित कवि तिराहा पर कई माह से सड़क के बीचोबीच बड़ा से होल खुला पड़ा हुआ। उसके आसपास सीमेंटेड खंभे रख दिए गए, जिससे कि लोग बचकर निकले। दिन मे तो लोग बच बचाकर सफर तय कर लेते है, लेकिन रात के समय यह होल कभी भी किसी के लिए हादसे का कारण बन सकता है। दूसरा बड़ा मेनहोल बहादुरगंज पचराहा पर पुलिया के बीच में खुला पड़ा हुआ है। जिससे निकलने वाले स्कूली बच्चे, बाजारों में आने वाले रहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां भी कभी कोई घटना घटित हो सकती है। यह वो शहर के मुख्य चौराहा-तिराहा है, जहां से हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता है, खास बात यह है कि यहां से अधिकारियों की भी गाड़ियां निकलती है, उसके बाबजूद जिम्मेदार अफसर जान कर भी अंजान बने बैठे हुए हैं। इसके अतिरिक्त शहर के मोहल्ले में सीवर लाइन के मुख्य होल के ढक्कन इतने कमजोर रखे गए, जोकि वाहनों का दबाब नहीं झेल पा रहे हैं। आए दिन ढक्कन टूट रहे हैं। जिनसे निकलने वाले लोगों को दिक्कतें हो रही है।

# एडवाइजरी: गन्ना फसल को सुरक्षित रखने को पाइरिला अंडे नष्ट करिए

## गन्ना में पाइरिला पर्पुसिला प्रकोप से सुरक्षित रखने को बरते सावधानियां, कीटों के लगने से गन्ना उपज व चीनी की रिकवरी में २-३ प्रतिशत तक कमी आती

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** जनपद के गन्ना किसानों की गन्ना फसल कैसे कीटों व अन्य प्रकोप जैसे पाइरिला पर्पुसिला से बचाव व सुरक्षित रखने को जिला कृषि रक्षा आफिस की ओर से एडवाइजरी जारी की गई। जिसमें गन्ना में पाइरिला पर्पुसिला का प्रकोप से बचाव एवं प्रबंधन के लिए बताया गया है। बता दें कि पाइरिला पर्पुसिला कीट गन्ने के विनाशकारी कीटों में से एक है। भारत के अन्य प्रदेशों की तुलना में बिहार, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब और मध्य प्रदेश में इसका प्रकोप अधिक रहता है। भारतीय चीनी उद्योग के लिए एक खतरा है और एक गंभीर कीट है, जोकि उचित प्रबंधन न होने पर गन्ने की उपज में ३१.६ प्रतिशत तक कमी और चीनी की रिकवरी में भी २-३ प्रतिशत तक की कमी का कारण बनता है। मादा पाइरिला दिन के समय पत्तियों की मध्य शिरा के साथ-साथ पीछे की सतह पर अंडे देती है। यह अंडे देने के लिए मध्य शिरा के पास पत्तियों के निचले, छायादार और छिपे हुए हिस्से का पसंद करती है। नये उभरे निम्फ ०.८.१.० मिमी लंबे दूधिया सफेद रंग के होते हैं और वयस्क बनने के लिए पांच इनस्टार से गुजरते हैं, जिनमें से प्रत्येक ७-४१ दिनों का होता है और अधिकतम कुल निम्फ अवधि १३४ दिन होती है। निम्फ विकास के लिए अनुकूल तापमान ३० डिग्री सेल्सियस एवं सापेक्षिक आर्द्रता ८० प्रतिशत होती है। वही एडवाइजरी में यह भी साफकिया गया है कि पाइरिला एक हल्के पीले रंग का मुलायम शरीर वाला कीट है। जिसका सिर आगे की ओर झुका होता है। इसका वयस्क का जीवनकाल १४-२०० दिनों का होता है और मादाएं नर की तुलना में थोड़ी अधिक अवधि तक जीवित रहती है। इस प्रकोप के लक्षण आदि को समय रहते पहचान कर बचाव की जरूरत है।

**इससे होने वाली क्षति:** कीट पत्तियों पर हनीड्यू का श्राव करता है, जो ब्लैक मोल्ड नामक सैप्रोफाइटिक कवक के विकास के लिए एक अच्छा माध्यम बन जाता है। पत्तियों की प्रकाश संश्लेषण की क्रिया बाधित होती है। फलस्वरूप गन्ने में सुक्रोज २-३४ प्रतिशत तक कम कर देता है। गन्ने में ग्लूकोज की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे गुड़ बनाने में प्रयोग करने पर गुड़ गीला हो जाता है, जो ठीक से जम नहीं पाता है। गन्ने की वृद्धि के दौरान प्रारंभिक संक्रमण से उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जबकि सितंबर के बाद देर से होने वाला संक्रमण मुख्य रूप से खेत में गन्ने की सुक्रोज सामग्री को प्रभावित करता है।

**कीट से बचाव व प्रबंधन:** :रोपण से पहले सेट्स को क्लोरापाइरीफॉस २० ईसी का २ मिली व लीटर पानी की दर से घोल में डुबोकर बुवाई करना चाहिए।

रैटून फसल लेने से बचना चाहिए।

कीटों की निगरानी एवं उनके संख्या के आंकलन के लिए १ लाईट ट्रैप व ५ एकड़ की दर से शाम ६ बजे से रात १० बजे तक लगाना प्रभावकारी होता है।

पाइरिला के तेजी से गुणन और आगे प्रसार को रोकने को नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों का विवेकपूर्ण प्रयोग करना चाहिए ।

पाइरिला के अंडे को इकट्ठा कर नष्ट कर देना चाहिए।

३-५ पाइरिला प्रति पत्ती दिखाई देने पर प्रति एकड़ ४०००-५००० कोकून या एपिरिकेनिया मेलानोल्यूका के ४ से ५ लाख अंडे छोड़ना चाहिए।

मेटारिजियम एनिसोप्लिया १०७ स्पोर व मिली की दर से पर्णीय छिड़काव करना चाहिए।

३-५ कीट व पत्ती या प्रति पत्ती एक अंडा दिखाई देने पर क्लोरपाइरीफॉस २० प्रतिशत ईसी १५०० मिली एवं हेक्टेअर अथवा क्यूनालफॉस २५ प्रतिशत ईसी १२०० मिली व हेक्टेयर की दर से छिड़काव करना चाहिए।

# कार पेड़ से टकराई वृद्धा की मौत, छह घायल

## रविवार सुबह साढ़े पांच बजे के करीब खुटार मैलानी रोड पर बाबा चौराहे से पहले हुआ हादसा

**खुटार( स्वतंत्र भारत )।** तेज रफ्तार से आ रही एक ओमनी कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। जिससे कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। खबर लगते ही पुलिस और १०८ एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार लाया गया। जहां डॉक्टर ने एक वयोवृद्धा को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों का उपचार करने के बाद गंभीर रूप से घायल कार चालक समेत तीन लोगों को लखीमपुर खीरी के जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

लखीमपुर खीरी जनपद के थाना निघासन के गांव लुधौरी रहने वाली १०० वर्षीय विद्या देवी पत्नी चेतराम व ७० वर्षीय फूला देवी पत्नी पच्चू लाल कुछ दिन पहले घर मे गिर गई थी। जिससे विद्या देवी व फूला देवी के कूल्हे मे काफी चोट आई थी।





परिजन दोनो लोगो का इलाज पीलीभीत जनपद के थाना पूरनपुर

### लुधौरी निघासन से पीलीभीत पूरनपुर लेने जा रहे थे कार सवार सभी लोग हादसे मे घायल कार चालक समेत तीन लोगों को लखीमपुर किया गया रेफर

के सबलापुर मे रहने वाले एक वैद्य के पास करवा रहे थे। रविवार सुबह तड़के विद्या देवी अपने बेटे ६५ वर्षीय रामखिलावन व फूला देवी अपनी बहू ३५ वर्षीय कविता देवी पत्नी सुरेश कुमार, एवं ७ वर्षीय पोता आयुष पुत्र सुरेश तथा गांव निवासी ५० वर्षीय असलम पुत्र महमूद के साथ एक ओमनी कार से पूरनपुर के गांव सबलापुर के लिए निकले थे। कार गांव मे ही रहने वाले ३९ वर्षीय अलीमुद्दीन पुत्र फखरुद्दीन चला रहे थे। सुबह साढे पांच बजे के करीब जब यह लोग खुटार मैलानी रोड पर बाबा चौराहे के कुछ आगे पहुंचे। तभी कार अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। कार की पेड से जोरदार टक्कर होने की वजह से उसमें सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। जिससे आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग दौड़कर आ गए और उन्होंने सभी लोगों को बाहर निकालने के साथ ही मामले की सूचना पुलिस और १०८ एंबुलेंस को दी। खबर लगते ही प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार रावत और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने विद्या देवी को देखते ही मृत्यु घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर घायल फुला देवी, अलीमुद्दीन और कविता को लखीमपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की खबर लगते ही मृतक का विद्या देवी के परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं। घटना से परिवार मे कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को कब्जे मे लेकर थाने पर खडा करा दिया है। वहीं मृतका के शव को कब्जे ने लेकर पीएम के लिए भिजवा दिया है। विद्या देवी की मौत से बेटे रामखिलावन, चुन्ना, राविंद्र, देशराज व बेटी सीता का रो रोकर बुरा हाल है।

### इलाज के आभाव मे घंटो तड़पते रहे घायल

**खुटार।** ओमनी कार के पेड से टकराने से उसमे सवार लोगो के घायल होने की सूचना पर पहुंची १०८ एंबुलेंस की दो गाडिया सभी घायलो को सीएचसी पर लेकर सुबह साढे छह बजे पहुंच गई थी। लेकिन वहीं पर काफी देर तक स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ नहीं पहुंचा था। काफी प्रयास के बाद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विपिन कुमार और फार्मासिस्ट वर्मा मौके पर पहुंचे। लेकिन घायलो की संख्या अधिक होने की बजह से अकेले फार्मासिस्ट नाकाफी थे। जिसके बाद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विपिन ने भी फार्मासिस्ट का हाथ बटाते हुए घायलो का उपचार शुरु किया। इस दौरान इलाज के आभाव मे घायल दर्द से चीखते चिल्लाते रहे।

# सोशल मीडिया संस्था ने मदर्स-डे पर किया वृक्षारोपण

**शाहजहांपुर।** मदर्स डे पर राष्ट्रीय सोशल मीडिया संघ ने एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण व पर्यावरण संरक्षण पर जिम्मेदारी साझा किया गया। कार्यक्रम एहसान शाह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कहा गया कि मां और प्रकृति नि:स्वार्थ प्रेम की प्रतीक हैं। इसलिए दोनों की फिक्र जरूरी है। धरती मां को हरा-भरा बनाने के लिए एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं। कस्बे के थाना स्थित प्रांगण में थानाध्यक्ष ओमप्रकाश, अध्यक्ष अमित वाजपेयी, संस्था के पदाधिकारियों के साथ मिलकर फलदार व छायादार पौधरोपण किया गया। पौधरोपण करने के बाद सभी ने संकल्प लिया कि पौधा को बड़ा होने तक इसका देखभाल अवश्य करेंगे। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि मां का प्यार हमें जीवन के हर मोड़ पर संबल और साहस देता है,जबकि पेड़ की छांव हमें शांति और ठंडक का अहसास कराती है। एक पेड़ की छांव हमें धूप और गर्मी से बचाती है, वैसे ही माँ का स्नेह हमें मुश्किल घड़ी में ढाल की तरह संभालता है। जब हम एक पेड़ लगाते हैं, तो हम अपने पर्यावरण और अपने परिवार की भलाई के लिए निवेश कर रहे होते हैं। इस पहल से हम माँ के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट कर सकते हैं। अमित वाजपेयी ने कहा कि सभी मिलकर अपने आसपास के क्षेत्र को हरा-भरा बनाएं। प्रकृति का संरक्षण हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। अपनी माँ के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं और अपने आसपास के पड़ोस के लोगों को भी जागरूक करते हुए पौधारोपण करें और बड़ा होने तक देखभाल जरूर करें ताकि पर्यावरण संरक्षण हो सके। एहसान शाह ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा जिम्मेदारी को लेकर सभी को पौधरोपण की अहमियत का एहसास होना चाहिए। प्रकृति के प्रति अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाएं। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान महा सचिव श्याम सुंदर शुक्ला, नगर अध्यक्ष ध्रुव सिंह कुशवाहा, मोहम्मद अली, चंद्रमोहन, विचित्र वीर सिंह, सहित अन्य उपस्थित रहें। वही प्रदेश अध्यक्ष एहसान शाह के जन्मदिन पर सभी ने उन्हे बधाई दी साथ लगातार वृक्षारोपण अभियान को इसी तरह गांव गांव बढाने का संकल्प लिया।

# तिलक समारोह की अगली रात घर में चोरी से मचा हड़कंप

**रोजा-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** तिलक समारोह की रात मकान में चोरी से हड़कंप मच गया। मकान में आए सभी रिश्तेदार सोते रह गए। इसी बीच महिला के जेवर सहित दस हजार रूपये कीनगद आदि गायब हो गए। सुबह जब सभी जागे तो लोगों की चीजें गायब थी। चोरी की सूचना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। क्षेत्र के जमुही गांव में शुक्रवार की रात कल्लू के यहां तिलक समारोह था। सभी रिश्तेनाते दार आए हुए थे। सब कुछ सही सलामत निपट गया। बताते है शनिवार रात सभी लोग घर में गहरी नींद में सो गए। सुबह जब उठे तो एक महिला के पैरों से पायल गायब थी। वही एक मांग टीका, एक बेसन, एक जोड़ी झाले भी नहीं थे। घर में अलग रखे दस हजार रुपए नगद भी गायब हो गई। कल्लू ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। वही समारोह में आए तमाम रिश्तेदारों और महिलाओं से पूछताछ को जा रही है। रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया इस संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस को सूचना मिली थी। जांच पड़ताल की जा रही है।

# पुलिस टीम पर हमला, सिपाही गंभीर रूप से घायल, रेफर

## ईसापुर गांव में दबिश देने गए थे पुलिसकर्मी

**निगोही( स्वतंत्र भारत )।** गांव ईसापुर में दबिश देने निगोही थाने के कुछ सिपाही गए हुए थे। जहां पर पुलिस ने कुछ लोगों को पकड़ा था, लेकिन इसी बीच ग्रामीणों ने पुलिसकर्मी को पकड़ लिया। सूत्रों के मानें तो पुलिस पर हमला कर दिया, जिससे एक सिपाही गंभीर रुप से घायल हो गया। बताया तो यहां तक जा रहा है कि सिपाही की आंख में गंभीर चोट पहुंची है, जिसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी कुछ भी बताने को तैयार नही है। निगोही का गांव ईसापुर पर अवैध शराब, चोरी के मामले में मसहूर है। यहां पर बड़े पैमाने पर शराब की विक्री की जाती हैं, हर किसी को मालूम होने के बाद भी कोई आज तक इसपर रोक नही लगा सका। बताया जा रहा है कि निगोही थाने के सिपाही ईसापुर गांव दबिश देने गए थे। जहां पर उन्होंने कुछ युवकों को पकड़ा, तो वहां के ग्रामीणों ने सिपाही को पकड़ लिया और हमला कर दिया, जिससे गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर थाने की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गयी और सिपाही कर्मवीर को सीएचसी फिर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। सिपाही कर्मवीर की आंख में गंभीर चोट आई है। जिसकी हालत गंभीर बनी हुई। बतादें कि ईसापुर गांव के ग्रामीण कई बार पुलिसकर्मियों पर हमला कर चुके है और उन्हें चोटिल कर चुके हैं हालांकि पुलिस की ओंर से भी कई बार कईबार की गई लेकिन ईसापुर गांव में अवैध कार्य रुकने का नाम नही ले रहे है। थाना प्रभारी ने बताया वह घटना स्थल पर जा रहे हैं, क्या हुआ है उन्हें जानकारी नही है।

### आखिर किसके चहेते है अधीक्षण अभियंता, नेताओं के साथ मंच साझा का फोटो वायरल

**शाहजहांपुर।** अधीक्षण अभियंता जेपी वर्मा को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट पर विद्युत निगम के एमडी ने अगर सस्पेंड किया था तो मंत्री व सांसद के साथ मंच साझा उनका फोटो वायरल हुआ है। मिश्रीपुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा अनावरण समारोह का आयोजन किया गया था इस दौरान कथित निलंवित अधीक्षण अभियंता मंत्री, सांसद व अधिकारियों के साथ कार्यक्रम में मंच पर बैठे नजर आये। मंत्री, विधायक और अधिकारों का बैच लगाकर जिस तरीके से सम्मान किया गया ठीक उसी तरीके से सस्पेंड अधीक्षण अभियंता का भी बैच लगाकर सम्मान किया गया। लोग असमंजस में प? गए कि अगर सस्पेंड हो गए है तो मंच पर आसीन नही होते इससे ऐसा लगता है कि डीएम की रिपोर्ट कोई खास मायने नही रखती है। अधीक्षण अभियंता जेपी वर्मा शाहजहांपुर से नहीं जाना चाहते हैं जिससे वर्मा जी नेताओ की परिक्रमा में लगे है।

# फांसी का फंदा लगाकर युवक ने की खुदकुशी

**खुटार ( स्वतंत्र भारत )।** पुवायां रोड स्थित एक गांव में घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर एक युवक ने खुदकुशी कर ली है। परिजनों ने युवक का अंतिम संस्कार कर दिया है। क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक (२५) शादी पार्टियों में गाड़ी चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था। शनिवार को युवक एक शादी समारोह में गाड़ी बुकिंग पर लेकर गया था। रात किसी समय युवक वापस घर लौटा तो पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इससे वह अपने कमरे में चला गया और उसकी पत्नी दूसरे कमरे में सोने चली गई। रात को ही घर के कमरे में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह उसकी पत्नी सोकर उठी। तो कमरे में देखने पर पता चल सका कि पति फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। शोर मचाने पर अन्य परिवार के सदस्य दौड़कर पहुंच गए। इससे घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी। बाद में परिजनों ने युवक का अंतिम संस्कार कर दिया है। घटना को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही है।

# पाकिस्तान को नेस्तानाबूद करकर ही दम लेंगे : अर्चना

## महिला कांग्रेस ने भारतीय सेवा के शौर्य को किया नमन

**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा व उत्तर प्रदेश पश्चिमी जोन प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के निर्देश पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि के नेतृत्व में भा रतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पहलगाम आतंकी हमले का पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय सेना के शौर्य व हमले में शहीद भारतीयों के लिए पार्टी कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल से एक तिरंगा यात्रा गांधी भवन स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तक निकाली गई। और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इससे पूर्व पार्टी कार्यालय पर हुई बैठक में जिलाध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने हमारी बहनों के सुहाग को बड़ी बेरहमी से उजाड़ दिया। लेकिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में सभी पार्टियों ने एकजुट होकर केंद्र सरकार से पहलगाम आतंकी हमले का कड़ा जवाब देने की मांग की जिस पर भारतीय सेना की दो जाबाज़ बहनों कर्नल सोफिया कुरैशी,विंग कमांडर व्योमिका सिंह के नेतृत्व पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर लगातार जवाबी कार्रवाई की गई। इस बीच भारत ने पाकिस्तान की गुहार पर बड़ा दिल दिखाते हुए युद्धविराम किया है। यदि अब पाकिस्तान द्वारा कई नापाक हरकत की गई तो पाकिस्तान को नुस्तानाबूद करकर ही दम लेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से! समा गौतम, शाईना खातून, संजना ,रूबी खान, बेबी ,नसीम जहां ,रीना,तबस्सुम ,शगुफ्ता , शबनम, निशा ,पूजा, रुबीना, बबली, बिठौली देवी ,निखत जहां, सोनी, किरन ,सुमन आदि लोग मौजूद रहे




# बिजली खंभे से टकराकर बाइक सवार की मौत

**सेहरामऊ/भावलखेड़ा।** शादी समारोह में शामिल होने गया युवक अपने घर वापस जाने के दौरान रोड किनारे लगे विद्युत पोल से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थाना शाहाबाद क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी निवासी दीपक पुत्र सुरेश लगभग ३० वर्ष शादी समारोह में शामिल होने अपनी ससुराल गांव पथराकक्ष गया था शादी समारोह से वापस शाहाबाद जाने के दौरान साहिबगंज के पास युवक की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर रोड किनारे लगे बिजली पोल से टकरा गई जिसके चलते युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। देर रात घटना घटित होने से युवक का इलाज समय से नहीं हो पाया परिणाम स्वरुप युवक की मौत हो गई सुबह सूचना पर पहुंची सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस ने शव का पंचनामभर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वहीं थाना क्षेत्र के पसगवां गांव के पास एक युवक का शव बरामद हुआ है। शव की पहचान अभी नहीं हो पाई है। शव को जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

# कृपाल आश्रम में मोतियाबिंद नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

**शाहजहांपुर।** साबन कृपाल रुहानी मिशन के तत्वाधान में कृपाल आश्रम में मोतियाबिंद नेत्र शिविर का आयोजन किया गया । डॉक्टर पीनल की अध्यक्षा में शंकरा आई हॉस्पिटल कानपुर से शबीना सोनम राममोहन के साथ एक टीम शाहजहांपुर पहुंची जिसका आश्रम के अध्यक्ष गिरीश चंद्र गुप्ता उपाध्यक्ष हरपाल अग्रवाल सिक्रेटरी डॉक्टर कैलाश चंद्र रस्तोगी जी तथा रामकुमार मौर्य एवं अनिल अग्रवाल ने टीम का स्वागत किया । डॉक्टर कैलाश चंद्र रस्तोगी ने कहा सावन कृपाल रूहानी मिशन परम संत राजिंदर सिंह जी महाराज की दया मेहर से सदैव सेवा के तत्पर रहता है ।इसी कड़ी में २८ वा निशुल्क मोतियाबिंद नेत्र शिविर का आयोजन किया गया ।उन्होंने यह भी बताया बताया कि नेत्रों के बिना जीवन अधूरा हे। इस अवसर पर डॉ दिनेश चन्द्र सक्सेना नरेंद्र कौर ,गौरी शंकर , प्रदीप कुमार गुप्ता ,प्रेम सेठी ,नीतू वर्मा ,सोनू मेहता ,सुशील रस्तोगी ,राम आसरे प्रजापति, महेश, हिमानी मेहता , विद्यावती ,अनीता सेठी, रामप्रसाद, हिमांशु ,लक्ष्मी, कुसुम शर्मा हर नंदी ,सुख रानी, निर्मल कौर ,सावित्री, प्रीति शर्मा ,सरिता भारद्वाज, माधुरी गीता देवी ,सुमन, शीतला, संगीत तिवारी, राम अवतार, ओम प्रकाश मौर्य, रश्मि, विश्व मोहिनी आदि।




# नरई फूंकने से ७ बीघा गन्ना जला, हजारों का नुकसान

**खुटार( स्वतंत्र भारत )।** खेत मे खडी नरई फूंकने के दौरान पडोस के खेत मे खडा गन्ना धूं धूंकर जल उठा। जिससे हजारो रुपये का गन्ना जलकर राख हो गया। खेत मालिक ने नरई जलाने वाले के खिलाफतहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। क्षेत्र के गांव बेला मे रहने वाले सुबोध कुमार ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि शनिवार को शाम एक बजे के करीब पास के गांव निवासी एक किसान ने अपने खेत में गेहूं की नरई में आग फूंकी थी। तेज हवा के चलते कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और आग उसके गन्ने के खेत में पहुंच गई। जिसके बाद देखते ही देखते खेत में खड़ी गन्ना की पौध धूं धूंकर जलने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने एक बीघा गन्ना जोत दिया और बमुश्किल आग पर काबू पाया। तब तक सुबोध कुमार का पांच बीघा गन्ना व फूलचंद्र का एक बीघा गन्ना जल गया। सुबोध कुमार ने बताया कि आग में उसका करीब पचास हजार का करीब नुकसान हुआ है। सुबोध कुमार ने तहरीर देकर नरई जलाने वाले किसान पर करवाई व नुकसान के मुआवजा की मांग की है। थानाध्यक्ष आर के रावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# नुमाइश प्रदर्शनी की प्रशासन ने अनुमति रोकी

## ओसीएफके रामलीला मैदान में बड़े स्तर पर नुमाइश मेले के आयोजन की चल रही थी तैयारी

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** भारत पाकिस्तान के बीच चल रहे टकराव में नुमाइश के मेले पर संकट के बादल मंडराने लगे है। नुमाइश के शुभारंभ के लिए कार्यक्रम भी जारी हो गया, शुभारंभ के निमंत्रण कार्ड भी बटने लगे थे कि अचानक कैंट क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से आर्मी ने संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन से की बात, इसके बाद जिला प्रशासन ने नुमाइश की अनुमति को रोक दिया है। दरअसल भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे आपरेशन सिंदूर के चलते आर्मी ने छावनी क्षेत्र में लगने जा रही नुमाइश को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से जिला प्रशासन से वार्ता की है। आपरेशन सिंदूर के चलते पूरे देश में ब्लैक आउट से लेकर हमले के दौरान बचाव के अभ्यास को लेकर मॉकड्रिल कराया गया था, तब ऐसे में बड़े स्तर पर नुमाइश के मेले के आयोजन से सुरक्षा में बड़ी चूक होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। नुमाइश मेले में हजारों की भीड़ और बड़ी संख्या में रोशनी का प्रबंधन इस वक्त काफी गंभीर है ऐसे में जिला प्रशासन ने अनुमति को रोक दिया है। प्रशासनिक अधिकारी ने बताया है कि अभी अनुमति को रोक दिया गया है।

# किड जोन स्कूल में हुआ मदर्स डे का आयोजन

## मदर्स संग किया बच्चों ने खूब एंजॉय

**शाहजहांपुर।** किड जोन इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे मनाया गया जिसमें विधायक प्रांगण में सभी मदर्स उपस्थित हुई प्रधानाचार्या मंतशा सिद्दीकी ने सबका स्वागत किया तथा बच्चों ने मम्मियों के लिए भोली भाली मेरी मां गाने पर दी एक प्यारी सी जिसे देख सबके मन मोहित हो उठे तथा बच्चों ने मम्मियों के लिए शिक्षिकाओं के साथ बनाए हुए कार्ड्स भी उन्हें गिफ्ट किए जिसे पाकर मम्मियों के चेहरे पर मुस्कान खिल उठी। इसके पश्चात फन गेम्स आदि शुरू हुए, जिसमें बिंदी गेम, डाम शरदस, टास्क गेम, तथा म्यूजिकल चेयर जैसे खेल माओ को खिलाए गए, जिसमें सबने खूब एंजॉय किया और गिफ्ट्स भी जीते, रैंप वॉक में शैला, नेहा मिश्रा, तथा अमिता आदि विनर रही। अंत में सभी मम्मियों ने केक कट करके मोटर्स डे मनाया और एक दूसरे को इस दिन की बधाई देकर कार्यकर्म समाप्त हुआ। कार्यक्रम का आयोजित करने तथा सफल बनाने में शाजिया खान, नैंसी मिश्रा, उजमा खान तथा दिव्या मिश्रा आदि शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




# हाईवे व सड़कों पर जाम लगने के लिए जिम्मेदार कौन

## नियम कानून ताक पर मनमानी से चल रहा काम

**जलालाबाद-शाहजहाँपुर ( स्वतंत्र भारत )।** प्रशासनिक अधिकारियों के सख्त निर्देशों के बाद भी व्यापारियों ने सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण करने का कार्य अभी बंद नहीं किया है यथा स्थिति व्यापारी सड़क पर अतिक्रमण कर रहे हैं कई बार प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया और सख्त निर्देश दिए लेकिन प्रशासन के इन निर्देशों का व्यापारियों पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है अस्थाई अतिक्रमण से आए दिन जाम से जूझना पड़ता है। सदर बाजार को अगर छोड़ दें तो अब हाईवे भी गंभीर अतिक्रमण की चपेट में आ चुका है।

अतिक्रमण कार्यों के नगर में हौंसले इतने बुलंद हैं कि बरेली फर्रुखाबाद हाईवे पर मोरंग और बजरी के ट्रक उतारे जाते हैं और सड़क पर ही पड़ी रह कर धीरे धीरे बिकती रहती है जाम की स्थिति उत्पन्न होती है कभी भी किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। फर्रुखाबाद-बरेली मार्ग पर एसडीएम दुर्गेश यादव द्वारा राजस्व और नगर पालिका एवं पुलिस के संयुक्त टीमों द्वारा अतिक्रमणकारियों को कई बार खदेड़ा गया लेकिन उनकी सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ता। गुनारा मोड़ पर हाई-वे पर एक व्यापारी द्वारा मोरिंग और बजरी के ट्रक उतारे जा रहे हैं लोहे के सरिया भरे ट्रक भी यहीं उतारे जाते हैं मोरंग-बजरी हाईवे पर रखकर बेची जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों को इसका संज्ञान लेना आवश्यक हो गया है क्योंकि यह नागरिकों की सुरक्षा का सवाल है और घटना व दुर्घटना की संभावना के दृष्टिगत मामूली रूप से अतिक्रमण हटाए जाने का क्रम तो चलता ही रहता है लेकिन अब अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है।

वहीं दूसरी ओर फल विक्रेताओं की आड़त पर प्रात: छोटे-बड़े वाहन हाईवे पर आड़े तिरछे खड़े होने से व फल उतरने से जाम लग जाता है भारी वाहन इस जाम में फंसे रहते हैं यहां भी किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। हाईवे के किनारे लगी लोहे के पाइप की जाली को लोगों ने उखाड़ दिया है व नाले पर भी अतिक्रमण कर लिया गया है। नियम तो यह है कि व्यापारियों को अपना सामान नाले के पीछे रखकर बेचना चाहिए लेकिन वह लोग नाला पार करके हाईवे पर सामग्री रखकर बेच रहे हैं जिससे जाम लग रहा है।



# खेत की रखवाली कर रहे युवक को तेंदुए ने किया घायल



● गांव में दहशत का माहौल

**खमरिया। स्वतंत्र भारत**

ईसानगर क्षेत्र के कस्बा खमरिया के पड़ोसी गांव मटरिया में रविवार को गांव के पड़ोस में स्थित मक्के के खेत की रखवाली कर रहे 35 वर्षीय युवक को तेंदुए ने पीछे से हमला कर घायल कर दिया। जिसकी चीख सुनकर आस पड़ोस के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने फावड़े व डंडे लेकर शोर मचाया तो तेंदुआ दूसरे खेतों में जाकर छिप गये। अचानक आबादी की तरफ आये तेंदुए को लेकर गांव में दहशत का महौल बना हुआ है। वही घटना की जानकारी पाकर वन विभाग की टीम जांच के लिए गांव निकल चुकी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को कस्बा खमरिया के पड़ोसी गांव मटरिया में गांव के पूरब कुछ दूरी पर स्थित मक्के के खेत मे फसल की रखवाली कर रहे शहजाद (35) पुत्र नजरूल पर तेंदुए ने हमला कर दिया। जिसकी चीख सुनकर आस पड़ोस के खेतों में काम कर रहे तौकीर, अयूब, रामबालक, भजनू, बकरीदी आदि फावड़ा व डंडे लेकर शोर मचाते हुए तेंदुए की तरफ दौड़ गये,जिनको देख तेंदुआ सहजाद को छोड़ पड़ोस के खेतों में जाकर छिप गया। वही घटना की जानकारी ग्रामीणों ने डिप्टी रेंजर को दी तो उन्होंने कुछ देर में फारेस्ट की टीम मौके पर भेजने का अस्वासन देकर लोगों से सावधानी बरतने को कहा। वही इस बाबत गांव के पप्पू ने बताया कि घायल शहजाद का इलाज निजी डॉक्टर के यहाँ करवाया जा रहा है,तेंदुआ एक नही दो थे। जिसमें एक छोटा है,घटना के बाद से गांव के लोगों में दहशत बनी हुई है।

# तिलक समारोह में दूल्हे की हर्ष फायरिंग से ग्रामीण की मौत







● तमंचा लोड करते समय चली गोली

● शव को अस्पताल में छोड़कर भागा युवक

**बिजुआ खीरी। स्वतंत्र भारत**

भीरा थाना क्षेत्र के ब्लॉक बिजुआ स्थित जोधपुर गांव में एक युवक की हर्ष फायरिंग से मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जोधपुर गांव निवासी 50 वर्षीय हरकरण सिंह के रूप में हुई है। वह शनिवार देर रात एक तिलक समारोह में शामिल होने गया था। वही पर परिजनों के अनुसार उसकी हर्ष फायरिंग में मृत्यु हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बताया जा रहा है कि हरकरण सिंह शनिवार रात को जोधपुर गांव निवासी में एक तिलक समारोह में शामिल होने गया था। वहां वरीक्षा होकर तिलक की तैयारी चल रही थी। तभी जिस व्यक्ति का तिलक था विश्वनाथ पुत्र रामबिलास ने अति उत्साह में फायरिंग करने लगा जिसमे लोड करते समय एक गोली सामने बैठे हरकरण सिंह के लगी जाकर ओर वह घायल हो गए। लोगो के अनुसार गोली लगने के बाद घायल हरकरण सिंह को इलाज के लिए विश्वनाथ अपनी कार से लेकर अस्पताल भागा लेकिन रास्ते मे ही हरकरण ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद विश्वनाथ शव अस्पताल में ही छोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे सूचना के बाद पुलिस ने हिरासत में ले लिया। परिजनों की तहरीर पर फूलबेहड़ पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछ ताछ कर रही है।

परिजनो को हरकरण की मौत की खबर मिली तो, घर में कोहराम मच गया। मृतक के पुत्र समेत अन्य परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। अभी तक हत्या की वजह पता नहीं चल पाई है। पुलिस परिजन और रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है। शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा गया है।

इस मामले में प्रभारी निरीक्षक फूलबेहड़ अवध राज सिंह सेंगर ने बताया कि तिलक समारोह में दूल्हे ने हर्ष फायरिंग की थी। इसमें एक अधेड़ को गोली लगने से मौत हो गई है। पुलिस ने आरोपी विश्वनाथ को हिरासत में ले लिया है। उसकी अवैध बंदूक बरामद कर ली है। पूछताछ की जा रही है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# लखनऊ के कुलपति का किया गया स्वागत

**लखीमपुर-खीरी। स्वतंत्र भारत**




शहर के एक होटल में लखनऊ विविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय का स्वागत एवं अभिनंदन समारोह हुआ। इनके साथ ही विशिष्ट अतिथि प्रो. अवधेश कुमार त्रिपाठी अधिष्ठाता सीडीसी, प्रो. संगीता साहू, निदेशक, आईक्यूएसी लखनऊ विविद्यालय, लखनऊ एवं डा. एसके पांडे एडिशनल डीन कालेज डेवलपमेंट काउंसिल जिला लखीमपुर एवं हरदोई का सर्वप्रथम ओएल में स्वागत अभिनंदन किया गया। उसके उपरांत मनु ला कालेज में स्वागत एवं अभिनंदन हुआ।

होटल लैंडमार्क में मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि लखनऊ विविद्यालय जिले के महाविद्यालयों के लिए मात्र परीक्षा संस्थान नहीं है अपितु महाविद्यालय के प्रबंधकगण, प्राचार्य व शिक्षकों का आवाहन किया कि वे छात्रों को लखनऊ विविद्यालय लेकर आएं और वहां के विभिन्न कार्यक्रमों में छात्रों को प्रतिभाग करने एवं लखनऊ विविद्यालय में स्थित म्यूजियम छात्रों को दिखायें। नई शिक्षा नीति के ऊपर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शोध अन्वेषण की दिशा में लखनऊ विविद्यालय में सतत कार्य प्रारंभ है। लखनऊ विविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों यथा कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान, रूस, ओमान व नेपाल आदि देशों से मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए हैं। कुलपति द्वारा नई शिक्षा नीति पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में कुलपति महोदय को महाविद्यालय के प्रबंधकों के द्वारा स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश कुमार सिंह, अध्यक्ष खीरी सेल्फ फाइनेंस डिग्री कालेज एसोसिएशन के द्वारा की गई। मंच का संचालन चंद्र शेखर सिंह, डायरेक्टर, रायल प्रूडेंस डिग्री कालेज के द्वारा किया गया। साथ में प्रबंधक विजेंद्र कुमार सिंह, कपिल श्रीवास्तव, अरूण सिंह, डा. अरविंद शर्मा एवं जिला के संबद्ध महाविद्यालय के प्रबंधकगण, प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## मदर्स डे पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** शहर के लक्ष्मनजती स्थित श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में मदर्स डे बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर तमाम प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गयास जिसमें विद्यार्थियों ने सलाद बनाओ प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, फ्लावर अरेंजमेंट जैसी अनेक प्रतियोगिताओ में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस दौरान बच्चों ने माँ पर आधारित गीत, नृत्य और संगीत की सुंदर प्रस्तुतियाँ दींस जिसे देख अभिभावक व विद्यालय स्टाफ भावविभोर हो गया।मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद लखीमपुर की अध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन की प्रथम गुरु माँ होती है, जो न केवल संस्कार देती है, बल्कि बच्चों को राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों से भी परिचित कराती है। उन्होंने माताओं से आह्वान किया कि वे बच्चों को नैतिकता, अनुशासन और समाज सेवा की ओर प्रेरित करें।विद्यालय के प्रबंधक और क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि ने मातृ दिवस के शुभ अवसर पर माताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ दी। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि माँ न केवल परिवार की आधारशिला होती है, बल्कि उसके संस्कारों से ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने माताओं को राष्ट्र निर्माण की असली प्रेरक शक्ति बताते हुए उनके योगदान को नमन किया।विद्यालय के निदेशक मोहित पुरी ने संस्थापक स्वर्गीय अरविंद गिरि को श्रद्धांजलि अर्पित की और छात्रों को मातृ-सम्मान की सीख दी।प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने कहा कि हर बच्चे की सबसे पहली शिक्षिका उसकी माँ होती है और माँ के संस्कार जीवन भर साथ चलते हैं।

# हड्डी रोग निवारण योग शिविर का प्रथम दिवस सम्पन्न

● घुटनों, जोड़ों और कमर दर्द पर रहा विशेष फोकस

**लखीमपुर खीरी। स्वतंत्र भारत**

पं. संकटा प्रसाद वाजपेई पार्क स्थित योग साधना केंद्र पर हड्डी रोग निवारण योग शिविर के प्रथम दिवस की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। पहले दिन विशेष रूप से घुटनों, जोड़ों और कमर दर्द से राहत दिलाने वाले योगाभ्यास कराए गए। भारतीय योग संस्थान के जिला मंत्री शिवराम वर्मा ने प्रतिभागियों को विभिन्न दर्द निवारक योग क्रियाएं कराईं और बताया कि असंतुलित एवं असमय आहार हड्डी रोगों सहित अनेक बीमारियों का कारण बनता है। उन्होंने सभी को संतुलित और समयबद्ध आहार लेने की सलाह दी। दूसरी ओर, संस्थान के जिला प्रमुख एडवोकेट रमेश कुमार वर्मा ने शरीर में हड्डियों के महत्व और हड्डी रोगों से जुड़ी समस्याओं का समाधान योग के माध्यम से प्रस्तुत किया। जिला संरक्षक सेवक सिंह अजमानी ने बताया कि योग में श्वास की क्रियाओं का विशेष महत्व है और श्वसन प्रक्रिया पर ही जीवन की लंबाई निर्भर करती है। क्षेत्रीय प्रधान अरविंद कुमार वर्मा ने शिथिल आसन, तिर्यक भुजंगासन आदि का अभ्यास करवाया और इनके लाभों को बताया। वहीं, केंद्र प्रमुख डॉ. संकटा प्रसाद वाजपेई ने ध्यान क्रिया का अभ्यास कराते हुए इसके मानसिक लाभों पर प्रकाश डाला। शिविर का सफल संचालन क्षेत्रीय प्रधान एवं शिविर प्रभारी कमल किशोर बरनवाल ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री व मीडिया प्रभारी दिलीप त्रिपाठी, उमाशंकर त्रिवेदी, गजराम सिंह, राम बहादुर मित्रा सहित बड़ी संख्या में साधक उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग अभ्यास करने तथा अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने का संकल्प लिया।



# मतभेद भुलाकर एक हुए नौ विवाहित जोड़े

## महिला थाने में कराया गया सुलह-समझौता

**लखीमपुर-खीरी। स्वतंत्र भारत**



प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रद्धा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में काउंसलरों के सहयोग से 15 परिवारिक विवादों में सुलह का प्रयास करके 09 जोड़े पति-पत्नी की विदाई करा करटूटने के कगार पर पहुंचे संबंधों को पुनरू जोड़ने का सराहनीय कार्य किया गया है। बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष महिला थाना श्रद्धा सिंह, काउंसलर कुसुम गुप्ता, कय्यूम जरवानी के द्वारा दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साक्षी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 15 शिकायती प्रार्थनापत्रों में काउंसलरों के सहयोग से 09 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है। साथ ऐसे में मामले जिसमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था। उन्हें सोचने समझने के लिए दोनों पक्षों की सहमति से समय दिया गया है। सुलह से विदाई करने में महिला आरक्षी सारिका चैहान, महिला आरक्षी बबली पवार का काफी सराहनी सहयोग रहा है।

# सुलभ शौचालय तोड़े जाने से श्रद्धालुओं और दुकानदारों को भारी दिक्कतें

**गोला गोकरननाथ खीरी। स्वतंत्र भारत**

छोटी काशी गोला गोकरननाथ में कॉरिडोर निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व ध्वस्स्तीकरण की कार्रवाई में भीमराव अंबेडकर पार्क के पास कई दशकों पुराना बना हुआ सुलभ शौचालय भी तोड़कर ध्वस्स्त कर दिया गया था। इस सुलभ शौचालय की ध्वस्करण को कई माह बीत चुके हैं। जिस कारण आम दुकानदारों और आने वाले श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बता दे कि नगर के अलीगंज मार्ग पर भीमराव अंबेडकर पार्क के पास करीब तीन दशक पुराना सार्वजनिक सुलभ शौचालय था । जिससे आम दुकानदारों और नगर में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को बहुत सुविधा प्राप्त होती थी । कॉरिडोर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए जो ध्वस्स्तीकरण कार्य किया गया उसमें सबसे पहले इसी सार्वजनिक सुलभ शौचालय को ध्वस्त कर दिया गया था । इस शौचालय के तोड़े जाने को कई माह बीत चुके हैं परंतु अभी तक इसका निर्माण कहां कब किया जाएगा इस बारे में कोई भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। यह सुलभ शौचालय मोहल्ला तीर्थ मेला मैदान और अलीगंज रोड के दुकानदारों के लिए बहुत ही सुविधाजनक स्थल पर था जिसके ना होने से इन सभी स्थानों के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विगत दिनों 15 दिन तक गोला का ऐतिहासिक चैती मेला चलता रहा। इस मेले में लाखों में लड़कियों और दुकानदारों की उपस्थिति रही। जिसमें दुकानदार, मेला में बाहर से आने वाले लोग शौचालय के लिए इधर-उधर भटकते रहे और भारी दिक्कतों का सामना करते रहे परंतु नगर पालिका प्रशासन सहित किसी भी जिम्मेदार आदमी ने दुकानदारों की इस अत्यंत महत्वपूर्ण समस्या की ओर ना तो ध्यान दिया ना संज्ञान लिया।

कहने के लिए पार्क के बगल में पालिका प्रशासन ने ट्रॉली पर अस्थाई बना हुआ महिला शौचालय खड़ा किया है । उसमें आज तक किसी भी महिला को जाते हुए किसी ने नहीं देखा। वह सिर्फ महिला शौचालय है इसके अलावा पिंक स्लिप शौचालय सदर चैराहे पर भी है। जबकि पुरुष सुलभ शौचालय आसपास कहीं भी नहीं है। अधिकांश तीर्थ यात्री, आसपास के दुकानदार पुरुष होते हैं उनके लिए कोई भी व्यवस्था न होने के कारण लोगों में भारी रोष है।

मेला मैदान अलीगंज मार्ग और तीर्थ मोहल्ले के दुकानदारों की मांग है कि तत्काल उचित स्थान पर सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निर्माण कराया जाए ताकि आम लोगों की समस्याएं दूर हो सके।

## शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर पुलिस ने जेबीगंज में की गस्त

**जेबीगंज। स्वतंत्र भारत**



कस्बे में फैले अतिक्रमण को लेकर शनिवार को पसगवां पुलिस ने पटरी पर लगे ठेले व रोड पर खड़े करने बाले टैम्पो चालकों को हिदायत देते हुए कहा की रोड और पटरी को छोड़ कर सभी दुकानदार व टैम्पो चालक अपने वाहन खड़े करे। जिसके बाद ठेले बाले ब टैम्पो चालकों में हड़कंप मच गया जिसमें दो चार टैम्पोओ का चालान भी किया गया शनिवार को पुलिस द्वारा कार्यवाही से रविवार को पूरे कस्बे के रोड पर टैम्पो, ठेला रोड के नीचे मिलें, पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही से जनता को काफी राहत मिली। बही ठेला बालों की रोजी रोटी को लेकर रोना रो रहे हैं फिलहाल पुलिस का कहना है कि हिदायत के बाद भी टैम्पो चालक व ठेले बाले नहीं मानते तो फिर पुलिस को मजबूरन कार्यवाही करनी पड़ेगी। रविवार को भरी पुलिस वल के साथ मोहम्मदी क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह, पसगवां कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सोनकर, जेबीगंज चौकी प्रभारी राहुल सिंघल व आदि एस आई, कॉ0 मौजूद रहे।

# खबर एक नजर

## खूबचन्द हत्याकांड में आरोपित पिता, दो पुत्रों को भेजा जेल

**गोला गोकर्णनाथ खीरी (स्वतंत्र भारत)।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कन्हैयागंज गांव में सिंचाई के लिए डाली गई डिलेवरी पाइप के ऊपर से ट्रैक्टर निकालने पर पाइप फटने को लेकर हुए विवाद में घायल 60 वर्षीय खूबचन्द वर्मा की इलाज के दौरान लखनऊ के हॉस्पिटल में दसवें दिन मौत हो होने पर नामजद आरोपित हरिशंकर वर्मा व पुत्रों सोभित और रोहित को जेल भेजा गया है।दरअसल रास्ते पर सिंचाई के लिए डिलेवरी पाइप आरोपित हरिशंकर ने डाली थी।जिस पर मृतक खूबचन्द पक्ष के लोगों ने ट्रैक्टर व थ्रेसर निकाला था। ट्रैक्टर निकालने से पाइप फट गया था। अलबत्ता आपस के ही परिवारों में विवाद शुरू हुआ।विवाद गाली गलौज से शुरु होते हुए मारपीट तक पहुच गया।आरोप है कि एक पक्ष के खूबचन्द को विपक्षियों ने एक जुट होकर रास्ते पर गिराके लाठी डंडो से बर्बर तरीके से मारा व पीटा था।जिससे उसे अंदरूनी गम्भीर चोंटे आई थीं।पुलिस में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध चार-चार लोगों को मारपीट के मामले में नामजद कराया था।एसओ प्रवीर गौतम ने बताया कि तीन आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

## खेतों में बिना बताए लगा दी नम्बरिंग बाली पट्टी और झंडी, किसानो में भरी रोष

**गोला गोकर्णनाथ खीरी (स्वतंत्र भारत)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बेहड़ा मुल्तान इलाके में ग्रामीणों को बगैर कोई सूचना दिए उनके खेतों में नंबरिंग कर लाल और नीले रंग से रंगी हुई बांस की कई पट्टी एक सेंटर से लगा दी गई हैं। कुछ जगहों पर झंडी भी बांधी गई हैं। जिसको लेकर ग्रामीण आक्रोशित और आश्चर्य चकित हैं। उनका कहना है आखिर यह क्यों लगाई गई हैं।बेहड़ा मुल्तान इलाके से निकली नहर पटरी से मिले हुए विक्रम वर्मा, नवनीत वर्मा, डोरेलाल सुभाष वर्मा, प्रमोद वर्मा समेत कई लोगों के खेतों में एक लाइन से कुछ दूरी के फासले से नंबरिंग डालकर रंग से प्रिंट की गई बांस की पट्टी लगाई गई हैं। सम्बंधित स्थान को चूना डालकर गोल व तिकोना किया गया है। यह प्रक्रिया ग्रामीणों के लिए रहस्य बनी हुई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह किसी प्रकार की सर्वे हो सकती है। इसकी वास्तविकता क्या है। इस समय खेतों में गन्ने की फसल तैयार हो रही है। ग्रामीणों नें संबंधित गतिविधियों को अंजाम देने बाले जिम्मेदार विभाग एवं संस्था के लोगों के द्वारा किसानों को जानकारी देने की मांग की है।




## इतिहास बना डाक घर,चला बुल्डोजर

**मैलानी-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** मैलानी नगर में रेलवे स्टेशन के पास बने डाक घर को शनिवार को रेलवे विभाग ने आरपीएफ और जीआरपी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में जमीदोज करा दिया। अब आम आदमी की परेशानियां तब तक सही नहीं होंगी,जब तक तक डाक घर पुनः संचालित न हो।ऐसा नहीं है कि चिठ्ठी पत्री का दौर कम है,तो और कार्य डाक खाने से न दूर होते हैं।बताते चलें कि इस डाक घर का संचालन 1952 से था और आम जन मानस के कई कार्य हुआ करते थे,लेकिन अब परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।बड़ी लाइन बनने और कुछ ट्रेनों के आवागमन के बाद से रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है,लेकिन डाक घर के एसपीएम सचिन के अनुसार रेल विभाग ने बिना कोई कोर्ट के नोटिस के नियम विरुद्ध डाक खाने को बुल्डोजर चलवाकर गिरवा दिया।डाक खाने में कई दस्तावेज जैसे सरकारी और कई लोगों की आरडी फिक्स,डिपोजिट आदि मौजूद हैं।दूसरी जगह शिफ्ट होने में अभी काफी समय लगेगा।उन्होंने यह भी बताया कि यहां 1950 तक के दस्तावेजों का रिकार्ड मौजूद है और डाक विभाग के किसी अधिकारी का नोटिस भी नहीं था कि डाक खाने को खाली कर दिया जाए।बिजली का बिल आदि समय पर जमा किया जाता है।वहीं रेल विभाग के सहायक अभियंता मैलानी के प्रभात कुमार ने बताया कि हमने एक साल पहले ही नोटिस दे दिया था,लेकिन ये लोग खाली ही नहीं कर रहे थे।अब जो भी हो डाक खाने में लगभग 1200 खातेधारकों के दस्तावेज हैं और सरकारी दस्तावेज भी हैं।डाक विभाग का आरोप है कि बिना किसी नोटिस के बुलडोजर चलवाकर रेल विभाग ने डाक खाने को जमीदोज करा दिया।कई सरकारी दस्तावेज भी नष्ट होने की संभावना भी जताई जा रही है।



## अज्ञात ट्रक की टक्कर से हाइवे पर पलटा ट्रैक्टर-ट्राली, बाल बचे चालक व परिचालक

**उचौलिया खीरी (स्वतंत्र भारत)।** लखीमपुर खीरी जनपद के उचैलिया थाना क्षेत्र से गुजरे एनएच 30 लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर इनदिनों आये दिन सड़क हादसे हो रहे है, हादसों में कोई घायल, कोई गम्भीर घायल तो कोई अपनी जान गवा रहा है। अगर हादसों के कारणों पर ध्यान दिया जाए तो इन हादसों के पीछे के कारण यातायात नियमो का पालन न हो पाना, तेज रफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाना, सड़क सुरक्षा नियमो का पालन न करना बताया जा रहा है। इस के मद्देनजर उचैलिया थाना क्षेत्र के कोटरा गांव के टॉवर के पास आज करीब सुबह 11 बजकर 03 मिनट पर एक ट्रक द्वारा ओवरटेक करते हुए हाइवे पर भूसी से भरी ट्राली व ट्रैक्टर को पीछे से साइड मार दी, जिसके ट्रैक्टर व ट्राली अनियंत्रित होकर हाइवे पर पलट गया, और ट्रक मौके से टक्कर मारकर फरार हो गया। हादसे में ट्रैक्टर पर करीब 5 लोग बैठे थे जिन्हें हल्की फुल्की चोटे आई, सभी की किस्मत अच्छी थी किसी को गम्भीर या ज्यादा चोटें नही लगी। वही घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल घटना स्थल पर पहुंची क्षेत्र में सामाजिक कार्यो में हमेशा आगे रहने वाली स्वयं सेवी संस्था सेवा का जुनून की टीम, घायलो को तत्काल प्राथमिक उपचार देकर ट्रैक्टर व ट्राली के हाइवे पर पलटे होने की बजह से लगे भीषण जाम को खुलवाने में जुटी टीम। और साथ ही साथ पलटे ट्रैक्टर व ट्राली को भी एक अन्य ट्रैक्टर की मदद से सीधा करवाया। और बाधित हाइवे को क्लीयर करवाकर सुचारू रूप से चालू करवाया हाइवे। इस दौरान सेवा का जुनून की टीम के साथ 112 नम्बर व उचैलिया के भी 2 सिपाही मदद करते नजर आए। उसके बाद भूसे को हाइवे से हटवाकर हाइवे को पूर्णतया खाली करवाकर क्लीयर करवाया गया।



स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## पाक की असलियत

पाकिस्तान ने फिर दिखा दिया है कि वह किसी रहम या भरोसे के काबिल नहीं है। अमेरिका से दखल करा कर वह सीजफायर तक तो पहुंच गया लेकिन तीन घंटे के भीतर ही उसे तोड़कर अपने इरादे भी जाहिर कर दिए। भारत को पाक से खेल की आंशका थी। इसीलिए उसने साफ कह दिया था कि अगर फिर हमला हुआ तो हम निर्णायक जवाब देंगे। इसीलिए शनिवार रात आठ बजे के बाद होने वाले हमलों का उसने फौरन जवाब देना शुरू भी कर दिया। इससे पहले चार दिनों में हमारी सेनाओं ने सभी तरफ से बांध कर पाक को घुटने टेकने को मजबूर कर दिया जबकि वह छल कपट का सहारा लेता रहा। यहां तक कि हवाई जहाज और ट्रेन सेवा जारी रखकर भारतीय हमलों को रोकने के लिए अपने ही नागरिकों को ढाल बनाता रहा। फिर भी पस्त होने पर दुनियाभर से बीच बचाव कराने की गुहार लगाई। टकराव के देशों के बीच 'बिग ब्रदर' की भूमिका में समझौता कराने का शौक पाल चुके अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पाक के गिड़गिड़ाने पर समझौता तो करा दिया लेकिन उन्हें भी अंदाज न रहा होगा कि चंद घंटों में ही यह बेमतलब हो जाएगा। शायद पाक को उम्मीद है कि अब जंग में वह आतंकियों को सक्रिय करके अपना वजन बढ़ा लेगा लेकिन भारत ने जिस तरह से अभी तक उसकी हर रणनीति को ध्वस्त किया है, ठीक उसी तरह इस बार भी होगा। अभी तक तो आतंकी छिपे ढंग से वार करते थे लेकिन आमने-सामने की जंग में वे कितने कामयाब हो पाएंगे, इसे लेकर कोई शक नहीं होना चाहिए। दरअसल आतंक को संरक्षण और घुसपैठ ही उसका पुराना हथियार है जिसे अब सारी दुनिया भी जानती है। इसीलिए जंग छिड़ने के बाद तुर्किए जैसे देशों को छोड़ दें तो किसी ने भी उसकी हिमायत नहीं की। जबकि भारत की नपी-तुली कार्रवाई को सभी ने देखा। देखा ही नहीं बल्कि उसका मजबूत आधार देखा और उसे मजबूत माना। फिर भी कूटनीतिक स्तर पर भारत ने सभी प्रभावशाली देशों के सामने अपनी स्थिति विस्तार के साथ स्पष्ट की। भारत अभी भी तनाव बढ़ाने के पक्ष में नहीं है पर अगर फौज उसके ऊपर हमला करती है तो उसका सटीक जवाब देने में वह पीछे नहीं रहेगा। सीजफायर तोड़ने के बाद पाक की असलियत और कायदे से दुनिया के सामने आ गई है जबकि भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई और सटीक ढंग से उसे सबक सिखाएगी।

## योगी पर भरोसा

केवल बातों से लोगों को आश्वस्त करने-भरमाने का चलन राजनीति के मौजूदा दौर में बहुत तेजी से बढ़ रहा है। सरकारों के कई मंत्रियों व सियासी दलों के कई शीर्ष पदाधिकारियों से लेकर जिला-तहसील स्तर तक के नेता 'चांद सितारे तोड़ लाने' जैसे नामुमकिन वादे ऐसी चाशनी में घोल कर पेश करते हैं कि जनता उन पर तुरंत भरोसा करती है। हालांकि कुछ समय बाद वह खुद को ठगा गया भी महसूत करती है। इसीलिए ऐसे आश्वासनों को जुमला कहा जाने लगा है। यूपी का यह सौभाग्य है कि नेताओं में तेजी से बढ़ रहे 'जुमला कल्चर' के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 'वर्क कल्चर' को बढ़ावा देते हुए जनता से सीधे जुड़ कर जनसमस्याओं के हल को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। इसके लिए लखनऊ और गोरखपुर में नियमित जनता दर्शन अलग ही नजीर बन गया है। ये जनता के लिए ऐसा अवसर बन गया है जिसमें समस्याओं के समाधान के रास्ते निश्चित रूप से संभव बना दिए जाते हैं। यह भरोसा प्रदेश के दूरदराज तक के लोगों में तो बढ़ता ही जा रहा है, अब अन्य प्रदेशों के फरियादी भी अपनी समस्याएं ले कर सीएम योगी के पास पहुंच रहे हैं। इन राज्यों में कांग्रेस शासित तेलंगाना और हिमाचल के निवासी तो हैं ही, उत्तराखंड, राजस्थान, एमपी जैसे बीजेपी शासित और उसके समर्थन से चल रहे बिहार के लोग भी हैं। गत छह महीने के दौरान दूसरे राज्यों के 65 से अधिक फरियादी यूपी के सीएम से अपनी समस्याओं के हल की गुहार लगा चुके हैं। इसके लिए योगी ने सिर्फ आश्वासन ही नहीं दिया बल्कि समाधान की कार्रवाई के लिए फौरन कदम भी उठाए। ये समस्याएं संबंधित राज्य सरकारें हल कर सकती थीं लेकिन शायद उन्हें ये काम जरूरी नहीं लगा होगा। सीएम योगी के प्रति यूपी से बाहर भी बढ़ते भरोसे के पीछे मुख्य कारण आम लोगों के साथ गहरा जुड़ाव, उनकी समस्याओं के हल को लेकर प्रतिबद्धता और समर्पण का उनका भाव है। योगी की 'क्रॉस यूपी' पहुंच उनके व्यक्तितत्व को अभूतपूर्व नया आयाम देती है। अन्य राजनीतिज्ञ भी इसका अनुकरण करें तो तमाम गवर्नेंस की समस्याएं अपने आप ही हल हो जाएंगी।

## झूठ फैलाकर उन्माद को हवा देता 'गोदी मीडिया'

भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच दोनों देशों में 'तत्काल और पूर्ण संघर्षविराम' अर्थात फ़ायरिंग और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बन गई है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 'भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल और पूर्ण संघर्षविराम पर सहमति बनने' की जानकारी दी गई थी।डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि 'भारत और पाकिस्तान




- तनवीर जाफ़री

पूर्ण और तत्काल सीज़फ़ायर पर सहमति जताई है।' ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा, 'अमेरिका की मध्यस्थता में हुई एक लंबी बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान ने पूर्ण और तत्काल सीज़फ़ायर पर सहमति जताई है।' अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि भारत और पाकिस्तान व्यापक मुद्दों पर बातचीत शुरू करने पर राज़ी हो गए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि 'हम शांति का मार्ग चुनने में प्रधानमंत्री मोदी और शरीफ़ की बुद्धिमत्ता, विवेक और कूटनीति की सराहना करते हैं।' यह युद्ध विराम ऐसे समय हुआ है जबकि भारत पाकिस्तान के मध्य तनाव बढ़ता ही जा रहा थे और दोनों और से एक दुसरे पर हमले व जवाबी हमलों के दावे किये जाने लगे थे। बहरहाल बुद्ध के देश से युद्ध विराम पर सहमति तो जता दी गयी परन्तु इसमें भी कोई शक नहीं कि पहलगाम नरसंहार के बाद भारत ने जिसतरह पाक व पाक अधिकृत कश्मीर स्थित आतंक के गढ़ पर आक्रमण किया उससे न केवल पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया को सन्देश चला गया है कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध किसी पंचायत में फ़रियाद लेकर जाने वाला नहीं बल्कि स्वयं आतंक का मुंह तोड़ जवाब देने वाला देश है। परन्तु पहलगाम आतंकी हमले से लेकर ऑप्रेशन संदूर तक व उसके बाद युद्ध विराम की घोषणा होने तक भारतीय मीडिया ने जिस ग़ैर ज़िम्मेदारी का प्रदर्शन किया है उसकी जितनी भर्तस्ना की जाये वह कम है। ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारण के लिये इसी भारतीय मीडिया को देश की उच्च न्यायलय व सर्वोच्च न्यायलय द्वारा अनेक बार झिड़कियां सुननी पड़ीं हैं। कई बार ऐसे कई अनियंत्रित व भड़काऊ मीडिया चैनल्स को मुआफ़ी भी मांगनी पड़ चुकी है,अनेक बार पुलिस व प्रशासन की ओर से ऐसी बेबुनियाद व झूठी ख़बरों का खंडन किया जा चुका है। हद तो यह है कि इसी तरह के बदनाम शुदा टी वी चैनल्स के रिपोर्टर्स को उनके झूठ फैलाने के चलते ही कई बार भीड़ के आक्रोश का सामना करना पड़ चुका है। खुद उन्हें अपने ही चैनल में अपने ही द्वारा बुलाये गये मेहमानों से ही लाईव कार्यक्रमों में भरपूर बेइज़्ज़ती उठानी पड़ चुकी है। कई कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार पत्रकार ऐसे चैनल्स को छोड़ अपने यू ट्यूब चैनल चलाकर अपनी लोकप्रियता व वास्तविक पत्रकारिता का प्रमाण दे रहे हैं। और इन सब का नतीजा यह है कि ऐसे सभी 'गोदी चैनल्स' की टी आर पी काफ़ी गिर चुकी है। परन्तु इतना अपमान व ज़लालत सहने के बावजूद ऐसे चैनल्स व उनके पत्रकारों में कोई परिवर्तन आना तो दूर की बात उल्टे उनका स्तर और भी गिरता ही जा रहा है। यहाँ तक कि भारत पाक के बीच चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच भी सरकार को ऐसे चैनल्स को नियंत्रित रहने की सलाह देनी पड़ी। पाक प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले व जवाब में भारतीय सेना द्वारा किये गये ऑपरेशन सिंदूर के बाद, भारत सरकार के सूचना मंत्रालय ने मीडिया को ज़िम्मेदाराना व संवेदनशील रिपोर्टिंग करने की हिदायत भी जारी की थी। मीडिया को सलाह दी गयी थी कि वह संयमित रहकर ज़िम्मेदाराना रिपोर्टिंग करे ताकि अफ़वाहें और ग़लत सूचनाएं न फैलें। रक्षा मंत्रालय ने भी 1 मई 2025 को मीडिया से फ़र्ज़ी व भ्रामक ख़बरों से दूर रहने की सलाह दी थी। क्योंकि ऐसी कवरेज दुश्मन को फ़ायदा पहुंचा सकती है और सुरक्षाकर्मियों के लिए ख़तरा पैदा कर सकती है। ग़ौरतलब है कि भारतीय सेना की प्रवक्ता के रूप में कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के बारे में यह बताया गया था कि 'ऑपरेशन सिन्दूर' पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए शुरू किया गया था। ऑप्रेशन के लक्ष्य के विषय में बताते हुये उन्होंने कहा था कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मी में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिनमें 4 पाकिस्तान और 5 PoK में थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी निर्दोष नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया। ऑपरेशन का उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना और पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देना था कि भारत आतंकवाद को सहन नहीं कर सकता। भारतीय सेना की कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी को प्रवक्ता के रूप में पेशकरने के साथ साथ यह भी कहा गया कि पूरा देश, पाकिस्तान के विरुद्ध भारत द्वारा उठाये जा रहे हर




फ़ैसले के साथ एकजुट है। मगर इस अति संवेदनशील घड़ी में भी भारतीय मीडिया सरकारी निर्देशों की गोया धज्जियाँ उड़ाने पर आमादा नज़र आया। गोदी मीडिया अपने चैनल्स पर भरपूर अफ़वाहें,ग़लत सूचनाएं और फ़र्ज़ी व भ्रामक ख़बरें प्रसारित करता रहा। युद्धोन्माद भड़काने के लिये इनके ऐंकर्स टी वी पर बन्दर की तरह उछलते व अभद्र शब्दावलियों का प्रयोग करते भी देखे गये। तनाव के दौरान एक ओर भारतीय सेना अपने रक्षात्मक पक्षों को सामने रख रही थी तो भारत का एक चैनल दावा कर रहा था कि पाकिस्तान के पांच शहर तबाह हो गए जबकि एक दूसरा चैनल पाकिस्तान के 25 शहर तबाह बता रहा था। एक ऐंकर ने उछल उछल कर बताया कि पाकिस्तान के पांच शहर नक़्शे से मिट गये। कोई बता रहा है कि पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पर क़ब्ज़ा हो गया, कोई बता रहा है कि कराची पर क़ब्ज़ा हो गया। यूक्रेन-रूस युद्ध के वीडिओ भारत-पाक के बताकर चला दिये गये। किसी ने शाहबाज़ शरीफ़ को बंकर में छुपा हुआ देख लिया तो कोई बता रहा था कि वह भागते हुये दिखाई दिये। किसी चैनल ने लाहौर इस्लामाबाद और सियालकोट पर आईएनएस विक्रांत द्वारा ज़बरदस्त हमले और कराची बंदरगाह के तबाह होने की ख़बर चला दी। तो किसी ने ब्रेकिंग न्यूज़ दी कि -'सुबह-सुबह पाकिस्तान के 6 शहर पर टूट पड़ी भारतीय सेना'। आश्चर्य की बात तो यह कि यह सभी 'जानकारियां' गोदी मीडिया के पास ही थीं भारतीय सेना या सरकार के पास नहीं। मीडिया द्वारा देश की एकजुटता को बढ़ावा देने के बजाये नफ़रत परोसने का एक उदाहरण जम्मू-कश्मीर की एक ख़बर के प्रसारण में भी देखने को मिला। यहाँ पुंछ में एक 46 वर्षीय क़ारी मोहम्मद इक़बाल, जोकि स्थानीय मदरसा ज़िया -उल-उलूम में शिक्षक थे तथा एक स्थानीय सम्मानित व धार्मिक व्यक्ति थे, की पाकिस्तानी की ओर से सीमा पार से हुई गोलाबारी में मौत हो गयी। वे आतंकवाद विरोधी तथा राष्ट्रवादी व्यक्ति थे। पुलिस ने स्वयं उनके व्यक्तित्व की प्रशंसा की है। परन्तु इन दलाल चैनल्स द्वारा यह प्रसारित किया गया कि 'इक़बाल एक आतंकवादी था' और उसे भारतीय सेना ने मार गिराया। ज़रा सोचिये ऐसी झूठ बेबुनियाद भ्रामक व ख़बर फैलाकर मीडिया क्या सन्देश देना चाहता है ? इस ख़बर का कश्मीर के लोगों पर क्या प्रभाव पड़ सकता है? क्या वजह है कि इतने संवेदनशील माहौल में भी गोदी 'मीडिया' द्वारा झूठ व अफ़वाह फैलाकर उन्माद को हवा दी गयी?

## प्रेमचंद की कहानियां



### जुलूस

इब्राहिम की पीठ पर घोड़े ने टाप रख दी। वह अचेत जमीन पर पड़े थे। इन आदमियों का शोरगुल सुन कर आप ही आप उनकी आंखें खुल गयीं। एक युवक को इशारे से बुला कर कहा-क्यों कैलाश, क्या कुछ लोग शहर से आ रहे हैं?

कैलाश ने उस बढ़ती हुई घटा की ओर देख कर कहा- जी हां, हजारों आदमी हैं।

इब्राहिम-तो अब खैरियत नहीं है। झंडा लौटा दो। हमें फौरन लौट चलना चाहिए, नहीं तूफान मच जायेगा। हमें अपने भाइयों से लड़ाई नहीं करनी है फौरन लौट चलो।

यह कहते हुए उन्होंने उठने की चेष्टा की, मगर उठ न सके। इशारे की देर थी। संगठित सेना की भांति लोग हुक्म पाते ही पीछे फिर गये। झंडियों के बांसों, साफों और रूमालों से चटपट एक स्ट्रेचर तैयार हो गया। इब्राहिम को लोगों ने उस पर लिटा दिया और पीछे फिरे। मगर क्या वह परास्त हो गये थे ? अगर कुछ लोगों को उन्हें परास्त मानने में ही संतोष हो, तो हो, लेकिन वास्तव में उन्होंने एक युगांतकारी विजय प्राप्त की थी। वे जानते थे, हमारा संघर्ष अपने ही भाइयों से है, जिनके हित परिस्थितियों के कारण हमारे हितों से भिन्न हैं। हमें उनसे वैर नहीं करना है। फिर, वह यह भी नहीं चाहते कि शहर में लूट और दंगे का बाजार गर्म हो जाय और हमारे धर्मयुद्ध का अंत लूटी हुई दुकानें, फूटे हुए सिर हों, उनकी विजय का सबसे उज्ज्वल चिह्न यह था कि उन्होंने जनता की सहानुभूति प्राप्त कर ली थी। वही लोग, जो पहले उन पर हंसते थे; उनका धैर्य और साहस देख कर उनकी सहायता के लिये निकल पड़े थे। मनोवृत्ति का यह परिवर्तन ही हमारी असली विजय है। हमें किसी से लड़ाई करने की जरूरत नहीं, हमारा उद्देश्य केवल जनता की सहानुभूति प्राप्त करना है, उसकी मनोवृत्तियों को बदल देना है। जिस दिन हम इस लक्ष्य पर पहुंच जायेंगे, उसी दिन स्वराज्य सूर्य उदय होगा। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**तुष्यन्ति भोजने विप्राः मयूराः घनगर्जित।**
**साधवः परसम्पत्तौ खलाः परविपत्तिषु।।**

ब्राह्मण भोजन खिलाये जाने पर प्रसन्न होते हैं, मयूर बादलों का गर्जन सुनकर प्रसन्न होते हैं, सन्त दूसरों की समृद्धि को देखकर प्रसन्न होते हैं, परन्तु दुष्टों को तो दूसरों को संकट में पड़ा देखकर ही सुख मिलता है।

◆◆◆

## हैरान पाकिस्तानी फौज पर सवालिया निशान

भारत ने जिस तरीके से पाकिस्तान पर सटीक सैन्य कार्रवाई की, उससे पड़ोसी देश हतप्रभ रह गया है. पाकिस्तान को आशंका थी कि भारत पीओके में सैन्य कार्रवाई कर सकता है. लेकिन पहली बार भारत ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में जैश और लश्कर के आतंकी ठिकानों को

- राणा प्रताप कलिता
लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त)

निशाना बनाकर इस्लामाबाद को हैरान कर दिया है. पाकिस्तान को कभी उम्मीद नहीं रही होगी कि भारत पाकिस्तान के मुख्य प्रांत पंजाब में सीधे हमला करेगा. यह हमला हमारे पड़ोसी देश को साफ संदेश है कि अगर आने वाले समय में आतंकवाद के खिलाफ उसकी नीति नहीं बदली तो भारत के निशाने पर पूरा पाकिस्तान आ सकता है।

भारतीय सेना की कार्रवाई से पाक सेना को लेकर वहां की अवाम में बनी छवि को भी नुकसान होना तय है. अब तक पाकिस्तानी जनता यह समझ रही थी कि उसकी सेना काफी ताकतवर है और वह भारतीय कार्रवाई का डटकर सामना करने में सक्षम है. लेकिन ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तानी सेना की क्षमता पर सवालिया निशान खड़ा कर चुका है. यह सही है कि पाकिस्तानी सेना अपनी अवाम को खुश करने के लिए जवाबी कार्रवाई कर सकती है. लेकिन इसके लिए भारतीय सेना पूरी तरह तैयार है. भारत ने किसी संभावित हमले को लेकर पहले ही सटीक तैयारी कर ली है. मौजूदा समय में पाकिस्तानी सेना के पास सीमित विकल्प हैं और वह नहीं चाहेगी कि भारत के साथ व्यापक पैमाने पर युद्ध के हालात पैदा हों. क्योंकि फिलहाल पाकिस्तान के साथ खुलकर कोई देश खड़ा नहीं है. मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए चीन भी खुलकर पाकिस्तान के साथ खड़ा नहीं हो सकता है. ट्रंप के चीनी उत्पादों पर व्यापक टैरिफ लगाने के बाद चीन की अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में नहीं है. ऐसे में अमेरिकी कार्रवाई के बाद चीन भारत के साथ संबंध सुधारने की कवायद में जुटा हुआ है. हालांकि पाकिस्तान और चीन की दोस्ती जगजाहिर है. कई मौके पर चीन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखा है. सैन्य साजो-सामान की आपूर्ति के अलावा चीन पाकिस्तान में अरबों डॉलर खर्च कर आर्थिक गलियारे का निर्माण कर रहा है और बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह का विकास कर रहा है. लेकिन बलूचिस्तान में पाक सेना और चीनी निवेश के खिलाफ बलूच लिबरेशन आर्मी के विद्रोह के कारण चीन को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है. चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के समय से पूरा नहीं होने के कारण चीन को आर्थिक नुकसान हो रहा है।

ऐसे में मौजूदा समय में चीन एक सीमा के बाहर जाकर पाकिस्तान को खुलकर समर्थन नहीं कर सकता है. क्योंकि ऐसा करने से चीन को भारतीय बाजार में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. श्रीलंका और अफ्रीकी देशों में चीन का अरबों डॉलर स्थानीय प्रतिरोध के कारण फंस गया है. ऐसे में घरेलू मोर्चे पर आर्थिक संकट का सामना कर रहे चीन के लिए भारत के खिलाफ खुलकर सामने आना मुश्किल है. हालांकि पाकिस्तान की कोशिश बांग्लादेश में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद कट्टरपंथियों ताकतों को मजबूत करने की है. मौजूदा बांग्लादेश सरकार और



पाकिस्तान के बीच संबंध बेहतर हुए है. इसका असर पूर्वोत्तर भारत पर पड़ सकता है. पाकिस्तान बांग्लादेश में आतंकियों को भारत के खिलाफ इस्तेमाल करने की कोशिश कर सकता है. हालांकि मौजूदा सरकार के खिलाफ बांग्लादेश में भी गुस्सा पनप रहा है. वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर भारत के पास पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाने का विरोध कोई भी देश नहीं कर रहा है. भारत के लिए अच्छी बात है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच संबंध काफी तनावपूर्ण हैं, जबकि अफगान तालिबान और भारत सरकार के रिश्ते बेहतर हुए है. खाड़ी के अधिकांश देश भी भारत का समर्थन कर रहे हैं. ऐसे में पाकिस्तान पूरी तरह अलग-थलग पड़ गया है. हो सकता है कि आने वाले समय में पाकिस्तान कई टुकड़ों में बंट जाए. सरकार ने पहले कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर भारत को चोट पहुंचाने का काम किया. फिर सटीक रणनीति बनाकर सैन्य कार्रवाई का विकल्प को चुना और इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन भी जुटाने का काम किया।

## काँव-काँव

◆◆◆

**पाकिस्तान ने तीन घंटे बाद तोड़ दिया युद्धविराम**
युद्ध की घोषणा के बिना युद्धविराम हो गया?

**खबरों के बीच सायरन न बजायें न्यूज चैनल-केंद्र**
कई चैनलों ने तो पाक पर कब्जा भी कर लिया!

**उत्तर प्रदेश में अब शुरू हो जायेगी प्रचंड गर्मी**
जितनी बार ये समाचार आया, पानी बरस गया!

**विद्युत निजीकरण का निर्णय वापस लेने की मांग**
ब्रिटिश कंपनियों के दलाल पैसा खा चुके हैं!

**साइबर अपराधियों पर नियंत्रण करे सरकार-सपा**
संगठित अपराध सरकारी नियंत्रण में ही होते हैं

**घुसपैठियों से पहला मोर्चा लेता है बीएसएफ**
पहलगाम आतंकी पता नहीं किधर से आये?

◆◆◆

## प्रेरक प्रसंग

### प्रभु से साक्षात्कार

किसी नगर में एक संत रहते थे। छोटा-सा उनका आश्रम था। भगवान के चरणों में लौ लगाये वह बड़े आनन्द का जीवन व्यतीत करते थे। उनकी कुटिया का द्वार धनी-निर्धन, छोटे-बड़े सबके लिए खुला था। जो भी आता था, बड़े प्रेम से उसका स्वागत करते थे और अच्छी-अच्छी बातें सुनाकर, प्रसाद देकर, उसे विदा करते थे।

एक दिन एक युवक उनके आश्रम में आया। पढ़ा-लिखा था और उत्साह से भरा था। संत को नमस्कार करके बैठ गया। बोला, स्वामीजी, आप ईश्वर की बात किया करते हैं। उसका नाम लेने का उपदेश देते हैं। मैं आपसे पूछता हूं, क्या आपने ईश्वर के दर्शन किये हैं ? आप कहते हैं, प्रत्येक व्यक्ति में आत्मा है। क्या आपने आत्मा को देखा है ?

युवक की बात सुनकर संत मुस्कराये और बड़े प्यार से युवक की ओर देखते रहे। बोले कुछ नहीं। युवक ने समझ लिया कि संत के पास उसके प्रश्न का उत्तर नहीं है आश्रम के आंगन में कुछ गुलाब के पौधे लगे थे। उन पर फूल आ रहे थे। संत उठकर उन फूलों के बीच घूमने लगे। युवक भी उनके साथ हो लिया। घूमते हुए बोला, महाराज, ये गुलाब तो बहुत बढ़िया है। मारे खुशबू के सारा आश्रम महक रहा है।

संत ने कहा, वत्स, तुम ठीक कहते हो, किन्तु क्या खुशबू तुम्हें दिखाई दे रही है ?

जी, नहीं युवक बोला, खुशबू कहीं दिखाई देती है? वह तो अनुभव की जाती है। संत ने कहा, यही तुम्हारे प्रश्न का उत्तर है। तुम्हारे शरीर में दर्द होता है। कोई तुमसे पूछे, क्या दर्द को तुमने देखा है ? क्या जवाब दोगे ?

यही कि दर्द दिखाई नहीं देता, उसकी अनुभूति होती है। संत बोले, आत्मा और परमात्मा के साथ भी यही बात है। अनुभूति द्वारा उनसे साक्षात्कार होता है, स्थूल आंखों से नहीं।

युवक की शंका का समाधान हो गया। उसने संत का आभार माना। वह बोझ लेकर आया था, हल्का होकर चला गया।

## आपका पत्र मिला

### पाकिस्तान में चल रहे आंदोलनों पर भी नज़र रखें

पाकिस्तान में सैन्य सत्ता का वर्चस्व लंबे समय से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करता आ रहा है। वर्तमान में पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर पर यह आरोप लगते रहे हैं कि वे एक कट्टर इस्लामी दृष्टिकोण के पोषक हैं और भारत, विशेषकर हिंदुओं के प्रति द्वेष रखते हैं। उनकी नीति भारत के विरुद्ध स्थायी तनाव बनाए रखने की प्रतीत होती है। यह तनाव केवल सीमा पर गोलीबारी तक सीमित नहीं है, बल्कि आतंकवादी संगठनों को समर्थन देने के रूप में भी सामने आता है। पाक सेना का वास्तविक उद्देश्य भारत से युद्ध की स्थिति बनाए रखना है ताकि घरेलू असंतोष से ध्यान भटकाया जा सके। यही कारण है कि कश्मीर को बार-बार मुद्दा बनाकर पेश किया जाता है, जबकि पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ी चुनौती बलूचिस्तान और सिंध जैसे प्रांतों में चल रहे स्वतंत्रता आंदोलन हैं। बलूचिस्तान लंबे समय से पाकिस्तानी अत्याचारों का शिकार रहा है। वहां के स्वतंत्रता समर्थक समूहों ने स्वयं को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया है और संयुक्त राष्ट्र से शांति सेना भेजने की अपील की है। इसके साथ ही भारत में दूतावास खोलने की मांग भी रखी गई है। सिंध में भी स्वतंत्रता की मांगें मुखर होती जा रही हैं। इन आंदोलनों के पीछे स्थानीय जनता का दमन, संसाधनों का दोहन और सांस्कृतिक उत्पीड़न जैसे कारण हैं। यदि पाकिस्तान अपनी आंतरिक समस्याओं पर ध्यान न देकर केवल भारत से दुश्मनी बनाए रखता है, तो यह रणनीति अंततः उसके विघटन का कारण बन सकती है। भारत को इस स्थिति में सतर्क रहना होगा, परंतु मानवीय और कूटनीतिक दृष्टिकोण से भी इन आंदोलनों पर दृष्टि रखनी चाहिए।

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।** आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# हंसने से मिलते हैं गजब के फायदे



बड़े बुजुर्ग कहते हैं, हंसना सबसे अच्छी दवा है। जीवन की भागदौड़, तनाव और परेशानियों के बीच एक मुस्कान ही ऐसी चीज है जो हमें अंदर से खुश और स्वस्थ बनाए रखती है। हंसना केवल एक भाव नहीं है बल्कि जीवन जीने का सबसे सरल और सुंदर तरीका है।
उन्होंने यह दिन इस उद्देश्य से शुरू किया कि पूरी दुनिया में हंसी के माध्यम से शांति, भाईचारा और सकारात्मकता फैलाई जा सके। आइए जानते हैं हास्य योग के गजब के फायदे और इसके अभ्यास का सही तरीका।

**हास्य योग क्या है?**

हास्य योग एक ऐसा व्यायाम है जिसमें बिना किसी मजाक या कॉमेडी के जानबूझकर हंसी का अभ्यास किया जाता है। इसमें गहरी श्वास के साथ हंसने की तकनीक शामिल होती हैं। इसे ग्रुप में करना ज्यादा असरदार हो सकता है। आपके साथ ही दूसरे भी हंसते हैं।

**हास्य योग के अभ्यास का तरीका**

इस योग के अभ्यास के लिए धीरे-धीरे गहरी सांस लें और छोड़ें। ऐसा चार से पांच बार दोहराएं। इस दौरान ताली बजाकर ऊर्जा बढ़ाएं। इसके लिए हाथों को ताली की मुद्रा में लाकर ÷हो हो, हा हा÷ कहकर ऊर्जा जगाएं। अभ्यास के दौरान बिना किसी झिझक के जोर से हंसी को आने दें, जैसे बच्चे खेलते समय करते हैं। फिर मुंह खुला रखें लेकिन आवाज न निकालें, केवल हंसी का भाव रखें। आखिर में आंखें बंद करके हल्की मुस्कान के साथ शरीर को शांत करें।

**हंसने के फायदे-** हंसने से कोर्टिसोल (तनाव हार्मोन) का स्तर कम होता है और मूड बेहतर होता है।
हंसना हृदय और फेफड़ों के लिए फायदेमंद होता है। गहरी हंसी से फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है और रक्त संचार बेहतर होता है, जिससे हृदय स्वास्थ्य सुधरता है।
इससे प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत होता है। हंसी शरीर में इम्यून सेल्स को एक्टिव करती है जिससे बीमारियों से लड़ने की ताकत बढ़ती है।
एंडोर्फिन एक प्राकृतिक दर्द निवारक हार्मोन है, हंसने से एंडोर्फिन निकलता है जो दर्द में राहत देता है।
हंसी से तनाव कम होता है जिससे बेहतर नींद आती है।

**लाफ्टर योगा क्या है?**

लाफ्टर योगा या हास्य योग योग की एक पॉपुलर वर्जन है जिसमें लोग ज़ोर-ज़ोर से हंसते हैं और शरीर से टेंशन को रिलीज करते हैं। यह योग बहुत तरीके से आपके लिए फायदेमंद होता है। इसका अभ्यास आपको तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। सुबह सुबह इसका अभ्यास करने से आपको दिनभर के लिए फ्रेशनेस मिलती है।
हास्य योग न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है, बल्कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह हर किसी की मानसिक वेलनेस पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। यह आपको अधिक शांत बनाता है। इस नजरिए के साथ हास्य योग हमें सिखाता है कि हम किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हो सकते हैं।

**अच्छी एरोबिक एक्सरसाइज**

आप लाफ्टर योगा का अभ्यास करके कैलोरी बर्न कर सकते हैं। वास्तव में, 100 हंसी के दौरान आप उतनी कैलोरी बर्न कर पाते हैं जितनी आप 10 मिनट की वॉक में करते हैं। हास्य योग आपके इंटरनल ऑर्गन को मसाज करता है और इन्हें हेल्दी रखता है।

**एकाग्रता में सुधार**

हंसते समय आपके शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह बेहतर होता है जिससे आपके ब्रेन तक ऑक्सीजन की पर्याप्त मात्रा पहुंचती है। इससे आपका दिमाग बेहतर तरीके से काम कर पाता है और आपकी एकाग्रता में सुधार होता है।

**इम्यून सिस्टम में सुधार**

जोर-जोर से हंसने से लसीका द्रव का फ्लो बढ़ता है और लिम्फोसाइट्स की संख्या में बढ़ोतरी होती है। ये हमारे शरीर की किलर सेल्स हैं जो संक्रमण से लड़ती हैं। इसलिए, लिम्फोसाइट्स की संख्या बढ़ने से आपकी इम्यूनिटी बेहतर होती है।

**आप खुश रहते हैं**

दिल खोलकर हंसने के बाद किस को अच्छा फील नहीं होता? हालांकि हास्य योग एक स्वैच्छिक हंसी के साथ शुरू होता है, लेकिन यह जल्द ही वास्तविक हंसी में बदल जाता है। यह एक ऐसी कंटेजियस एक्सरसाइज रूटीन है। हंसने से एंडोर्फिन, हैप्पी हॉर्मोन रिलीज होता है। यह प्राकृतिक पेन किलर भी है। इसलिए अगर आप अपने शरीर के दर्द से छुटकारा पाना चाहते हैं तो हर रोज अधिक हंसें।

# इन संकेत से पता लगाएं आप स्वस्थ हैं या नहीं?



सेहतमंद रहना हर किसी की प्राथमिकता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपका शरीर खुद आपको सेहत के संकेत देता है? खान-पान, साफ-सफाई और रोजमर्रा की आदतें स्वस्थ रहने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, लेकिन इन सबके बीच हमें अपने शरीर के उन संकेतों को समझने की आवश्यकता है, जो हमें यह बताते हैं कि हम सही हैं या नहीं। यदि हम समय रहते इन संकेतों की अनदेखी करें, तो यह गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। आइए, जानें उन महत्वपूर्ण संकेतों के बारे में, जो आपकी सेहत का राज खोलेंगे!

**हमेशा थकावट महसूस करना :** यदि आप पर्याप्त नींद लेने के बावजूद लगातार थकान महसूस कर रहे हैं, तो यह एक गंभीर संकेत हो सकता है। यह आपकी शरीर में आयरन, विटामिन बी-12 और कैलोरी की कमी को दर्शाता है। लगातार थकावट आपके पोषण में सुधार की आवश्यकता को इंगित करती है। इस स्थिति को नजरअंदाज करने से आप हीमोग्लोबिन की कमी या एनीमिया जैसी समस्याओं का सामना कर सकते हैं। इसलिए, अपने आहार में पौष्टिक तत्वों को शामिल करना बहुत जरूरी है ताकि आप ऊर्जा से भरपूर महसूस कर सकें।

**बाल झड़ना :** अगर कंघी करते समय या नहाते समय आपके बाल गिरते हैं, तो यह एक चेतावनी संकेत हो सकता है। यह प्रोटीन, आयरन या विटामिन डी की कमी को दर्शाता है। समय पर इस समस्या का समाधान न करने पर यह गंभीर रूप ले सकती है, जैसे कि असामान्य हेयर फॉल या गंजापन। सही पोषण और आवश्यक विटामिन्स का सेवन करके आप अपने बालों की सेहत को बेहतर बना सकते हैं, इसलिए इस संकेत को नजरअंदाज न करें!

**ब्रिटल नेल्स :** यदि आपके नाखून कमजोर, खुरदुरे या जल्दी टूटने लगते हैं, तो यह जिंक और आयरन की कमी का संकेत हो सकता है। ऐसे नाखून न केवल आपकी स्वास्थ्य स्थिति को दर्शाते हैं, बल्कि यह आपकी हड्डियों की कमजोरी का भी संकेत दे सकते हैं। इन पोषक तत्वों की कमी से नाखूनों की मजबूती और स्वास्थ्य प्रभावित होता है। इसलिए, संतुलित आहार लेकर इन तत्वों की कमी को पूरा करना जरूरी है, ताकि आप नाखूनों और हड्डियों दोनों को स्वस्थ रख सकें।

**ड्राई और डल स्किन :** अगर आपकी त्वचा सूखी और खिंची हुई है, तो यह डिहाइड्रेशन या विटामिन ए, सी और डी की कमी का संकेत हो सकता है। यह आपकी त्वचा की उम्र बढ़ाने का भी कारण बन सकता है।

**हमेशा सर्दी-जुकाम रहना :** यदि आप अक्सर सर्दी-जुकाम से परेशान रहते हैं, तो यह कमजोर इम्युनिटी का संकेत है। इससे बचने के लिए जिंक और विटामिन सी युक्त आहार लेना महत्वपूर्ण है।

**मांसपेशियों में दर्द व ऐंठन :** लगातार मांसपेशियों में दर्द या ऐंठन का मतलब है कि आपके शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स, पोटेशियम और मैग्नीशियम की कमी हो सकती है। यह स्थिति आपकी मांसपेशियों को कमजोर बना सकती है।

**स्लो रिकवरी :** यदि आपके चोट या कट को भरने में अधिक समय लगता है, तो यह आपके शरीर में जिंक, विटामिन सी और प्रोटीन की कमी का संकेत हो सकता है। यह संकेत देता है कि आपकी स्किन की मरम्मत की प्रक्रिया धीमी हो रही है।

# मीठा खाने का है मन तो ट्राई करें केला की खीर



जब भी कुछ मीठा खाने का मन करे तो खीर का नाम सबसे पहले ज़हन में आता है। लेकिन क्या आपने कभी केले से बनी खीर खाई है?

**सामग्री**

पका हुआ केला-2 (मसला हुआ)
दूध- 1 लीटर
चीनी- 4-5 टेबल स्पून (स्वाद अनुसार)
इलायची पाउडर- 1/2 टी स्पून
घी- 1 टेबल स्पून
कटे हुए ड्राई फ्रूटस- (बादाम, काजू, पिस्ता) 2-3 टेबल स्पून
किशमिश- 1 टेबल स्पून
केसर- कुछ धागे

अगर नहीं तो अब ज़रूर ट्राय कीजिए। केले की मिठास और दूध की मलाईदार स्वाद जब एक साथ मिलते हैं तो बनती है एक अनोखी और लाजवाब मिठाई जैसी केले से बनी खीर । यह खीर स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद होती है। तो आइए जानते हैं इस खास खीर को बनाने की आसान रेसिपी।



**बनाने की विधि**

1.सबसे पहले एक गहरे तले वाले बर्तन में दूध को मध्यम आंच पर उबालने रखें। दूध को चलाते रहें ताकि वह नीचे से जले नहीं।
2. दूसरी ओर, एक पैन में घी गर्म करें और उसमें मसला हुआ केला डालें। केले को धीमी आंच पर 4-5 मिनट तक भूनें ताकि उसका कच्चापन दूर हो जाए और हल्की मिठास बाहर आए।
3. जब दूध थोड़ा गाढ़ा हो जाए (लगभग आधा लीटर तक उबल जाए), तब उसमें भुना हुआ केला डालें और अच्छे से मिक्स करें। धीमी आंच पर 8-10 मिनट तक पकाएं।
4. अब खीर में चीनी और इलायची पाउडर डालें। इन्हें अच्छी तरह से मिक्स करें और 5 मिनट तक और पकाएं।
5. अब इसमें कटे हुए ड्राय फ्रूट्स और किशमिश डालें। अगर आप केसर इस्तेमाल कर रहे हैं, तो केसर को पहले थोड़ा गर्म दूध में भिगोकर खीर में डालें।
6. केला की खीर तैयार है! आप इसे गरम भी खा सकते हैं और फ्रिज में ठंडा करके भी परोस सकते हैं। दोनों ही तरह इसका स्वाद जबरदस्त होता है। अगर आप मीठे में कुछ नया और हेल्दी ट्राय करना चाहते हैं तो केला की खीर एक परफेक्ट ऑप्शन है। अगली बार जब घर में पके हुए केले हों और कुछ खास मीठा बनाने का मन हो, तो इस रेसिपी को ज़रूर

# हमारे कर्मों का रेखांकन स्थल है हमारी अंतश्चेतना

गरुड़ पुराण के अनुसार यमलोक में **चित्रगुप्त** नामक देवता हर एक जीव के भले बुरे कर्मों का विवरण प्रत्येक समय लिखते रहते हैं। जब प्राणी मरकर यमलोक में जाता है तो वह लेखा पेश किया जाता है, और उसी के आधार पर शुभ कर्मों के लिए स्वर्ग और दुष्कर्मों के लिए नरक प्रदान किया जाता है। साधारण दृष्टि से चित्रगुप्त का अस्तित्व काल्पनिक प्रतीत होता है। क्योंकि असंख्य प्राणियों द्वारा पल-पल पर किये जाने वाले कार्यों का लेखा दिन-रात बिना विश्राम के कल्प कल्पान्तों तक लिखते रहना एक देवता के लिए भी कठिन है। आधुनिक शोधों ने उपर्युक्त कथानक में से बड़ी महत्वपूर्ण सच्चाई को खोज निकाला है। डॉ. फ्रायड ने मनुष्य की मानसिक रचना का वर्णन करते हुए बताया है कि जो भी भले या बुरे काम ज्ञानवान प्राणियों के द्वारा किये जाते हैं, उसका सूक्ष्म चित्रण अंतश्चेतना में होता रहता है। जिस प्रकार ग्रामोफोन के रिकार्डो में रेखा रूप में गाने भर दिए जाते हैं और साथ ही उनके साथ बज रहे अनेक वाद्यों की ध्वनियों का विद्युत शक्ति के द्वारा एक प्रकार का संक्षिप्त एवम् मूल एकीकरण होता है और वह रिकार्ड में ज़रा सी जगह में रेखाओं द्वारा अंकित होता जाता है। तैयार किया हुआ रिकार्ड रखा रहता है, वह तुरंत ही अपने आप या जब चाहें नहीं बजने लगता, वरन् जब उसको ग्रामोफोन की मशीन पर घुमाया जाता है और सुई की रगड़ उन रेखाओं पर होती है तब उन सभी संग्रहीत ध्वनियों को प्रकट करता है। ठीक इसी प्रकार भले और बुरे जो काम किए जाते हैं। उनकी सूक्ष्म रेखाएँ अंतश्चेतना के ऊपर अंकित होती रहती है और मन के भीतरी कोने में जमा हो जाती है और गुप्त मन में जमी रेखाएँ उपयुक्त अवसर का आघात लगने पर ही प्रकट होती हैं। भारतीय विद्वान् कर्म-रेखा के बारे में बहुत प्राचीन काल से जानकारी रखते आ रहे हैं। **कर्म-रेखा नहिं मिटे, करो लाख चतुराई** आदि अनेक उक्तियाँ हिंदी और संस्कृत साहित्य में मौजूद हैं जिनसे प्रकट होता है कि कर्मों की रेखाएँ बिना फल दिए नहीं मिटती। कहा जाता है कि **विधि का लिखा को मेटन हारा** अर्थात् भाग्य में जो लिखा है उसे कोई मिटा नहीं सकता। डॉ.बीबेंस ने मस्तिष्क में भरे हुए ग्रे मैटर (भूरा चर्बी जैसा पदार्थ) की मूल दर्शक यंत्रों की सहायता से खोज करने पर वहीं के एक परमाणु में अगणित रेखाएँ पाईं। ये रेखाएँ किस प्रकार बनती हैं, इसका कोई शारीरिक प्रत्यक्ष कारण उन्हें नहीं मिला, तब उन्होंने अनेक मस्तिष्कों का तुलनात्मक अध्ययन करके यह निष्कर्ष निकाला कि निष्क्रिय, आलसी एवं विचारशून्य प्राणियों में ये रेखाएँ बहुत कम बनती हैं, किंतु कर्मनिष्ठ एवं विचारवानों में इनकी संख्या बहुत बड़ी होती है। अतएव ये रेखाएँ शारीरिक और मानसिक कार्यों को संक्षिप्त और सूक्ष्म रूप से लिपिबद्ध करने वाली प्रमाणित हुईं। भले बुरे का ग्रे मैटर के परमाणुओं पर यह रेखांकन (जिसे शास्त्रीय शब्दों में अंतश्चेतना का संस्कार कहा जा सकता है) पौराणिक चित्रगुप्त की वास्तविकता को सिद्ध कर देता है। गुप्त चित्रगुप्त मन, अंतश्चेतना, मूल मन, पिछला दिमाग, भीतर चित्र इन शब्दों के भावार्थ को ही 'चित्रगुप्त' शब्द प्रकट करता हुआ दीखता है। हमारा अंतर्मन ही निरंतर चित्रगुप्त देवता का कार्य करता है। जो भी भले बुरे काम हम करते हैं, उनका सूक्ष्म चित्र उतार कर अपने भीतर जमा करता है। जिसप्रकार सिनेमा के परदे पर लंबी चौड़ी तस्वीर दिखाई देती है किंतु उसका फ़िल्म केवल एक इंच चौड़ा ही होता है। इसी प्रकार पाप पुण्य का घटनाक्रम तो विस्तृत होता है पर उसका सूक्ष्म चित्र एक पतली रेखा मात्र के भीतर खिंच जाता है और वह रेखा गुप्त मन के किसी परमाणु पर अदृश्य रूप से जमकर बैठ जाती है। शार्ट हैंड लिखने वाले थोड़ी सी उलटी सीधी रेखाओं के इशारे से ज़रा से कागज पर बहुत कुछ लिख देते हैं। कर्म रेखा को भी ऐसी दैवी शार्ट हैंड समझा जा सकता है। मनोविज्ञान ने मन को दो भागो में बांटा है. 1)बाह्य मन 2) अंतर्मन। बाहरी मन तो यह सोच सकता है कि पाप कर्मों की रेखाएँ अपने ऊपर अंकित न होने दें और पुण्य कर्मों को बढ़ा चढ़ाकर अंकित करें जिससे पाप का फल ना भोगना पड़े और पुण्यफल का भरपूर आनंद प्राप्त हो। किंतु अंतर्मन ऐसा नहीं है। वह सत्यनिष्ठ जज के भाँति फैसला करता है। कोई लोभ, लालच, भय, स्वार्थ उसे प्रभावित नहीं करता। कहा जाता है कि मनुष्य के अंदर एक ईश्वरीय शक्ति रहती है, दूसरी शैतानी शक्ति। गुप्त मन को ईश्वरीय शक्ति और तर्क, छल,कपट, स्वार्थ, लोभ से युक्त बाह्य मन को शैतानी शक्ति कह सकते हैं। बाहरी मन धोखेबाजी कर सकता है परंतु भीतरी मन तो सत्य रूपी आत्मा का तेज है। निष्पक्ष रहना उसका स्वभाव है। इसीलिए ईश्वर ने इसे इतना महत्वपूर्ण कार्य सौंपा है। दुनिया उसे चित्रगुप्त देवता कहती है। हमारा चित्रगुप्त मन खुफिया जासूस की तरह हर घड़ी साथ रहता है और किये गए भले बुरे कार्यों को अपनी खुफिया डायरी में दर्ज करता है। अंतःकरण सब कुछ जनता है कि यह किस विचारए किस इच्छा सेए किस परिस्थिति में क्यों किया गया। वहाँ बाह्य मन को सफाई देने की जरूरत नहीं होती क्योंकि गुप्त मन उस बात के संबंध में पूरी जानकारी रखता है। हम जिस इच्छा से, जिस भावना से जो काम करते है, उस इच्छा या भावना से पाप-पुण्य का नाप होता है। भौतिक वस्तुओं की तौल-नाप बाहरी दुनियाँ में होती है। एक गरीब आदमी रुपये 2 दान देता है और एक अमीर आदमी रुपये 10,000 दान देता हैं। बाहरी दुनियाँ तो पुण्य की तौल रुपयों पैसों की गिनती के अनुसार करेगी। किंतु भीतरी दुनियाँ में यह तौल-नाप नहीं चलती। वहाँ तो इच्छा और भावना की नाप तौल होती है। इसी के मुताबिक पाप पुण्य का जमा खर्च किया जाता है। हमारे प्राणों के साथ घुलमिल कर रहने वाला चित्रगुप्त देवता बिना किसी पक्षपात के बुरे भले कर्मों का लेखा अंतश्चेतना के परमाणुओं पर लिखा करता है। उस अदृश्य लिपि को बोलचाल की भाषा में कर्म रेखा कहते हैं। पाप-पुण्य का निर्णय काम के बाहरी रूप से नहीं वरन कर्ता की इच्छा और भावना के अनुरूप होता है। यह इच्छा जितनी तीव्र होगी उतना ही पाप और पुण्य अधिक बलवान होगा। ज्ञानवान, विचारवान और भावनाशील हृदय वाले व्यक्ति जब दुष्कर्म करते हैं तो उनका चित्रगुप्त अर्थात् गुप्त मन उस करतूत को बहुत भारी पाप की श्रेणी में दर्ज कर देता है। और अज्ञानी, अशिक्षित व्यक्तियों को कम पाप लगता है क्योंकि उनको सत्-असत् कर्तव्य-अकर्तव्य का विवेक नहीं होता।



-डॉ. आशा रस्तोगी

# अनार के साथ नहीं खाएं ये चीजें

अनार का सेवन सेहत के लिए बहुत अधिक लाभदायक माना जाता है। लेकिन अगर आप इसे किस अन्य फूड के साथ खाते हैं, यह भी बहुत अधिक मायने रखता है। दरअसल, कुछ फूड कॉम्बिनेशन सेहत के लिए अच्छे नहीं माने जाते हैं।

**डेयरी प्रोडक्ट्स**

अनार के साथ डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, दही व पनीर, आदि को साथ में खाने से बचना चाहिए। दरअसल, अनार को डेयरी प्रोडक्ट्स के साथ खाने से पाचन में समस्या हो सकती है। अनार की अम्लता और दूध के प्रोटीन के मिलने से पाचन में समस्या हो सकती है, जिससे गैस, सूजन और अपच हो सकता है। यह खासकर उन लोगों के लिए ज्यादा समस्या बन सकता है जो दूध के प्रति सेंसेटिव होते हैं। इससे आपको एसिडिटी, गैस, और पेट में ऐंठन हो सकती है।

**सिट्रस फल**

अनार के साथ सिट्रस फल जैसे संतरा व नींबू, आदि का सेवन करना भी अच्छा नहीं माना जाता है। इन सिट्रस फल अनार के साथ मिलाने पर ज्यादा अम्लीय हो सकते हैं। दोनों का अम्लता स्तर अधिक होता है, जो पेट की लाइनिंग को परेशान कर सकता है और अपच या एसिड रिफ्लक्स की समस्या पैदा कर सकता है।

**अनानास**

अगर आप फ्रूट चाट बना रहे हैं तो अनानास और अनार को एक साथ ना खाएं। अनानास और अनार दोनों में अम्लीय गुण होते हैं, और इन्हें मिलाने से पेट में जलन हो सकती है। यह फूड कॉम्बिनेशन एसिड उत्पादन और पाचन संबंधी परेशानियों का कारण बन सकता है।

# ऐसे बनाएं रोड ट्रिप को परफेक्ट



शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे ट्रिप पर जाना पसंद न हो। पहले लोग बस और ट्रेन से सफर करना पसंद करते थे, लेकिन आज के समय में युवाओं के बीच रोड ट्रिप का काफी चलन है। भीड़ वाले पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने की बजाए अब लोग अपने दोस्तों और घरवालों के साथ रोड ट्रिप पर जाना ज्यादा पसंद करते हैं। यदि आप भी रोड ट्रिप पर जाने का प्लान कर रहे हैं, या फिर आप पहली बार रोड ट्रिप पर जा रहे हैं तो कुछ बातों को ध्यान में रखकर तैयारी करें। यहां हम आपको कुछ ऐसी ही टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको ध्यान में रखकर आप अपनी रोड ट्रिप को परफेक्ट बना सकते हैं।

**सबसे पहले गाड़ी की जांच कराएं**

यदि आप लंबी यात्रा पर जाने का प्लान कर रहे हैं तो ये सुनिश्चित करें कि गाड़ी सही हालत में रहे। इसके लिए इंजन ऑइल, ब्रेक, टायर, लाइट्स, बैटरी और एयर प्रेशर की जांच जरूर करें, ताकि रास्ते में आपको किसी तरह की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

**रास्ते की जानकारी लें**

जिस रास्ते से रोड ट्रिप पर जाना है, उसकी जानकारी पहले से ले लें। यानी कि ये पहले से ही पता कर लें कि उस रास्ते में होटल, ढाबे बगैरह हैं या नहीं। खासतौर पर पेट्रोल पंप को चिन्हित कर लें, ताकि आपको कहीं भटकना न पड़े। बीच-बीच में रुक कर गाड़ी की टंकी फुल कराते रहें, ये सबसे जरूरी है।

**इन सामानों को साथ रखें**

रोड ट्रिप पर जा रहे हैं तो अपने साथ कुछ सामान अवश्य रखें। इन सामानों में फर्स्ट एड किट, टॉर्च, पावर बैंक और वाहन से जुड़ी जरूरी चीजें जैसे टायर जैक, स्पेयर टायर आदि शामिल हैं। ये चीजें कभी भी आपके काम आ सकती हैं।

**पानी की बोतलें और ड्राई स्नैक्स भी साथ रखें**

रोड ट्रिप पर जाने से पहले घर से ही ड्राई स्नैक्स को साथ रख लें। इनमें मठरी, लड्डू, भेलपुरी, नमकीन, चिप्स जैसे स्नैक्स लंबे समय तक अच्छे बने रहते हैं। पानी की अतिरिक्त बोतलों को भी अपनी गाड़ी में रख लें, ताकि आपको प्यासा न रहना पड़े।

**ये है सबसे जरूरी सामान**

रोड ट्रिप पर जाने से पहले एक अलग से बैग कैरी करें और उसमें सभी कागजात एक साथ रख लें। इन कागजातों में ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का ऋष्ट, इंश्योरेंस पेपर और जरूरी पहचान पत्र शामिल हैं।

**आरामदायक कपड़े पहनें**

सफर चाहे लंबा हो या छोटा, उसमें सही कपड़े पहनना बेहद जरूरी हो जाता है। इसलिए रोड ट्रिप के दौरान ढीले और सांस लेने वाले कपड़े पहनना बेहतर होता है। जूतों की बजाए पैरों में स्लीपर्स पहनें, ताकि आप आराम से बैठ सकें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ सोमवार, 12 मई 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वसंत ऋतौ वैशाख मासोत्तमे शुक्ल पक्षे। पूर्णिमा तिथौ सोम वासरे 22/26/ स्वाती नक्षत्रे 06/18/ वरीयान योग 29/18/ भद्रा करणे 09/14/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.26 मि.28पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा घं.09मि.14 पर। स्नान दान आदि की वैशाखी पूर्णिमा। सायंकाल कूर्म जयंती।

**मेष :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायी होगी। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। जीवन सुखमय होगा।

**वृष :** विभागीय परिवर्तन अथवा नये अनुबंध की दिशा में सफलता मिलेगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने से आपके वर्चस्व में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद और लाभकारी रहेगी। निजी संबंध प्रगाण होंगे। रुके धन की प्राप्ति होगी।

**सिंह :** दूसरों से सहयोग लेने में सफल होंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा देशाटन में लाभ होगा। ऋण भार में कमीं रहेगी।

**कन्या :** ग्रहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। उपहार का लाभ मिलेगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। सुसंगति लाभ होगा।

**तुला :** आत्मविश्वास में शुद्ध होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। वृद्ध परिजनों पर व्यय होगा।

**वृश्चिक :** मैत्री संबंधों में तनाव व विवाद से बचे। रोग विकार व मौसम के रोगों से प्रभावित हो सकते हैं। सकते हैं। व्यावसायिक प्रयास भलीभूत होंगे।

**धनु :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में किया गया श्रम सार्थक होगा। जीवन सुखमय होगा। दाम्पत्य सुख मिलेगा।

**मकर :** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। किसी कार्य के करने से प्रभाव बढ़ेगा।

**कुंभ :** उपहार या मान सम्मान का लाभ मिलेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बर्ग संबंधों में निकटता आयेगी। मान सम्मान बढ़ेगा।

**मीन :** धन, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। यात्ता देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।







# एक राष्ट्र एक चुनाव भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था के लिए हितकारी: जेपीएस राठौर

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। एक राष्ट्र एक चुनाव के संबंध में नगर के एक निजी गेस्ट हाउस में प्रबुद्ध समागम का आयोजन किया गया इस आयोजन में जिले के प्रबुद्ध गण उपस्थित रहे मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्रप्रभार) जेपीएस राठौर उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक डाक्टर केडी जोशी द्वारा की गई । सर्वप्रथम मुख्य अतिथि राज्य मंत्री जेपीएस राठौर व भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात स्वागत भाषण देते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव आज हमारे देश की प्रमुख आवश्यकता है जहां देश का अधिकांश समय व अधिकांश धन निरंतर हो रहे चुनाव प्रक्रिया में खर्च हो रहा है वही एक राष्ट्र एक चुनाव होने से विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ होने पर अपव्यय और समय की बचत होगी जिसे देश के विकास




में लगाया जाएगा और देश खुशहाल होगा उन्होंने आए हुए सभी प्रबुद्ध जनों का स्वागत एवं अभिनंदन किया अपने उद्बोधन में बोलते हुए मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने बताया की एक राष्ट्र एक चुनाव परम पूज्य बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अंबेडकर की अवधारणा थी। जिसके लिए उन्होंने भारतीय संविधान में प्रावधान किया था आजादी के बाद सर्वप्रथम राष्ट्र में विधानसभाओं व लोकसभा के चुनाव साथ में हो रहे थे लेकिन कांग्रेस पार्टी ने अपनी फायदे की नीति के चलते इन्हें अलग-अलग कराया जिससे देश में बड़ी विसंगतियां हो गई थी। इन विसंगतियों को दूर करने के लिए और बाबा साहेब का सम्मान रखते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेता हमारे व हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में एक कमेटी बनाई थी जिसे वन नेशन वन इलेक्शन पर अपनी रिपोर्ट सौपी है आज देश के चारों तरफ एक राष्ट्र एक चुनाव की मांग उठाई जा रही है जल्द ही इस पर एक नया स्वरूप देखने को मिलेगा। जो कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए हितकर होगा। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का कार्यक्रम अध्यक्ष डाक्टर केडी जोशी ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। एवं सभी से एक राष्ट्र एकचुनाव पर समर्थन कर जन जागरण करने का आवाहन भी किया। कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों ने एक राष्ट्र एक चुनाव की नीति का समर्थन किया। कार्यक्रम को मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव एवं बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला मंत्री जया सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी, गोपाल टंडन, प्रेम त्रिपाठी, अनुप खेतान, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नेहा अवस्थी, नमिद्र अवस्थी, मनोज मिश्रा, कामेश शुक्ला, अमितदीक्षित, कौशलेंद्र सिंह अनुप शुक्ला, गोपाल टंडन तुषार साहनी, मोनू सहगल, अमन कृष्ण गोपाल चांदनी संजीव गुप्ता, रामेश्वर प्रसाद संजय मिश्रा सुधाकर शुक्ला नैमिष रत्न तिवारी, शिवकुमार गुप्ता, राजन गुप्ता पंकज पांडे, करुणा शंकर सहित लोग उपस्थित रहे।

# तालाब की सफाई के साथ जल निकासी न होने से शाहजानी वार्ड में रास्ते पर भरा पानी

महमूदाबाद-सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। तालाब की सफाई के साथ जल निकासी न होने से शाहजानी



वार्ड में रास्ते पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। वार्डवासी कई बार नगर पालिका में शिकायत कर चुके हैं किंतु समस्या का समाधान नहीं हो सका है। तालाब के किनारे लगा इंडियामार्का हैंडपंप करीब छह माह से खराब है। महमूदाबाद नगर पालिका के शाहजानी वार्ड में करीब १२ सौ आबादी निवास करती है। वार्ड के पूरब सड़क के किनारे भूलेखों में गाटा संख्या ११५ पर रकबा ०.११४ हेक्टेयर तालाब के रूप में दर्ज है। तालाब की सफाई न होने के जलकुंभी बहुत हो गई है जिससे तालाब में पानी उफना रहा है। पानी तालाब से निकलकर वार्ड से निकलने वाले रास्ते पर भर रहा है। वार्डवासी आशुतोष बारी, विवेक वर्मा, नरेंद्र वर्मा, बबलू आदि ने बताया कि कई बार नगर पलिका को शिकायत पत्र देकर जलनिकासी के लिए नाला निर्माण की मांग की जा चुकी है किंतु समस्या का समाधान नहीं हो सका है। तालाब व सड़क के किनारे लगा हैंडपंप भी करीब छह माह से अधिक समय से खराब है। ईओ शैलेंद्र दुबे ने बताया समस्या संज्ञान में है, स्टीमेट बनवाकर जल्द समाधान करवाया जाएगा। तालाब की सफाई जल्द करवाई जाएगी।

# रीजेन्सी स्कूल में हुआ रेड हाउस कॉन्सर्ट

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। रीजेन्सी पब्लिक स्कूल, रस्यौरा के प्रांगण में 'गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर' सदन के तत्वावधान में रेड हाउस कॉन्सर्ट का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के निदेशक ए. आर. जैदी' एवं प्रधानाचार्या 'श्रीमती राशिदा जैदी' का स्वागत टैगोर सदनाध्यक्षों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ निदेशक ए. आर. जैदी' ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर एक ओर जहाँ सदन के छात्रों द्वारा गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर रचित मधुर गीत प्रस्तुत किया तो वही शान्तिदायक रवीन्द्र संगीत सुनकर सभी झूम उठे। सदन की दृश्या राय एवं प्रतिष्ठा बाजपेई एवं इश्मीत कौर ने अपने हिन्दी व अंग्रेजी भाषण के द्वारा गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवन पर प्रकाश डाला इसी क्रम में 'अतिथि' लघु नाटिका, समूह



नृत्य एवं आर्केस्ट्रा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्कार बाजपेई एवं अभ्या त्रिपाठी ने किया, अंत में आयूष कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। निदेशक महोदय ने बच्चों को संबोधित करते हुए अनुशासित, कर्तव्यपरायण और कर्मठ होने की प्रेरणा दी और छात्रों को रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या 'श्रीमती राशिदा जैदी' ने टैगोर सदन की अध्यक्षा 'श्रीमती मेधा श्रीवास्तव', 'रिचा मेहरोत्रा' और साक्षी सचदेवा एवं उनकी टीम को सफलता की बधाई दी।

# गन्ने के खेत में मिली युवती की लाश का पुलिस ने किया खुलासा

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। थानगांव एक सप्ताह पूर्व गन्ने के खेत में मिली युवती की लाश के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। प्रेमी ने ही युवती की हत्या को अंजाम दिया था। प्रेमी ने युवती को भाग चलने के लिए कहा था जिस पर युवती ने मना कर दिया। नाराज होकर प्रेमी के युवती को गला दबाकर हत्या कर दी। बीते दिनों थानगांव क्षेत्र में युवती का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सीओ वेद प्रकाश ने बताया कि थानगांव के जगदीशपुर के पास गन्ने के खेत में शुक्रवार दो मई को सरैंया भटपुरवा की युवती का शव बरामद हुआ था। शव मिलने के एक दिन पूर्व युवती की मां ने थाने पर तहरीर देकर बिसवां के मुरऊ टोला के आशीष मौर्य के खिलाफ बेटी को भगा ले जाने का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने गहनता से जांच शुरू की। शुक्रवार की सुबह रेउसा मार्ग पर चौका नदी पर बने चंदौली पुल के पास से थानाध्यक्ष अतुल शुक्ल, उप निरीक्षक राम



दुलार, एचसीपी मनोज कुमार द्विवेदी ने आशीष मौर्य को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आशीष ने बताया कि वह मृतका को लेकर रेउसा बाजार से रात करीब १० बजे वापस आ रहा था। इसबीच उसने युवती से भाग चलने को कहा। प्रेमिका ने गुस्से में आकर मां-बाप को सारी बात बताने की धमकी दी, जिससे आक्रोशित होकर आशीष ने गन्ने के खेत के पास प्रेमिका को पटक दिया और उसका गला दबा दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आशीष मौर्य को अपहरण व हत्या के जुर्म में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया आरोपी आशीष का युवती से प्रेम संबंध था। भागने की बात पर युवती राजी नहीं थी जिसके चलते आशीष ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी थी। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# मां से बढ़कर दुनिया में दूसरी कोई शक्ति नहीं अलका वर्मा

महमूदाबाद-सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। मां से बढ़कर दुनिया में दूसरी कोई शक्ति नहीं है। मां बच्चे के लिए पालनहार के साथ प्रथम गुरू भी है। मां की ममता का कोई मूल्य नहीं है। मातृ दिवस के मौके पर महमूदाबाद के प्राथमिक विद्यालय पैगंबरपुर में दो दिन पूर्व शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लाक इंजीनियर पंचायती अलका वर्मा ने कही। कार्यक्रम के दौरान जेई अल्का वर्मा, सभासद आसिफसईद, सेंट जोसफ विद्यालय की शिक्षिका जूली द्वारा १० विद्यार्थियों की माताओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी माताओं को हैप्पी मदर्स डे लिखे ग्रीटिंग दिए।

इस मौके पर प्रधानाचार्या किस्मत द्विवेदी, पूजा गुप्ता, ज्ञानेंद्र, दीपाली, मोनिका वर्मा, सविता श्रीवास्तव, निवेदिता सिंह, रंजना मिश्रा, फैजान सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों का सम्मान प्रधानाचार्य द्वारा स्मृतिचिंह देकर किया गया।

# एक जनपद एक उत्पाद के तहत पात्रों को किया जाये लाभान्वित

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उ०प्र० सरकार द्वारा संचालित एक जनपद एक उत्पाद (ओ०डी०ओ०पी०) प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजनान्तर्गत जनपद के दरी उत्पाद से सम्बन्धित ऐसे कारीगरों/हस्तशिल्पियों जिनके द्वारा उक्त कार्य किया जाता है, को १० दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण की योजना संचालित की गई है। योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु किसी भी जाति के ऐसे अभ्यर्थी/कारीगर को परम्परागत कारीगरी से जुड़े होने का प्रमाण के रूप में हस्तशिल्पी कार्ड, बुनकर कार्ड, ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत, अथवा नगर पालिका के सम्बन्धित वार्ड सदस्य द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। साथ ही आवेदक की आयु १८ वर्ष से अधिक हो, प्रदेश का मूल निवासी हो, आवेदक द्वारा भारत सरकार अथवा प्रदेश सरकार की अन्य किसी योजनान्तर्गत दरी उत्पाद से सम्बन्धित टूलकिट का लाभ विगत दो वर्षों मे प्राप्त न किया हो, आवेदक को योजनान्तर्गत एक ही बार लाभ दिया जायेगा तथा पात्रता की शर्ते पूर्ण करने के सम्बन्ध में घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। चयनित अभ्यर्थी को प्रशिक्षण के समय खाने की व्यवस्था रहेगी एवं बायोमेट्रिक उपस्थिति द्वारा प्रशिक्षण के उपरान्त टूलकिट एवं प्रमाण-पत्र का वितरण किया जायेगा। साथ ही प्रशिक्षार्थी को प्रतिदिन रू० २००/-मानदेय के रूप में दिया जायेगा। योजनान्तर्गत मात्र आनलाइन आवेदन-पत्र मान्य होगें। इच्छुक कारीगरों/व्यक्तियों द्वारा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की बेवसाइड पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। योजना से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, सराय मल्हुई सीतापुर में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

# प्रतिमा स्थल व परिसर का सौंदर्यीकरण कराये जाने की मांग

महमूदाबाद-सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। महंत अवैद्यनाथ की प्रतिमा लगने के बाद अब बैसनपुर के नागरिकों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर प्रतिमा स्थल व परिसर का सौंदर्यीकरण कराए जाने की मांग की गई है।

लक्ष्मी गणेश, कुबेर सुख समृद्धि कल्याण सोसायटी के अध्यक्ष राजेश सिंह ने जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में बताया है कि बैसनपुर में श्रीराम जन्मभूमि के संरक्षक ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ की १२.५ ऊंची आदमकद ब्रांस धातु की शासन की सहायता से प्रतिमा स्थापित हो गई है। जिलाधिकारी को पत्र भेजकर राजेश सिंह ने प्रतिमा स्थल व परिसर के सौंदर्यीकरण की मांग की है।

# रेलवे क्रासिंग बंद होने से बायपास पर लगता है घंटों का जाम

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर रेलवे क्रासिंग बंद होने से बायपास



पर घंटों का जाम लगता है। अमीरगंज की ओर लगने वाली पूरे मार्ग पर लंबी-लंबी कतारें बायपास से गुजरने वाले राहगीरों के लिए भी मुसीबत का सबब बन रही हैं। राहगीरों ने रेलवे क्रासिंग पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की मांग की है। महमूदाबाद से लखनऊ जाने वाले मार्ग पर पड़ने वाली रेलवे क्रासिंग बंद होते ही दोनों ओर जाम की स्थिति बन जाती है। वाहन चालक अमीरगंज की ओर बेतरतीब तरीके से पूरी सड़क पर आड़े-तिरछे वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। पूरा मार्ग जाम होने के चलते फतेहपुर की ओर आने वाले बायपास पर महमूदाबाद नगर व सिधौली की ओर जाने वाले वाहन चालक जाम में फंस जाते हैं। राहगीरों ने लखनऊ रेलवे क्रासिंग पर यातायात नियंत्रित करने के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती की मांग की है।

# शिविर में चिकित्सकों ने 150 मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



महमूदाबाद-सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। नगर के पटेलनगर स्थित जेपी चंद्रा अस्पताल में डा. लोकपति वर्मा द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने 150 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएँ वितरित की गईं। इस दौरान मरीजों की खून और शुगर की निश्शुल्क जांच भी की गई। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया गया। शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ डा. विभोर महेंद्र, यूरालाजिस्ट डा. जैद अहमद, हृदय रोग विशेषज्ञ डा. एमके गोयल, जनरल फिजिशियन डा. लोकपति वर्मा, जनरल फिजिशियन डा. बृजभूषण वर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. सैयदा फातिमा ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने आने वाले रोगियों को गर्मी में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस अवसर पर दिलीप सिंह, चंद्रदत्त वर्मा, सरवन सिंह, राजेश शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# संगीत के क्षेत्र में हर गांव के लाल ने फहराया जीत का झंडा

हरगांव-सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। जिले के विकासखंड हरगांव के ग्राम नौनेर के अंकित मिश्रा ने बालीवुड में संगीत के क्षेत्र में एक मुकाम हासिल करने का कार्य किया है जानकारी के अनुसार पंडित शिवसागर लाल मिश्र निवासी नौनेर विकासखंड हरगांव के पुत्र उमाशंकर मिश्र गुड्डू के बेटे अंकित मिश्रा ने एक इंटरनेशनल प्रतियोगिता जीतकर सीतापुर जनपद का नाम रोशन करने का कार्य किया है अंकित मिश्रा की प्रारंभिक शिक्षा हरगांव सीतापुर में हुई है स्नातक भातखंडे संगीत विद्यापीठ लखनऊ वी परास्ना तक उचं का कोर्स भी भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय लखनऊ से किया साथ ही राहुल अवस्थी ,तनवीर अहमद, रामेश्वर प्रसाद मिश्र से भी संगीत को सीखने का कार्य किया कई बार इंडियन आईडल में



हिस्सा लिया लेकिन भाग्य ने साथ नहीं दिया वह सेलेक्ट नहीं हो पाए नेट पर एक विज्ञापन देखकर मारीशस देश में हुई प्रतियोगिता में प्रतिभाग् किया वह मारीशस देश के पापुलर सिंगर बन गए वहां के राष्ट्रपति गोकुल ने उनको सम्मानित भी किया कुछ दिनों पूर्व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता मुंबई में हुई जिसका नाम बैटल आफबैंड्स इंटरनेशनल था जिसमें ११ देश तंजानिया ,स्पेन, लंदन, मारीशस, नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर, ताजिकिस्तान ,रसिया, मालदीव ने भाग लिया जिसमें इब्नीस (मइंदमर)बैंड मारीशस ने भी भाग लिया इसके प्रमुख गायक अंकित मिश्रा थे उन्होंने इस प्रतियोगिता को जीत कर जहां प्रथम स्थान हासिल किया वहीं ५ लाख रुपए का पुरस्कार भी जीता है बैटल आफबैंड का प्रसारण गत दोनों डीडी १ व अन्य चौनलों पर पूरे देश में दिखाया गया साथ इस कार्यक्रम बैटल आफ बैंड के शो की आनर रही श्रुति आनंदित वर्मा ,श्रद्धा पंडित, गेस्ट जज अनु मलिक, सुरेश वाडकर ,अभिजीत भट्टाचार्य, शाहिद माल्या ,सलीम मोदी ने भी अंकित की गायकी की सराहना कीइसके साथ ही सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा देश के नए टैलेंट की प्रतिभा देखकर पुरस्कार करने वाले कार्यक्रम वेव जो की १ में से ४ मई तक मुंबई में आयोजित किया गया उसमें भी अंकित मिश्रा की गायकी देखकर फिल्म सर्टिफिकेशन सेंट्रल बोर्ड भारत सरकार के अध्यक्ष प्रसून जोशी द्वारा गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया अंकित मिश्रा की सफलता पर क्षेत्रीय विधायक व कारगर राज्य मंत्री सुरेश राही ने कहा की अंकित भविष्य में बालीवुड के बड़े सिंगर बने ऐसी मेरी कामना है व बहुत दिनों से यह परिवार मुझे वह मेरे परिवार से जुड़ा हुआ है अंकित की सफलता पर पूर्व विधायक रमेश राही ,अध्यक्ष गफ्फार खान ,प्रमुख प्रतिनिधित्व कमलेश वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्यअरुणेश त्रिपाठी ,सुमित शुक्ला, वीरेंद्र मिश्रा बच्चा, अमरजीत सिंह बाटू ,शेर सिंह विजय मिश्रा मंडल अध्यक्ष संजय जयसवाल युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सचिन मिश्रा आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# मातृ दिवस पर डॉ अमित शर्मा की पुस्तक ‘मां - एक अनोखा रिश्ता’ का हुआ विमोचन

## राज्यपाल झारखंड संतोष गंगवार और वन व पर्यावरण राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार, प्रोफेसर राजकुमार ने किया विमोचन

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** मातृ दिवस के मौके पर महामहिम राज्यपाल झारखंड संतोष गंगवार और वन व पर्यावरण राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार, प्रोफेसर राजकुमार व इंद्रदेव त्रिवेदी ने राज्य पुरस्कृत शिक्षक, राज्य आईसीटी पुरस्कार से सम्मानित प्राथमिक विद्यालय मटिया नगला फरीदपुर बरेली के प्रधान अध्यापक डॉ. अमित शर्मा की पुस्तक का विमोचन किया। डॉ. अमित शर्मा द्वारा संपादित इस पुस्तक का शीर्षक मां - एक अनोखा रिश्ता है जो कि डॉ. शर्मा ने अपनी स्वर्गीय माता श्रीमती ऊषा शर्मा को समर्पित की है। मातृ दिवस के पावन अवसर पर मां के ऊपर संपादित पुस्तक का विमोचन राज्यपाल झारखंड संतोष गंगवार और वन व पर्यावरण राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार, प्रोफेसर राजकुमार आदि के कर कमलों द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉ. सुरेश बाबू रस्तोगी, तरुण गंगवार, प्रेम बाबू, उदयभान, अतुल, सभासद रामपाल गंगवार, अनिल गुप्ता, लाल बहादुर गंगवार, रूप किशोर, वीरेंद्र कुमार, सतीश रोहतगी, डॉ. अखिलेश उपाध्याय, डॉ. आर. के. सिंह, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. अजय शर्मा, पुष्प लता माहौर, मोहित शर्मा, दामिनी मिश्रा, शुभ्रा शर्मा, वैष्णवी, प्रज्ञन्य शर्मा, डॉ. नीति माहौर, डॉ. अनिल चौबे, डॉ. रवि प्रकाश, श्रीकांत मिश्रा, डीसी उर्दू, प्रमोद कुमार सिंह, डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. धीरज गांधी, शिखा शर्मा, विकास जैन, तृप्ति उपाध्याय, राहुल जैन, रश्मि उपाध्याय, सुरभि अग्रवाल, ममता राजन, आदि अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।




डॉ. अमित शर्मा ने बताया कि पुस्तक में वन, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री, अरुण कुमार, शिक्षा निदेशक - माध्यमिक, डॉ. महेंद्र देव, सहायक निदेशक, समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश, डॉ. मनोज कुमार वर्मा, अध्यक्ष, जिला पंचायत, रश्मि पटेल, जिला विद्यालय निरीक्षक, डॉ. अजीत कुमार, बीएसए बरेली संजय सिंह, अध्यक्ष, अर्बन को - ऑपरेटिव बैंक श्रुति गंगवार, प्रोफेसर डॉ. सोती शिवेंद्र चंद्र, प्रोफेसर डॉ. आदर्श कुमारी शर्मा जैसे प्रतिष्ठित एवं विद्वतजनों के प्रेरक उद्बोधन, आशीर्वचन एवं शुभकामना संदेश सम्मिलित हैं। विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिष्ठित पचपन विद्वतजनों के लेख इस पुस्तक में प्रकाशित हैं जो मां के प्रति अपने मार्मिक अनुभवों, सम्मान और जुड़ाव को पाठकों के साथ साझा करते हैं। पुस्तक की समीक्षा डॉ. अखिलेश उपाध्याय ने की। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक लाल बहादुर गंगवार किया।

# बीइंग स्पिरिचुअल फाउंडेशन परिवार मातृत्व दिवस पर माताओं को सम्मानित कर हुआ गौरवांवित

## हर धर्म हर संस्कृति में मां सर्वोपरिः डॉ धर्मेंद्र कुमार

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** मातृत्व दिवस के अवसर पर ग्रीन पार्क, हरुनगला रोड स्थित संस्था बीइंग स्पिरिचुअल फाउंडेशन परिवार द्वारा माताओं का सम्मान किया गया। सम्मानित कार्यक्रम में श्रीमती शरबती देवी, श्रीमती सरोज जौहरी, श्रीमती भगवान देई, श्रीमती शिव देई, श्रीमती अनीता सिंह, श्रीमती सुमित्रा देवी, श्रीमती सुमन रानी, श्रीमती संतोष, श्रीमती सीमा, श्रीमती ममता त्यागी, श्रीमती मीनाक्षी वशिष्ट एवं अर्चना सक्सेना आदि को सम्मानित किया गया। मातृत्व दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरु धर्मेंद्र कुमार के सानिध्य में उपस्थित सम्मानित माताओं के कर कमलों द्वारा किया गया। तत्पश्चात बीइंग स्पिरिचुअल फाउंडेशन परिवार के सदस्यों ने मंच आसीन नारी शक्तियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मीडिया प्रभारी आशीष जौहरी ने कहा कि धर्म भक्ति एवं सेवा तीनों ही मां से शुरू होते हैं अतः प्रत्येक दिन मां हमारे लिए पूज्यनीय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था हमेशा ही अपनी साँस्कृतिक धरोहरों का इसी प्रकार कार्यक्रमों द्वारा सम्मान करती रहती है एवं आगे भी करती रहेगी।




संस्था के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरु धर्मेंद्र कुमार ने सभी माताओं को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही श्री मद भागवत गीता की प्रति भी भेट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हर धर्म हर संस्कृति में मां को ईश्वर के समान माना गया है। उन्होंने कहा कि मां हमारी पहली गुरु, पहली प्रार्थना एवं पहली सुरक्षा भी होती है। मातृत्व दिवस कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरु धर्मेंद्र कुमार के आह्वान पर सभी आगंतुकों ने दाहिना हाथ उठाकर शपथ ली कि हम सभी न केवल अपनी माताओं का सम्मान करेंगे अपितु मातृ शक्ति के हर रूप नारी, कन्या, पृथ्वी एवं प्रकृति की रक्षा और सेवा सदैव करेंगे। मातृत्व दिवस कार्यक्रम के अवसर पर श्रीमती सुमन रानी, क्रिएटिव डायरेक्टर डॉ शिवम यादव, मीडिया प्रभारी आशीष जौहरी, संजीव कुमार त्यागी, रामवीर सिंह, सुरजीत सिंह, सौरभ सिंह चौहान, डिजिटल डायरेक्टर अभय गुप्ता, विकास यादव, अशोक जौहरी, डीके श्रीवास्तव, त्रिलोकी नाथ शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने चोरी के तीन मोबाइल समेत दो चोर किए गिरफ्तार

**बरेली।** थाना क्योलड़िया पुलिस टीम ने ममता मैरिज लॉन ग्राम नकटी नारायणपुर थाना क्योलड़िया से लोकेश पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम नकटी नरायणपुर थाना क्योलड़िया, जितेन्द्र पुत्र गोपाल निवासी ग्राम नकटी नरायणपुर थाना क्योलड़िया को तीन मोबाईल फोन एक वीवो कम्पनी, कलर फिरोजी, एक ओप्पो कम्पनी, रंग फिरोजी और मोटोरोला कम्पनी, ग्रीन रंग के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध पंजीकृत कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, निअ श्रवण कुमार यादव, कांस्टेबल सुमित यादव व सुधीर कुमार मौजूद रहे।

# हाई स्कूल व इंटरमीडिएट टॉपर को किया गया सम्मानित

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** आर्य समाज मंदिर फरीदपुर में रविवार को साप्ताहिक यज्ञ निर्विघ्न संपन्न हुआ, जिसमें समस्त धर्म प्रेमियों ने उपस्थित होकर अपना समय व सहयोग प्रदान किया। तथा हाई स्कूल व इंटरमीडिएट टापर श्याम सुंदर कन्या इंटर कॉलेज व किशोर चन्द्र कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को प्रधान विजय बहादुर गौड़ की अध्यक्षता में सम्मानित कर आशीर्वाद दिया। श्याम सुंदर कन्या इंटर कॉलेज से रेशू पुत्री ऋषिपाल, चंचल पुत्री बुद्ध सागर, शिवानी पुत्री अनिल कुमार वही किशोर चन्द्र से अंशिका पुत्री केशव सिंह तोमर, अंशिका शर्मा पुत्री मधुरेश कुमार, सृष्टि राठौर पुत्री हितेंद्र सिंह, मुस्कान यादव पुत्री संतोष कुमार, सभी छात्राओं ने अपने कॉलेज व अपने माता-पिता तथा फरीदपुर का गौरव बढ़ाया सभी को आर्य समाज मंदिर का प्रशस्ति पत्र प्रदान कर आशीर्वाद दिया।



प्रधान विजय बहादुर गौड़ ने सम्मानित करते हुए कहा कि बेटियां समाज में लड़कों से अच्छा कार्य कर रही है। वही रामनिवास आर्य उपप्रधान जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बरेली ने कहा कि बेटियां दो परिवारों को सुधारती है। आज स्त्री जाति रील बनाने के चक्कर में अश्लीलता फैला रही हैं। लेकिन आर्य समाज ढोंग, पाखंड व चरित्र हीनता आदि दूषित वातावरण से दूर रहने का निरंतर प्रचार कार्यक्रम चलाकर, अच्छे समाज का निर्माण कर रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी अमित कुमार सिंह तोमर सनातन वैदिक संस्कृति को समाचार पत्र के माध्यम से सर्वहितकारी बनाने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर श्याम लाल आर्य, मनुवीर सिंह आर्य, विजेन्द्र नाथ गुप्ता, कृष्ण पाल सिंह आर्य, सत्यवती आर्या, गुड्डी देवी आर्या, प्रेमशंकर आर्य ने राजेन्द्र सिंह आर्य के पुत्र का नाम करण संस्कार वैदिक रीति से कराया। जोकि आर्य समाज लाइन पार मठिया फरीदपुर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रधान विजय बहादुर गौड़, मंत्री रामनरेश गौड़, पर्वत सिंह, बब्लू पाण्डेय, सत्यदेव, भुदेव, आदि मौजूद रहें।

# मातृ दिवस पर जनप्रतिनिधि ने लगाया एक पेड़ मां के नाम

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर डी.डी पुरम स्थित पंडित दीनदयाल पार्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान की अंतर्गत कैंट विधायक प्रदेश सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना के साथ वृक्षारोपण किया।



कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि आज मातृ दिवस के अवसर पर एक पेड़ जो मां के नाम से लगाया गया है इसका पूर्ण रूप से संरक्षण हम करेंगे। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने आग्रह किया कि हम सभी को अपनी अपनी मां के नाम से एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और पेड़ लगाने के साथ-साथ उसका पूर्ण रूप से संरक्षण भी स्वयं करना ही चाहिए जिससे कि पर्यावरण में वृद्धि हो और जनजीवन सुगम और सफल हो।

मातृ दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सक्सेना एडवोकेट ,भाजपा महानगर उपाध्यक्ष अरुण कश्यप भाजपा महानगर मंत्री अमरीश कठेरिया एडवोकेट,व प्रदीप रोहिला ने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम से लगाया।

# खबर एक नजर

## मातृ दिवस के अवसर पर जुम्बा क्लास में हुआ खास आयोजन

**बरेली।** मातृ दिवस के अवसर पर जुम्बा क्लास में एक खास आयोजन किया गया, जिसमें सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी महिलाएं किसी न किसी रूप में मां हैं, और इस दिन को विशेष बनाने के लिए क्लास की संचालिका भावना जोशी द्वारा जुम्बा सेशन, ग्रैंड वॉक और गेम्स का आयोजन किया गया। जुम्बा न केवल शारीरिक रूप से फिट रहने का माध्यम है, बल्कि मानसिक स्फूर्ति और सामाजिक जुड़ाव का भी स्रोत है। इस आयोजन में वार्ड 18 की पार्षद सुधा सक्सेना, बिंदु मिश्रा, अनुराधा दुबे, मंजूषा मिश्रा, निशिका, वंदना, मीना सिंह, शिवानी, अभिलाषा, अल्का, सोनिया, अनन्या, पुष्पा सहित कई महिलाएं शामिल रहीं। सभी ने गेम्स का आनंद लिया और एक-दूसरे के साथ मिलकर मातृत्व का उत्सव मनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिससे यह दिन उनके लिए और भी यादगार बन गया।



## पर्वतीय समाज के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह दियोलिया चुने गए




**बरेली।** कुर्मांचल नगर के भोलेनाथ मंदिर परिसर में पर्वतीय समाज की कार्यकारिणी के आम चुनाव संपन्न हुए। इस चुनाव में देवेंद्र सिंह दियोलिया अध्यक्ष मनोनीत हुए और महासचिव डॉ नरेन्द्र सिंह बिष्ट चुने गए। वहीं मुख्य सलाहकार कुंवर सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष इंदर सिंह बिष्ट, चन्द्र प्रकाश जोशी वरिष्ठ सचिव, मदन सिंह बिष्ट उपाध्यक्ष, जगदीश सिंह बिष्ट उपकोषाध्यक्ष,सांस्कृतिक प्रभारी पुरुष पूरन सिंह दानू,सांस्कृतिक प्रभारी महिला सोमा परिहार और देवेंद्र रावत मीडिया प्रभारी चुने गए। इस दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी मान सिंह नेगी, कुंवर सिंह बिष्ट और भुवन चंद्र पांडेय ने चुनाव संपन्न कराने में सहयोग दिया।

## पति-पत्नी के हुए विवाद में पत्नी ने गले में साड़ी का फंदा डालकर आत्महत्या करने का किया प्रयास, हालत गंभीर

**भुता।** थाना क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा में पति पत्नी के बीच कुछ कहा सुनी होने पर नाराज होकर पत्नी ने गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजनों ने आनन-फानन में फांसी के फंदे से उतार कर बरेली अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर बताई बनी हुई है। रविवार गांव सडकडा में सुबह लगभग 11 बजे के समय पर प्रमोद व उनकी पत्नी दुर्वेश से कुछ कहा सुनी हो गई थी। इसी बात से नाराज होकर मौका पाकर कमरे में लगे कुंडे से गले में साड़ी का फंदा डालकर जान देने का प्रयास किया। इतने में ही पति प्रमोद ने देख लिया, और शोर मचाने पर परिवारजनों ने मिलकर उसे फांसी के फंदे से उतार लिया और तत्काल उसे उपचार हेतु बरेली एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बतायी जाती है।

## जनपदीय खो-खो एवं कबड्डी विजेताओं को किया कैंट विधायक ने पुरस्कृत

**बरेली।** पीलीभीत रोड स्थित ज्योति कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइन्स एण्ड टैक्नोलॉजी में खेल जगत फाउंडेशन उ.प्र. द्वारा आयोजित द्वितीय मेजर ध्यानचंद स्पर्धा जनपदीय खो खो एवं कबड्डी बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में कैंट विधायक प्रदेश सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने मुख्य अतिथि स्वरूप पहुंचकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर विनर एवं रनर विद्यालय के खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तम कुमार गुप्ता, आनंदेश्वर पांडे, अशोक ध्यानचंद, अनूप अग्रवाल, सौरभ कुमार अग्रवाल, प्रीति सिंह उपस्थित रहे।



## मारपीट करने के मामले में ७ लोगों पर मुकदमा दर्ज

**आंवला।** दरावनगर के रहने वाले ग्रामीण ने आंवला पुलिस से शिकायत कर बताया कि उसकी बेटी घर पर घरेलू काम कर रही थी। तभी गांव के ही युवक ने उसके साथ मारपीट की। चीख पुकार सुनकर जब आसपास के लोग लोग इकट्ठे हुए तो आरोपित मौका देखकर भाग गया। उसके बाद अन्य लोग भी आ गए। उन्होंने भी मारपीट की और धमकी देकर गए। पीड़ित की शिकायत पर आंवला पुलिस ने सौरव, जुगल किशोर, गौरव सहित सात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए हुआ सत्संग का आयोजन

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** विश्व जागृति मिशन बरेली मंडल एवं श्री भारत माता मंदिर कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित भारतीय सेना एवं बॉर्डर पर हुए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के समर्थन में सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरेली लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद छत्रपाल गंगवार रहे।



कार्यक्रम में भारत माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गुलशन आनंद द्वारा कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की गई और भारतीय सेना, प्रधानमंत्री एवं तीनों सेना अध्यक्षों के नेतृत्व में हुए सफल ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा की। विश्व जागृति मिशन के महामंत्री पवन कुमार अरोड़ा द्वारा भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए सभी भक्तों से अव्वाहन किया गया कि प्रतिदिन महामृत्युंजय मंत्र की एक माला का जाप किया करें। जिससे हमारी सेना का बाल बांका भी ना हो सके। मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार द्वारा सभी से अपील की गई कि किसी भी भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान ना दें एवं देश हित में जो भी प्रशासन द्वारा गाइडलाइन जारी की जाए उसके अनुसार वातावरण बनाने की अपील की । किसी प्रकार से पैनिक ना होने की अपील की और सभी को भरोसा दिलाया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में निश्चित रूप से हमारा देश इस युद्ध में सफल होगा एवं विश्व में अपनी एक नई स्वरूप प्रस्तुत करेगा।

वंदना अग्रवाल, सुमित्रा गंगवार, सविता अरोड़ा, रश्मि अग्रवाल, शांति बिस्ट, मंजू गोयल, किरन सिंह, प्रियंका मौर्या द्वारा सुंदर भजन गाए गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संदीप मेहरा, विपिन भास्कर, शिवम सिंह , राज कुमार चोपड़ा, नरेंद्र नाथ खुराना, अभय भटनागर, मोहन लाल कालरा, सोमेश वार्ष्णेय, सुंदर सिंह विष्ट, राजीव शर्मा, रवि पाण्डेय, नीरज माथुर उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप जयन्ती पर विधायकों, संगठन अतिथियों, मेधावियों, खिलाड़ियों का होगा सम्मानः भुवनेश्वर सिंह

## परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा रविवार को एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि महासभा की ओर से सोमवार को महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समारोह मनाया स्मार्ट सिटी हाल, जीआईसी मैदान में मनाया जायेगा। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह समेत राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री, विधायकगण, क्षत्रिय दिग्गजो को आमंत्रित किया गया है।

जयगोविंद सिंह प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष सर्वेश्वर पाल सिंह व राष्ट्रीय संगठन मंत्री इं0 भुवनेश्वर सिंह ने संयुक्त प्रेसवार्ता में कहा कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष कुं. हरिवंश का आगमन सोमवार को होगा। उन्होंने कहा कि हिन्दू और सनातनियों में चार वर्ण हैं। ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्या, शूद्र, वहीं रोजगार के साधन या काम करने को लेकर अन्य जातियां चार वर्णो से ही बनी है। आज से 100 वर्ष पूर्व पिछड़ा वर्ग का कोई शब्द नहीं था। यह पिछड़ी जातियां जैसे-मौर्य, कुर्मी, वघेल, जाट, गुर्जर, अहीर, लोधा, शाक्य आदि जातियां क्षत्रिय टाइटल का प्रयोग कर रही हैं। सत्ता की भूख हुकुमत के लालची पिछड़े की राजनीति कर रहे हैं।




अपराधियों के विरोध में खुले आम बड़ी-बड़ी बाते होती है और राष्ट्र विरोधी खुले आम आतंक मचा रहे हैं, न कानून का डर है न शासन का भय है। उन्होंने कहा कि, पिछड़े व दलितों के नाम पर राजनीति करते वालों से समाज सावधान रहें। भुवनेश्वर सिंह ने कहा कि, कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन व खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा यदि देश को जरूरत पड़ी तो क्षत्रिय रणबांकुर सीमा पर भारतीय सेना पर साथ देने के लिए संकल्पित हैं।

प्रेम वार्ता में जयवीर सिंह, केपी भदौरिया, गोपाल सिंह फौजी, प्रेमपाल सिंह सोलंकी, गोपिन्द्र सिंह, अमित चौहान, मोहन सिंह, आकाश प्रताप सिंह, महेश कठेरिया, प्रतिपाल सिंह बन्टी ठाकुर मौजूद रहे।

# २ तमंचे, ३ जिन्दा कारतूस व लूट की घटना के ४,००० रूपये समेत दो शातिर चोर किए गिरफ्तार

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** थाना बिथरी चैनपुर पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर दो शातिर चोर कमल पटेल पुत्र देशपाल निवासी पुरनापुर थाना बिथरी चैनपुर को एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा करातूस 315 बोर व लूट की घटना से सम्बन्धित दो हजार रुपये सहित फरीदापुर इनायत खां नहर के किनारे से आधी रात के करीब शातिर अभियुक्त रंगीला पुत्र अतराज निवासी ग्राम पुरनापुर थाना बिथरी चैनपुर को एक तमंचा 12 बोर व दो जिंदा करातूस 12 बोर व लूट की घटना से सम्बन्धित दो हजार रूपये सहित पुरनापुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 18 अप्रैल को शाम के समय थाना इज्जतनगर, क्षेत्रान्तर्गत अहलादपुर चौकी के आगे शनि देव मन्दिर के पास लालपुर रोड पर एक मोटर साइकिल पर बैठी औरत के कान के कुन्डल छीन लिये गये थें जिसके सम्बन्ध में थाना इज्जतनगर पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था । जिसको इनके द्वारा 8 हजार रूपये में बेच दिया था।

इनके पास से बरामद दो - दो हजार रूपये इसी में से बचे थे। बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बिथरी चैनपुर, बरेली पर अभियुक्त कमल पटेल उपरोक्त के विरूद्ध अभियुक्त रंगीला उपरोक्त के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण कमल पटेल एवं रंगीला उपरोक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा न्यायायल के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा गया।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार व उप नि मुनेन्द्र पाल, उनि देवेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक नरेन्द्र शर्मा, हेड कांस्टेबल इन्ने हसन, कांस्टेबल गौतम यादव, राहुल कुमार, शिव कुमार मौजूद रहे।

# नदीम कुरैशी एआईएमआईएम में शामिल

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** मुस्लिम सेवा संघ के राष्ट्रीय महासचिव नदीम कुरैशी आज अपने कार्यकर्ताओं के साथ,ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-ए-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) में शामिल हो गए नदीम कुरैशी सपा के अल्पसंख्यक के पद पर व आईएमसी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर कार्यरत रह चुके हैं। नदीम कुरैशी ने आईएमसी से इस्तीफा देकर और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-ए-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) में शामिल हो गए हैं। शहर के एक मीटिंग हॉल में आयोजित बैठक में नदीम कुरैशी हजारों कार्यकर्ताओं के साथ एआईएमआईएम में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई और भविष्य में पार्टी के लिए काम करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नदीम कुरैशी ने कहा कि वह एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के राष्ट्र और कौम के पक्ष में स्पष्ट रुख से बहुत प्रभावित हैं। सड़क से लेकर संसद तक राष्ट्रीय अध्यक्ष की बेबाक आवाज और तेवर ने साफ कर दिया है कि भारत में मुसलमानों का अगर कोई सच्चा नेता है तो वह सिर्फ असदुद्दीन ओवैसी हैं। हमने संसद में दर्जनों मौकों पर देखा है कि मुसलमानों के हक में सिर्फ ओवैसी साहब ही आवाज उठाते हैं। सभी राजनीतिक दलों में सैकड़ों मुस्लिम प्रतिनिधि हैं, लेकिन वे अपनी पार्टी लाइन की राजनीति से विवश हैं। लेकिन ओवैसी एकमात्र ऐसे नेता हैं जो इस समय मजलिस से लेकर संसद तक और सभाओं से लेकर चौराहों तक मुसलमानों की आवाज बने हुए हैं। इसलिए अब हमें केवल ओवैसी साहब के साथ मिलकर काम करना है।




नदीम कुरैशी को सदस्यता दिलाने के कार्यक्रम में शामिल होने आए शौकत अली ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पाकिस्तान देश का प्रदर्शन वास्तव में इस्लाम के नाम पर एक धब्बा है। पाकिस्तान के प्रदर्शन ने विश्व स्तर पर मुसलमानों की छवि को धूमिल किया है। इस्लाम के नाम पर निर्दोष लोगों की हत्या करना इस्लाम में कहां जायज़ है? इस्लाम ने स्पष्ट रूप से कहा है कि एक निर्दोष व्यक्ति की हत्या करना पूरी मानवता की हत्या करने के समान है। इसी तरह पहलगाम में मारे गए 26 भारतीय निर्दोष थे, जिनकी अंधाधुंध हत्या कर दी गई। हम पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में भारत और देश की सेना के साथ खड़े हैं।

उन्होंने आगे कहा कि पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों की मौत के बाद देश के अंदरूनी हिस्सों में मुसलमानों को हिंसा का शिकार होना पड़ा। यह भी देश के भीतर पनप रहा आतंकवाद है। पाकिस्तान में वास्तव में भारतीयों और यहां के मुसलमानों के प्रति कोई सम्मान नहीं है। वह भारत के मुसलमानों का समर्थन करने का दावा करके अपने नापाक एजेंडे को आगे बढ़ाता है। भारत के खिलाफ मौजूदा युद्ध में मुसलमानों और सिखों को भी निशाना बनाया जा रहा है। पुंछ में मारे गए लोगों में मुसलमान और सिख दोनों शामिल हैं। यह निश्चित है कि युद्ध में मारे गए लोग निर्दोष होते हैं। प्रधानमंत्री के लिए यह सही समय है कि वे पड़ोसी पाकिस्तान को भारत में शामिल करें और इसके साथ ही अखंड भारत का सपना भी पूरा होगा। शामिल होने वालों में हाजी नाजिम, खालिद, समीर, हसीन, बादशाह, अफजाल आदि मौजूद रहे।

## टोडरपुर में तेज रफ्तार कार ने ली बुजुर्ग की जान



हरदोई। स्वतंत्र भारत

टोडरपुर बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र में शाहबाद की तरफ से तेज रफ्तार मारुति ब्रेजा कार ने एक बाइक को बचाने में अनियंत्रित होकर रोड के किनारे लकड़ी के खोके के परचून की दुकान में टक्कर मार दी, जिससे दुकान पर बैठे दुकानदार की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने चालक को पकड़ कर लिया और पुलिस को सौंप दिया, मृतक के पुत्र प्रेमपाल की तहरीर पर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। हरदोई-शाहबाद हाईवे मार्ग के टोंडरपुर पेट्रोल पंप के निकट शनिवार की सुबह 10 बजकर 5 मिनट पर शाहबाद की तरफ से एक तेज रफ्तार कार ने लकड़ी की दुकानइमें टक्कर मार दी, जिससे दुकान पर बैठे शिशुपाल पुत्र रघुवर उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम सैदपुर की मौके पर ही मौत हो गई, कार की स्पीड इतनी ज्यादा थी कि वह दुकान में टकराकर करीब 100 मीटर दूर शिवमंगल सिंह के बाग में खड़े आम के पेड़ से टकराकर रुक गई। कार में चालक मोनिश अली बेग पुत्र मुश्ताक अली बेग निवासी मो हरखला थाना सिविल लाइन मुरादाबाद के साथ उसका साथी मो जुल्फिकार नकवी पुत्र जुल्फिकार हैदर निवासी ग्राम अगवानपुर थाना सिविल लाइन मुरादाबाद सवार थे। चालक ने बताया अचानक मोटरसाइकिल सवार ने रोड क्रास कर दिया जिसके कारण उनकी कार अनियंत्रित हो गई और हादसे का शिकार हो गई। दोनों कार सवार लखनऊ के एक कॉलेज में सिविल इंजीनियर की जॉब के लिए इंटरव्यू देने जा रहे थे मृतक के 3 पुत्र एक पुत्री है, विवाह ग्राम सैदनाखेड़ा थाना सुरसा निवासी रुक्मिणी के साथ हुई थी।

## सवारी का बैग लेकर भागने वाला ई रिक्शा चालक बैग सहित गिरफ्तार



हरदोई। स्वतंत्र भारत

बेनीगंज थाना क्षेत्र के प्रताप नगर चैराहे पर ई रिक्शे वाले को देने के लिए पैसे खुले करवाने गई महिला का बैग लेकर भागने वाले रिक्शा चालक को कोतवाली बेनीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्राप्त विवरण में 10 मई को नीलम पत्नी शिवसागर निवासी हासबरौली द्वारा थाना बेनीगंज पर तहरीर दी गयी कि वह एक ई-रिक्शा में अपने परिजनों के साथ प्रतापनगर चैराहा पर रिक्शा से उतरकर रुपये खुला करने के लिये गयी थी तभी अज्ञात ई-रिक्शा चालक द्वारा ई-रिक्शा में रखे पीड़िता के बैग सहित ई-रिक्शा को भगाकर ले गया। जिसमें उसके आभूषण व कपडे, कागजात आदि थे इस संबंध में पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना बेनीगंज पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेकर घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीमों को गठित कर लगाया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा करीब 20-25 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। थाना बेनीगंज के उपनिरीक्षक गोपाल मणी मिश्रा,विक्रांत शर्मा और पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित प्रकाश में आये अनिल कुमार त्रिपाठी पुत्र रामकृष्ण त्रिपाठी निवासी ग्राम बाजिदपुर थाना बेनीगंज को घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा सहित गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी के कब्जे से एक अदद पाजेब (सफेद धातु), एक अदद कर्धनी (सफेद धातु), एक अदद हार (पीली धातु), कपडे व अन्य कागजात बरामद किये गयेगिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

## बंद घर से नगदी सहित लाखों के आभूषण चोरी,अज्ञात पर रिपोर्ट

शाहाबाद हरदोई। स्वतंत्र भारत



कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नगला गणेश में विवाह समारोह में जाने से बंद घर में अज्ञात चोरों ने नगदी सहित लाखों रुपए के जेवर पर हाथ साफ कर दिए।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की है। पीड़ित राजपाल पुत्र रोशन लाल के अनुसार 9 मई को वह परिवार सहित रिश्तेदारी में विवाह समारोह में गए थेरात में दस के करीब गांव निवासी राजेश पुत्र श्री राम ने उससे घर में कौन कौन है इसकी जानकारी ली थी।उसी रात उसके घर में चोरी हो गई।चोर उसके घर से एक लाख पच्चीस हजार रूपए नगद, उसकी बहू के गले का हार सोने का,एक जोड़ी झाले, सोने की नथनी,मांग बेंदी, बेहसर,पाजेब,कमर बिछुआ, हथफूल,पांच जोड़ी बिछिया, उसकी पत्नी के कुंडल,चेन, बहन की दो जंजीर, मां के कान के बुंदे,दो जंजीर,दो अंगूठी चांदी की और 35 साड़ी चोरी कर ले गए। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## आरोपी पति और सास को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरदोई। स्वतंत्र भारत



टड़ियांवा थाना क्षेत्र के ग्राम फकीराबाद में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता द्वारा फांसी लगाने के मामले में विवाहिता के पिता की तहरीर पर दहेज हत्या में दर्ज अभियोग के वांछित विवाहिता के पति और सास को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 10 मई को अशोक कुमार पुत्र गोवर्धन निवासी ग्राम खटेली थाना पिहानी द्वारा थाना टडियावां पर तहरीर दी गयी कि दामाद नीरज और उसकी मां किरन पत्नी अशोक निवासीगण फकीरा बाद मजरा अंगोल पुर थाना टडियावां सहित 06 नामजद परिजनों द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसकी पुत्री के साथ मारपीटध्प्रताड़ित किया गया तथा फांसी लगाकर मार दिया। इसके संबंध में थाना टडियावां पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। थाना टडियावां पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में नामजद पति नीरज व सास को गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सार्थक प्रयास जारी है।पुलिस ने गिरफ्तार मां बेटे को जेल भेज दिया है।

## किशोरी के दुष्कर्मी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** हरियांवा थाना क्षेत्र में एक गांव निवासी किशोरी के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 9 मई को किशोरी की मां द्वारा थाना हरियावां पर तहरीर दी गयी कि अम्माद उर्फ हम्माद पुत्र जैनुल निवासी ग्राम लालपुरवा मजरा रारा थाना हरियावां द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री के साथ मारपीट व गलत कार्य किया गया। इस संबंध में थाना हरियावां पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। थाना हरियावां के प्रभारी निरीक्षक वीर बहादुर सिंह, एसआई राजेश कुमार चैधरी और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## बुद्ध का जीवन आज भी समस्त मानव जाति के लिए एक प्रकाशपुंज

**हरदोई।** शिव सत्संग मण्डल के अम्बरीष कुमार सक्सेना के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा एक पावन और महत्वपूर्ण त्योहार है जो महात्मा गौतम बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति (बोधि) और महापरिनिर्वाण के अवसर पर मनाया जाता है। यह पर्व वैशाख मास की पूर्णिमा को आता है और विशेष रूप से धर्म अध्यात्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत पूज्यनीय होता है। इस दिन का ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व अत्यधिक है। गौतम बुद्ध का जन्म लगभग 563 ईसा पूर्व में वर्तमान नेपाल के लुंबिनी नामक स्थान पर हुआ था। उनका वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। वे शाक्य वंश के राजा शुद्धोधन के पुत्र थे विलासपूर्ण जीवन के बावजूद उन्होंने संसार के दुःख, रोग, वृद्धावस्था और मृत्यु को देखकर वैराग्य धारण किया और सत्य की खोज में राज महल त्याग दिया। वर्षों की तपस्या और ध्यान के बाद उन्हें बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे बुद्ध यानी ज्ञान प्राप्त कहलाए। बुद्ध पूर्णिमा



तीन प्रमुख घटनाओं को एक साथ मनाने का दिवस है। सिद्धार्थ गौतम का जन्म इसी दिन हुआ था।बोधगया में इसी दिन उन्होंने आत्मज्ञान प्राप्त किया।कुशीनगर में इसी दिन उन्होंने देह त्याग किया। इसलिए यह दिन बौद्ध अनुयायियों के लिए तीन गुना पवित्र होता है। यह आत्मचिंतन, करुणा, शांति और अहिंसा का संदेश देता है। बुद्ध पूर्णिमा पर बौद्ध मठों और विहारों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। लोग सुबह-सुबह स्नान करके महात्मा बुद्ध की प्रतिमा को स्नान कराते हैं, धूप, दीप, फूल और फल चढ़ाते हैं। बौद्ध ग्रंथों का पाठ, ध्यान और उपदेश श्रवण किया जाता है। अनेक स्थानों पर जुलूस, संगोष्ठी, धार्मिक व्याख्यान और दान-पुण्य के आयोजन भी होते हैं। यह दिन करुणा, दया और प्रेम का व्यवहार करने की प्रेरणा देता है। गौतम बुद्ध ने चार आर्य सत्य और अष्टांगिक मार्ग का उपदेश दिया। उन्होंने अहिंसा, सत्य, संयम, और आत्मज्ञान पर बल दिया। उनका संदेश आज भी अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने जाति-पांति, भेदभाव और अंधविश्वास का विरोध किया और मानवता को मुख्य धर्म बताया। इसलिए बुद्ध पूर्णिमा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आत्मिक जागरूकता और मानव कल्याण का दिन है। यह पर्व हमें सिखाता है कि सच्चा सुख बाहरी संसाधनों में नहीं, बल्कि भीतर की शांति और ज्ञान में है। महात्मा बुद्ध का जीवन और उनके उपदेश आज भी समस्त मानव जाति के लिए एक प्रकाशपुंज हैं।

## युवक से बैग छीनकर भागने वाला आरोपी बाइक सहित गिरफ्तार

हरदोई। स्वतंत्र भारत



मल्लावां थाना क्षेत्र में उन्नाव से तिलक समारोह में जा रहे व्यक्ति से दो मई की शाम बैग छीन कर भागे दो बाइक सवारों में एक आरोपी को पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक और छीने गए बैग के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।दूसरे आरोपी को पुलिस तलाश कर रही है।

प्राप्त विवरण में 2 मई को केदार पुत्र रामस्वरुप निवासी ग्राम प्रतापखेड़ा थाना औरास जनपद उन्नाव द्वारा थाना मल्लावां पर तहरीर दी गयी कि वह थाना मल्लावां क्षेत्रांतर्गत किसी तिलक कार्यक्रम में जा रहे थे, उसके साथ जो गाडियां थी उनको नीचे उतरकर रास्ता बता रहे थे गाडियां निकलने के उपरांत पीछे से बाइक सवार 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके हाथ से एक बैग छीन लिया जिसमें नगदी व आभूषण थे इस संबंध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना मल्लावां पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी।

पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेकर घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीमों को गठित कर लगाया गया। पुलिस टीम द्वारा करीब 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये

थाना मल्लावां के प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र मिश्रा, महिला उपनिरीक्षक नेहा, पुलिस और स्वाट सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित प्रकाश में आये राजा गिहार पुत्र बन्टी गिहार निवासी ग्राम निकवा थाना तालग्राम जनपद कन्नौज को घटना में प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से एक अदद बैग, एक चैन पीली धातु व 3200 रुपये नगदी बरामद की गयी। शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है।गिरफ्तार आरोपी पर कन्नौज जनपद में दो मुकदमे पंजीकृत हैं।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## इंटर कॉलेज में लोकगायन कार्यशाला का हुआ उद्घाटन

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** सुरसा के दयानंद इंटर कॉलेज में भारतेंदु नाट्य अकादमी की लोक गायन कार्यशाला की शुरुआत हुई। कार्यशाला का उद्घाटन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य राकेश पाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर वह सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। प्रशिक्षक मोहम्मद हनीफ द्वारा प्रतिभागियों को लोक गायन की बारीकियां बताई गई। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में प्रतिभा करने वाले प्रतिभागियों को भारतेंदु नाटक अकादमी की ओर से एक प्रमाण पत्र दिया जाएगा। यह कार्यशाला 16 मई तक चलेगी। कार्यशाला का आयोजन नूरजहां सामाजिक शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक सेवा संस्थान के सहयोग से किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है। उद्घाटन के अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित रहे।



## खबर एक नजर

### ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन करें आवेदन

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विनीत कुमार तिवारी ने जनपद में संचालित भारत सरकार की अधिकृत संस्थ नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थाओं को अवगत कराया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग के युवकध्युवतियों को ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने हेतु विभाग की वेबसाइट 13 से 27 मई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर हार्डकापी 27 मई 2025 को सांय 05 बजे तक उपलब्ध करायें। उन्होने बताया कि ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों के अभिलेखों को ऑनलाइन अपलोड करते हुए डिजिटल हस्ताक्षर से 30 मई 2025 तक सत्यापन किया जायेगा और उसके उपरान्त राज्य स्तरीय गठित समिति द्वारा जनपद स्तर पर प्रशिक्षण देने वाली संस्थाओं का प्रशिक्षण 10 जून 2025 तक किया जायेगा तथा अधिक जानकारी के लिए उनके मोए पर किसी भी समय सम्पर्क कर सकते हैं।

### पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** पिहानी थाना क्षेत्र में 7 मई की शाम को एक किशोरी से दुष्कर्म किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 8 मई को किशोरी के पिता द्वारा थाना पिहानी पर तहरीर दी गयी कि सुनील उर्फ गोलू पुत्र फूलचन्द्र उर्फ फुल्लू निवासी ग्राम ढोकैया चंदेली थाना पिहानी द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री के साथ गलत कार्य किया गया। इस संबंध में किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर थाना पिहानी पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। थाना पिहानी के प्रभारी निरीक्षक विद्या सागर पाल, उपनिरीक्षक मोहर सिंह और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



### पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने तमंचा सहित युवक को किया गिरफ्तार

**शाहाबाद हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अल्लाहपुर सैदीखेल निवासी एक महिला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने उसके पति को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 10 मई को गीता पत्नी आसाराम ने पुलिस को बताया उसका पति शराब पीने का आदी है।शराब पीकर उसने अपनी ससुराल वालों से झगड़ा किया जिसमे उसके चोट भी लगी है।उसके पास तमंचा है वह कोई घटना घटित कर सकता है। कोतवाली शाहाबाद के उपनिरीक्षक लाखन सिंह मय हमराही आरक्षी के आरोपी आसाराम पुत्र बालकराम के घर गए।युवक से पूछताछ करने पर युवक ने कमरे के टांड पर से एक 315 बोर का तमंचा,चार जिंदा कारतूस,दो मिस कारतूस एक खोखा पुलिस को दिया। पुलिस ने तमंचा और कारतूस सहित युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### पुलिस ने लापता युवती को बरामद कर आरोपी को भेजा जेल

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक गांव से डेढ़ माह पूर्व बहला फुसलाकर ले जाई गई किशोरी के मामले में पुलिस ने युवती को बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 21 मार्च को युवती की मां द्वारा कोतवाली देहात पर तहरीर दी गयी कि अभियुक्त नीतीश कुमार उर्फ अर्जुन पुत्र विष्णु निवासी दलहनपुरवा माडेंलहा मजरा बरहम थाना माधौगंज उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस संबंध में युवती की मां की तहरीर के आधार पर कोतवाली देहात पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी थी। कोतवाली देहात के उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को सकुशल बरामद कर लिया है।युवती के बयान के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायलय में प्रस्तुत किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### नौकरी और मकान दिलाने के नाम पर युवक से ग्यारह लाख की ठगी,रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हाता सुभान खां निवासी युवक के विरुद्ध पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर नौकरी दिलाने और मकान दिलाने के नाम पर ग्यारह लाख रुपए की ठगी किए जाने की रिपोर्ट कोतवाली पुलिस ने दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। पीड़ित शाहजहांपुर जनपद के कांठ थाना क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी पूर्वी निवासी तारिक सिद्दीकी पुत्र इकबाल सिद्दीकी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हाता सुभान खां निवासी निजाम आफाक पुत्र सैय्यद आफाक ने लखनऊ मेट्रो में नौकरी दिलाने के लिए 2022 में कई बार में अपने घर पर उससे दो लाख पचास हजार रुपए लिए।उसके बाद एलडीए का मकान रिसेल में दिलवाने के नाम पर अपने खाते में आरटीजीएस के माध्यम से छह लाख चैहत्तर हजार एक बार दो लाख दस हजार रुपए एक बार ट्रांसफर करवाए।लेकिन उसे मित्रों में नौकरी भी नहीं मिली और एलडीए का मकान भी नहीं दिलवाया गया।बहुत कहने पर विपक्षी ने पांच पांच लाख रुपए के दो फर्जी चेक उसे दिए।जिनका भुगतान नहीं हो सका। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पाक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** हरियावाँ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 8 मई को परवीन पत्नी नौसाद उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम लालापुरवा मजरा रारा थाना हरियावां जनपद हरदोई ने प्रार्थना पत्र दिया कि अम्माद उर्फ हम्माद पुत्र जैनुल उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम लालापुरवा मजरा रारा थाना हरियावां जनपद हरदोई द्वारा बादिनी की नाबालिग पुत्री शानिया उम्र 16 वर्ष को मशीउद्दीन पुत्र मुस्तफा निवासी ग्राम लालापुरवा के मक्के के खेत मे ले जा कर मार पीट करी तथा जान माल की धमकी देने व पुत्री शानिया के साथ गलत काम एवं बलात्कार करने के संबंध मे दिया गया था। थाना हरियावां पर विधिक कार्यवाही करते हुए पाक्सो एक्ट मे मुकदमा पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 11ध05ध25 को थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह को सूत्रो द्वारा मिली जानकारी पर उपनिरीक्षक राजेश चैधरी का0 सौरभ कुमार मुकदमा मे वांछित अभियुक्त उम्माद उर्फ हम्माद पुत्र जैनुल को भिठि नेवादा की ओर जाने वाले तिराहे पर लगे सरकारी हैंड पंप के पास गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष रिमांड हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

# बजरंगियों को दिलायी गयी त्रिशूल दीक्षा






स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी। विश्व हिंदू परिषद/ बजरंग दल के तत्वाधान में रविवार को विजयी हनुमान मंदिर में बजरंगियों की त्रिशूल दीक्षा संपन्न कराई गई ।त्रिशूल दीक्षा के पूर्व बजरंग दल के जिला संयोजक विनय सिंह राजपूत ने त्रिशूल के महत्व पर प्रकाश डाला और इसका उपयोग धर्म व समाज की रक्षा के लिए करने का आवाहन किया ।विहिप जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह मुन्ना ने दीक्षार्थियों को अपने पवित्र हिंदू धर्म हिंदू संस्कृति और हिंदू समाज का संरक्षण और संवर्धन करने का संकल्प कराया और भारत माता की आन बान शान की रक्षा के लिए त्रिशूल धारण कराया। इस कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह, जिला गौ रक्षा प्रमुख रणधीर सिंह, प्रखंड संयोजक अभिषेक गुप्ता, शिवम शुक्ल, लक्ष्मी नारायण साहू, विज्ञान मिश्रा, सोमिल शुक्ला, अमन प्रताप सिंह, सत्यम मिश्रा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## लुटेरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** तमंचो के बल पर दो भाइयों से लूटपाट करने वाले अज्ञात बदमाशों के खिलाफ सुबेहा पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दिया है। ज्ञातव्य हो कि शुक्रवार की रात बारात से घर वापस लौट रहे थाना क्षेत्र के निंदूरी गांव निवासी रामसनेही व इनके बड़े भाई हीरालाल के साथ दो अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने साहापुर गांव के नजदीक माइनर पुलिया पर तमंचे के बल पर पांच हजार रुपये व मोबाइल लूट लिया था। घटना के समय पुलिया पर आधा दर्जन अतिरिक्त बदमाश मुंह मे कपडा बांधकर बैठे हुए थे। लेकिन सगे भाइयों के साथ दो बदमाश ही वारदात मे शामिल रहे। घर पहुंचने के बाद राम सनेही ने 112 डायल पुलिस को सूचना दी थी । जिसके थोडी देर बाद ही 112 डायल पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया। लेकिन तब तक बदमाश रफूचक्कर हो चुके थे। 112 पुलिस रामसनेही को सुबह थाने पर आने का आदेश देकर वापस लौट गई थी। सुबेहा पुलिस ने रामसनेही से तहरीर लेकर दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है और छानबीन शुरू कर दी है।

## भूमि विवाद में शांतिभंग के अंदेशे में तीन गिरफ्तार

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थैंक क्षेत्र के दिघिया गाँव में दो पक्षों में भूमि विवाद में विवाद की संभावना को देखते हुए पुलिस ने एक पक्ष से तीन लोगो के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तीनों लोगो को गिरफ्तार कर शांतिभंग के अंदेशा में कार्रवाई करते हुए तीनों को उपजिलाधिकारी लालगंज के न्यायालय में हाजिर कर दिया है। दिघिया गांव में दो पक्षों में भूमि विवाद को लेकर विवाद कि संभावना को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह मय हमराह चौकी प्रभारी कन्हैया राय ने मौके पर पहुंचकर एक पक्ष से दिघिया गांव निवासी जयप्रकाश, सुरेश, हरिशंकर को गिरफ्तार कर शांतिभंग के अंदेशा में कार्रवाई करते हुए तीनों को उपजिलाधिकारी न्यायालय में हाजिर कर दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि भूमि विवाद में शांतिभंग के अंदेशा में तीन लोगो को गिरफ्तार कर कार्रवाई किया गया है।

## विवाहिता की मौत के मामले में पति, सास, ससुर और देवर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कलां गांव निवासीनी 23 वर्षीय मृतका कुसुम देवी की बीतें रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में विवाहिता के पिता ने पति, सास, ससुर, देवर के विरुद्ध दहेज हत्या व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। मृतका के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। दी गई तहरीर में हलिया थाना क्षेत्र के लैना फूलियारी निवासी विवाहिता के पिता राम दयाल कुम्हार ने आरोप लगाया कि बेटी कुसुम कुमारी की शादी सन् 2022 को बंजारी कलां गांव निवासी लवकुश कहार से किया था। दहेज में गृहस्थी का सामान मोटरसाइकिल ,सोने की चौन, अंगूठी व इक्कयावन हजार रूपये रुपए नकद दिया था। इसके बाद भी ससुर, सास, देवर व पति लवकुश दहेज में दो लाख रूपए नकद व सोने की चौन मांग करने लगा। मांग के हिसाब से दहेज नही देने पर सास, ससुर, देवर और पति लवकुश अत्यधिक प्रताड़ित करने लगा और बीते रात्रि की 12 बजे के करीब बेटी की हत्या कर साड़ी के सहारे बड़ेर पर लटका दिया।

## प्यार में असफल युवक ने की आत्महत्या

स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी। प्यार मे असफलता मिलने से क्षुब्ध एक 20 वर्षीय युवक ने आज भोर लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित दादरा गांव के निकट कब्रिस्तान की झाड़ियों मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दादरा के निकट हाइवे के किनारे स्थित कब्रिस्तान मे फांसी के फंदे से लटके युवक के शव को देखकर ग्राम प्रधान ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने फारसेंसिक साक्ष्य के नमूने एकत्रित करते हुए शव को उतरवा कर जमा तलासी ली तो मृतक के पास मोबाईल फोन व आधार कार्ड बरामद हुआ जिसके आधार पर मृतक की शिनाख्त हर्ष रावत पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी ग्राम मँझपुरवा मजरे बंभौरा थाना जैदपुर के रूप मे हुई पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव का



पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

(शनिवार को घर से गायब हुआ था हर्ष रविवार की सुबह 5 बजे माँ को किया था फोन)

मृतक हर्ष रावत का प्रेम प्रसंग जैदपुर थाना क्षेत्र के ही ग्राम परसौला की एक युवती से चलता था परिजनों के मुताबिक शनिवार को हर्ष उस युवती के साथ लापता हो गया था और रात्रि मे ही युवती के परिजनों ने दोनो को बरामद कर युवती को अपने साथ लेकर चले गये और हर्ष को दुबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी दी थी जो बाते फांसी लगाने से पहले मृतक ने अपनी माँ को फोन लगाकर कहा था कि अब हम जिंदा नही रहेंगे और फांसी लगा लेंगे जिसके बाद हर्ष के परिजन तलाश ही कर रहे थे कि पुलिस ने बताया कि हर्ष ने ग्राम दादरा के निकट फांसी लगा ली है। जानकारी होते ही परिजनों मे हाहाकार मच गया ।

## डॉक्टर का मरीज को गाली देते हुए वीडियो वायरल

स्वतंत्रभारत, बाराबंकी। जिले में सरकारी अस्पताल के डॉक्टर की बेहद शर्मनाक करतूत सामने आई है। यहां पीएचसी में इलाज कराने गए मरीज़ो के इलाज के बदले डॉक्टर ने उन्हें मां-बहन की भद्दी गालियों से अपमानित कर भगा दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया है। स्वास्थ्य महकमे के जिम्मेदार वीडियो की जांच कराने के बाद दोषी डॉक्टर पर कार्रवाई की बात कह रहे है।

स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल खड़े करने वाला यह मामला ज़िले के त्रिलोकपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का है। बीते गुरुवार को दोपहर के करीब 1¬45 बजे त्रिलोकपुर निवासी शैलेश कुमार द्विवेदी नाम के मरीज़ इलाज कराने पीएचसी गए थे। आरोप है कि यहां तैनात डॉक्टर ब्रजेश गुप्ता ने समय खत्म हो जाने का बहाना बनाकर उनका व अन्य मरीज़ो का इलाज करने से मना कर दिया। मरीज़ो ने जब इसपर ऐतराज जताया तो डॉक्टर गुप्ता ने माँ-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए बिना इलाज किए ही मरीज़ो को वहां से भगा दिया। इस बीच किसी मरीज़ ने अपने मोबाइल फोन के कैमरे से डॉक्टर गुप्ता की इस बदसलूकी को वीडियो बना लिया। जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोग इस वीडियो को लेकर स्वास्थ्य महकमे की कड़ी आलोचना कर रहे है। वही इस मामले में जब सीएससी अधीक्षक डॉक्टर प्रणव श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो की जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगे कैमरे बने शो-पीस

स्वतंत्रभारत, बाराबंकी। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2023 में ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना शुरू की थी। इसका मुख्य उद्देश्य सुरक्षा बढ़ाना और सार्वजनिक स्थानों की निगरानी करना था। जिससे अपराध होने की स्थिति में दोषियों को पकड़ने में मदद सके लेकिन जनपद के निन्दूरा ब्लाक में जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते इस योजना के तहत प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे शो-पीस बनकर रह गए हैं।

ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत विकास खण्ड निन्दूरा क्षेत्र की सभी 88 ग्राम पंचायतो में ग्राम सचिवालय, प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय, प्रमुख मार्गों, मुख्य चौराहों/तिराहों, ग्राम पंचायतों के मुख्य प्रवेश द्वार एवं निकास द्वार, सामुदायिक शौचालय आदि पर लाखों खर्च कर सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे। योजना के मुताबिक ग्राम पंचायत सचिवालय में इनका कंट्रोल रूम स्थापित कर उसे स्थानीय थाने, ब्लॉक मुख्यालय, जनपद मुख्यालय और पुलिस मुख्यालय से जोड़ा जाना था लेकिन इन कैमरों के लगाने में इस कदर भ्रष्टाचार हुआ कि कंट्रोल रूम बनने से पहले ही अधिकतर जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे बन्द होकर शो-पीस बन गए है।

ग्राम पंचायत बिसई अंतर्गत लखनऊ महमूदाबाद मार्ग पर कुण्डवा चौराहे पर लगाया गया सीसीटीवी कैमरा बंद पड़ा है। इसी तरह क्षेत्र की बड्डूपुर, बजगहनी, पिपरौली, इटौंजा, भद्रास, कतुरी कला में पंचायत भवन के सामने लगे कैमरे गायब हो गए है। वही रीवा सीमा पेट्रोल पंप के पास और रीवा सीवा आर्यावर्त बैंक के पास लगे कैमरे गायब है। वही ज्यादातर ग्राम पंचायतों में लगे कैमरे खराब पड़े हैं। ग्राम पंचायत पिण्डसावा में एक कैमरा काफी समय से खराब पड़ा है। शिकायत करने के बाद भी कोई उसकी सुध लेने नहीं पहुंच रहा। वही ग्राम पंचायत हाजीपुर और ग्राम पंचायत मल्लावां में लगे सीसीटीवी कैमरे रिचार्ज ना होने के चलते बंद पड़े है। पंचायत निधि में लाखों के वारे न्यारे करने वाले ग्राम प्रधान इन्हें रिचार्ज कराने की भी जरूरत नही समझ रहे। सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए कैमरो की दिशा भी सही नही हैं। कोई कैमरा आसमान की ओर देख रहा है तो कोई कैमरा जमीन की ओर देख रहा है। ऐसे में ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जिस उद्देश्य से यह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, उसका मकसद पूरा होता नहीं दिख रहा है। वही क्षेत्र में कोई आपराधिक घटना घटने के बाद सरकारी कैमरे खराब होने के चलते पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज पर निर्भर रहती है। फुटेज के लिए कई कई दिनों तक पुलिस दुकानदारों को परेशान करती है। जिसे लेकर व्यापारियों में भी नाराज़गी दिखाई देती है।

## सात वांछित व दो वारण्टी अभियुक्तों पर हुई कार्यवाही

स्वतंत्रभारत, बाराबंकी। जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/ वांछित अभियुक्तों/ वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी पुलिस द्वारा आज दो वारण्टी व 07 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 44 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

जिसके क्रम में थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा आज चोरी की दो घटनाओं का सफल अनावरण कर एक शातिर चोर/अभियुक्त शिवम पुत्र रवी निवासी मोहल्ला गढ़ी कस्बा व थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 25 किलो सरिया व 2787/- रूपये नगद बरामद किया गया।

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा विगत 02 व 03 मई की रात्रि कस्बा सतरिख, के स्पेलर की दुकान से रुपये चोरी व कल रात्रि ग्राम मोहल्ला गढ़ी कस्बा सतरिख, में स्थित निर्माणाधीन मकान से लोहे की सरिया चोरी करने की घटना स्वीकार की गयी है।। जिस संबंध में थाना सतरिख पर क्रमशः मु0अ0सं0 214/2025 धारा 305(ए)/331(2)/317(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 125/2025 धारा 305/317(2) बीएनएस पंजीकृत है। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा आज एक शातिर चोर/अभियुक्त दीपक गोस्वामी पुत्र सन्तलाल गोस्वामी निवासी गोसाई का पुरवा बंकी जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का आला नकब, चाभी का गुच्छा व चोरी के 1635/- रुपये नगद बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह शराब पीने का आदी है,और नशे की पूर्ति के लिए चोरी जैसे अपराध करता है। अभियुक्त द्वारा सफेदाबाद स्थित कोकाकोला कम्पनी के पीछे बने बन्द घर से चोरी करना स्वीकार किया गया है। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 336/2025 धारा 331(4)/ 305(क)/ 317(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 474/2025 धारा 331(4)/ 305(क)/317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया है।

इसी क्रम में थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं0 63/2025 धारा 331(4)/305/ 324(4) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त साकिर उर्फ साकिब पुत्र मुबारक निवासी ग्राम अजीमनगर थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से उक्त मुकदमें से सम्बन्धित चोरी का 10 लीटर मेंथा आयल बरामद किया गया।

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा पूर्व में ग्राम मसूदपुर में व अलीपुर तिराहे से चोरी की घटना कारित करना स्वीकार किया गया है। इसी क्रम में थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं0 329/2025 धारा 109/352/351 (3)/3(5) से सम्बन्धित अभियुक्त पप्पू उर्फ चन्द्र शेखर यादव पुत्र रघुन्दन, निवासी ग्राम नारे का पुरवा मजरे रौजा थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार कर 01 बाल अपचारी को संरक्षण में लेकर विधिक कार्यवाही की गयी।

इसी क्रम में थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं0 188/2025 धारा 3(5)/ 333/ 115(2) /352/351 (3)/324(2)/109/125 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त विनोद सैनी पुत्र स्व0 रजकुमार सैनी निवासी कस्बा रामनगर व थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में थाना बड्डूपुर पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं0 120/2025 धारा 140(3) बीएनएस से सम्बन्धित अपहृत व मु0अ0सं0 142/2025 धारा 87/137(2) बीएनएस से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 273 मरीजों का हुआ उपचार

हलिया (मिर्जापुर)। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 273 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक डॉक्टर विवेक खरे कि देखरेख में आयोजित 69 मरीजों का उपचार किया गया इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में आयोजित 49 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में 59 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर रविराज के देखरेख में 57 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में आयोजित 39 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 273 मरीजों का उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान चिकित्सक डॉक्टर निर्मल, फर्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, सुभाष पटेल किशोर कुमार, राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहें।

## जुआं खेल रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमंडगंज पुलिस ने शनिवार की रात क्षेत्र के महोगढ़ी गांव स्थित स्कूल के पीछे जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि देवहट गांव निवासी शंभु सोनी, प्रदीप बिंद व अनिल बिंद, महोगढ़ी गांव निवासी कैलाश सरोज तथा प्रयागराज जिला के कोरांव थाना क्षेत्र के छड़गड़ा गांव निवासी गुलफाम रसूल को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया है।

स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

मेरा अंक पत्र कार-ट्रक ड्राइविंग आई.टी.आई सीतापुर (मार्च 1999 से मई 1999) वास्तव में कहीं खो गया है। प्रदीप कुमार वर्मा शाहजहांपुर-मो. 9415573253


सी.आर.-287/D-25

## सपा की बैठक में पेयजल की समस्याओं पर चर्चा

मिर्जापुर। 2027 विधानसभा चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बूथ स्तर पर पीडीए जन पंचायत व भीषण गर्मी में खराब हैण्डपम्पों के रख-रखाव आदि पर

### सरकार की नाकामियों को जन-जन के बीच ले जायें सपा कार्यकर्ता : देवी प्रसाद चौधरी

कार्यकर्ताओं ने बैठक में जोर-शोर से उठाया। सपा जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर आयोजित बैठक को जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने सम्बोधित करते हुये कहा कि 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर जनपंचायत बूथ स्तर पर लगाने का काम करें और कहा कि पदाधिकारी व कार्यकर्ता नये मतदाताओं को जोड़ने का काम करें। कहा कि जनपद में अधिकांश हैण्डपम्प खराब है और साथ ही मरम्मत की भी जरूरत है। सरकार की योजना हर घर नल व जल की योजना फेल हो



चुकी है। हत्या, लूट, बलत्कार की घटनायें बढ़ी है। 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता जन-जन के बीच सरकार की नाकामियों को बताने का काम करें। कार्यकर्ता व पदाधिकारी हर बूथ की मतदाता सूची का अवलोकन करें। जिन मतदाताओं का नाम सूची में छूटा है उसे सूची में शामिल कराएं। ऐसे नाम भी कटवाएं जो गलत तरीके से सूची में शामिल हो गए हैं। कहा कि भाजपा सरकार किसान, नौजवान, व्यापारी, अल्पसंख्यक और गरीब विरोधी है। इस सरकार का किसी से कोई लेना देना नहीं है। प्रत्येक कार्यकर्ता आम जनता से मिलकर संगठन को और मजबूत करे। आगामी विधानसभा चुनाव में सपा के प्रत्याशियों को जीत दिलाएं। कहा कि गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करें।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी व संचालन जिला महासचिव आदर्श यादव ने किया। बैठक में पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, शिवशंकर सिंह यादव, मुन्नी यादव, सुरेन्द्र पटेल, अशोक यादव, राजेश भारतीय, राणा प्रताप सिंह, विजय पटेल, सियाराम जैसल, धनन्जय सिंह, संजय यादव, सत्यप्रकाश यादव, झल्लू यादव, प्रिन्स राव, हरिशंकर यादव, श्यामअचल यादव, अभय यादव, अतीक खान, गणेश केशरी, अरशद अली, कौशिक कनौजिया, विकास केशरी, सुभाष पटेल, मेवालाल प्रजापति, रामगोपाल बिन्द, रामजी मौर्या, मुकुन्दलाल यादव, राममिलन यादव, जैनेन्द्र सिंह, सुशील सिंह, जमुना यादव, कन्हैया यादव, विजय यादव, पिन्टू यादव, राहुल राव, बलराम यादव, दुर्गा सिंह, रंजीत फौजी, डा0 रतन सिंह पटेल, अहमद नवाज, शिव नरायन बिन्द, अशोक मिश्रा आदि मौजूद रहें।

## मवेशी से टकराकर बाइक सवार दो घायल

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के मतवार मझिगवा वन चौकी के पास रविवार की शाम बाइक सवार मवेशी से टकराकर बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन 102 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा उपचार के बाद बाइक सवार युवक को रेफर कर दिया गया है। हलिया थाना क्षेत्र राजपुर गांव निवासी 40 वर्षीय चंद्रप्रकाश सोठिया गांव निवासी 20 वर्षीय आशीष के साथ बाइक से निमंत्रण बाटने के लिए मतवार की तरफगए थे की जैसे ही मझिगवा वन चौकी के पास पहुँचे की अचनाक मवेशी के आ जाने से बाइक सवार गिरकर घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने एम्बुलेंस सेवा वाहन 102 पर सूचना दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस कर्मी विनोद यादव व शशि कांत यादव दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये। जहां पर चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार के बाद चंद्र प्रकाश के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आयी महिला अचेत भर्ती

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव में रविवार कि शाम गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर महिला अचेत हो गई। मौके पर पहुंचे महिला के परिजनों ने एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर उपचार किया जा रहा है। थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी ओमप्रकाश की 25 वर्षीय पत्नी शांति अपने घर के ओसारे में बैठे थी कि घर के सामने स्थित नीम के पेड़ पर आकाशीय बिजली कि गिरने से महिला उसकी चपेट में आकर अचेत हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com


*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# अब अमन की बात करने लगा पाक

## शहबाज बोले संघर्ष विराम समाधान की नई शुरुआत | ट्रंप की तारीफ करते नहीं थक रहे पाक पीएम

**इस्लामाबाद।** जो पाकिस्तान कल तक एलओसी पर गोलीबारी कर रहा था, ड्रोन के जरिए घुसपैठ कर रहा था, वही अब भारत के साथ संघर्ष विराम को नई शुरुआत बताने लगा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट डालते हुए कहा कि कश्मीर समेत कई मुद्दों के समाधान के लिए यह समझौता एक उम्मीद की किरण है। शरीफ ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भी शुक्रिया अदा किया और कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच इस संघर्ष विराम को सफल बनाने में अमेरिका की बड़ी भूमिका रही है। शरीफ ने पाकिस्तान के 'समय की कसौटी पर खरे उतरे' और 'भरोसेमंद मित्र' चीन के प्रयासों और समर्थन का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वह 'इस संकट की घड़ी' में पाकिस्तान के साथ खड़ा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने भारत के साथ बनी सहमति को पूरे देश और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों की सफलता बताया। उन्होंने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो को भी धन्यवाद कहा। पाकिस्तान अब यह जताने में लगा है कि वह दक्षिण एशिया में शांति चाहता है। मगर यह वही पाकिस्तान है जिसने दशकों से आतंकवाद को पाल-पोस कर भारत के खिलाफ इस्तेमाल किया। भारतीय सैनिकों पर हमले करवाए और आज जब सीजफायर लागू किया गया तो कुछ घंटे बाद उसका उल्लंघन भी कर दिया। मगर अब पाकिस्तान शांति के सुर अलापने लगा है।



## शेख हसीना की अवामी लीग बांग्लादेश में बैन

**ढाका।** मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने आतंकवाद विरोधी कानून के तहत पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा दिया। यूनुस के कार्यालय ने कहा, इस संबंध में आधिकारिक राजपत्र अधिसूचना अगले कार्य दिवस पर जारी की जाएगी। बयान में कहा गया कि यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा जब तक अवामी लीग और उसके नेताओं के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) में चल रही सुनवाई पूरी नहीं हो जाती, ताकि देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा की जा सके।

# दावा : सीजफायर में सीमित थी अमेरिका की भूमिका

**न्यूयॉर्क।** सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर था, तब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे संपर्क किया। उन्होंने युद्ध विराम की दिशा में बातचीत को

### सीएनएन ने कहा भारत-पाक में बात कराने तक ही था रोल

प्रोत्साहित करने के लिए यह कदम उठाया। रिपोर्ट में कहा गया है कि शुक्रवार की सुबह अमेरिका को खतरनाक खुफिया जानकारी मिली, जिसके बाद ट्रंप प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई की। इनमें वेंस, अंतरिम राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ सूजी विल्स शामिल थे।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कॉल करने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जानकारी दी। फोन कॉल के दौरान, वेंस ने पीएम मोदी को सप्ताहांत में नाटकीय वृद्धि की उच्च संभावना के बारे में चिंता व्यक्त की। कथित तौर पर, अमेरिका का मानना था कि परमाणु-सशस्त्र पड़ोसी देश संवाद में नहीं थे और उन्हें बातचीत फिर से शुरू करने के लिए अपनी भूमिका को आवश्यक मानते थे। इस कॉल के जरिए वेंस ने तनाव कम करने और शांति स्थापित करने के प्रयासों को बढ़ावा देने की कोशिश की। जेडी वेंस का यह बयान उनके पिछले रुख से अलग था, जब उन्होंने कहा था कि अमेरिका ऐसे युद्ध में शामिल नहीं होगा जो मूल रूप से हमारा कोई काम नहीं है। फॉक्स न्यूज पर वेंस ने कहा था कि अमेरिका तनाव कम करने के लिए प्रयास कर सकता है, लेकिन युद्ध में शामिल नहीं होगा। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पाकिस्तान से सीधे जुड़ने और तनाव कम करने के विकल्पों पर विचार करने का आग्रह किया। वेंस ने पीएम मोदी के साथ तालमेल बिठाया, जो अमेरिकी हस्तक्षेप के लिए सहायक हुआ। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, मार्को रुबियो और विदेश विभाग के अन्य अधिकारियों ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद में अपने समकक्षों से संपर्क किया।

# मां वैष्णो देवी : श्रद्धालुओं में भारी गिरावट

**कटड़ा।** मां वैष्णो देवी की यात्रा में गिरावट का सिलसिला जारी है। वर्तमान में मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए देश भर से मात्र 5000 श्रद्धालु ही आधार शिविर कटड़ा पहुंचे रहे हैं,

### एक चौथाई से भी कम रह गई संख्या

जबकि आम दिनों में इस महीने में 35 से 40 हजार के बीच श्रद्धालु पहुंचते थे। हालात यह है कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या सैकड़ों में पहुंच गई है। यात्रा में आई भारी गिरावट के चलते कटड़ा से लेकर भवन तक सूना-सूना नजर आ रहा है। इक्का-दुक्का श्रद्धालु ही नजर आ रहे हैं। इसका मुख्य कारण भारत-पाकिस्तान के बीचे बना तनाव है। वहीं, जानकारों का कहना हैं स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां पड़ने के बाद मां वैष्णो देवी की यात्रा बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। वहीं, पिछले तीन दिन से हेलीकॉप्टर सेवा स्थगित है और मां वैष्णो देवी के यात्रा मार्ग ताराकोट भी बंद है। शनिवार शाम पांच बजे तक 1450 श्रद्धालु ही भवन की ओर रवाना हुए थे। भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव की वजह से वैष्णो देवी की यात्रा करने को लेकर श्रद्धालु कतराने लगे हैं। इसके चलते कटड़ा पूरी तरह खाली-खाली नजर आ रहा है। मां वैष्णो देवी की यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।



# 'परमाणु अधिकारों से पीछे नहीं हटेगा ईरान'

**दोहा।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रहे विवाद के बीच अपना रुख पूरी तरह से साफ कर

### विदेश मंत्री अब्बास अराघची का अमेरिका को दो टूक

दिया है। शनिवार को उन्होंने अमेरिका को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अगर अमेरिका का मकसद ईरान को उसके परमाणु अधिकारों से वंचित करना है, तो ईरान कभी पीछे नहीं हटेगा। बता दें कि यह बयान उन्होंने कतर की राजधानी दोहा में दिया, जहां ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में होने वाली अगली परमाणु वार्ता से एक दिन पहले वे पत्रकारों से बात कर रहे थे। अराघची ने साफ कहा कि अगर बातचीत का उद्देश्य ईरान के परमाणु अधिकार छीनना है, तो हम बिल्कुल भी पीछे नहीं हटेंगे। अमेरिका और इस्राइल परमाणु समझौते को लेकर लगातार ईरान को धमकी देता रहा है। हालांकि ईरान ने हमेशा कहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण और नागरिक उद्देश्यों के लिए है, न कि हथियार बनाने के लिए।



# पाक में मरकज तैयबा के वीडियो हो रहे वायरल

**इस्लामाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने 7 मई को पाकिस्तान के मुरीदके में स्थित मरकज तैयबा मस्जिद को काफी नुकसान पहुंचाया था। हमले में कई आतंकी मारे भी गए।

### लश्कर और 313 ब्रिगेड का जिहादी प्रोपेगेंडा एक्टिव

यह मस्जिद आतंकियों को ट्रेनिंग देने वाला केंद्र था। अब इस मस्जिद के नए वीडियो सामने आए हैं। इन वीडियो को पाकिस्तान के आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और 313 ब्रिगेड ने अपना खुला समर्थन दिया है। स्काई न्यूज के मुताबिक, टिकटॉक, यूट्यूब और गूगल जैसे प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किए वीडियो में लश्कर, 313 ब्रिगेड और मुजाहिद फोर्स जैसे शब्दों का बार-बार उल्लेख किया गया है। इन वीडियो में कई युवकों को हथियारों के साथ सड़कों पर चलते देखा जा सकता है, जबकि एक वीडियो में बच्चों को मस्जिद के अंदर मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग लेते हुए दिखाया गया है। वीडियो के कैप्शन में लिखा है, हम छोटे सैनिक हैं और काफिरों से लड़ते हैं। वीडियो में इस्तेमाल किया गया 313 हैशटैग सीधे तौर पर जिहाद और आतंकी मानसिकता से जुड़ा हुआ है। विशेषज्ञों के अनुसार, '313 ब्रिगेड' अल-कायदा की पाकिस्तान में सक्रिय इकाई है, जो कई आतंकी संगठनों का साझा मंच है। इसमें तालिबान, जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-झंगवी, हक्कानी नेटवर्क और लश्कर-ए-तैयबा जैसे समूह शामिल हैं।



# यूक्रेन से सीधी बातचीत को तैयार : पुतिन

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को यूक्रेन युद्ध में शांति का

### कीव पर लगाया वार्ता से पीछे हटने का आरोप



नया प्रस्ताव रखा है। विजय दिवस के समापन के बाद पुतिन ने कहा कि वह बिना किसी शर्त के तुर्किए की राजधानी इस्तांबुल में यूक्रेनी प्रतिनिधियों से बातचीत करने के लिए तैयार हैं। यह बातचीत 15 मई को हो सकती है। इसके अलावा उन्होंने कीव की आलोचना करते हुए कहा कि पश्चिमी देशों के कहने के बाद भी यूक्रेन बातचीत से पीछे हट गया था। पुतिन ने कहा, रूस ने 2022 में वार्ता को नहीं तोड़ा था। फिर भी शांति के लिए हम प्रस्ताव दे रहे हैं कि बिना किसी शर्त के एक बार फिर हम कीव से सीधी बातचीत करने के लिए तैयार हैं। रूसी नेता ने दावा किया कि मॉस्को बार-बार युद्धविराम की कोशिश कर रहा है लेकिन यूक्रेन की तरफ से उसके प्रस्तावों का कोई जवाब नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच में हुई बातचीत के बाद ही एक संयुक्त मसौदा दस्तावेज तैयार किया गया था, और तो और इसके ऊपर कीव के अधिकारियों के हस्ताक्षर भी थे। लेकिन बाद में पश्चिमी देशों के हस्ताक्षेप से यूक्रेन पलट गया और इस प्रस्ताव को कूड़ेदान में फेंक दिया।

नाजी जर्मनी के ऊपर अपनी जीत का 80वां वर्ष मना रहे रूस ने यूक्रेन युद्ध में 3 दिनों के लिए एकतरफा युद्ध का ऐलान किया था। यह युद्धविराम रविवार को समाप्त हो गया है। हालांकि इस दौरान यूक्रेन की तरफ से रूसी सेना के ऊपर संघर्ष विराम उल्लंघन का आरोप लगाया गया। पुतिन ने रविवार को पलटवार करते हुए कहा कि हमारी तरफ से युद्ध विराम घोषित हो चुका था लेकिन यूक्रेन ने इसका सम्मान नहीं किया। तीन दिन के युद्ध विराम के दौरान यूक्रेनी सेना ने 5 जगहों पर रूसी सीमा पर हमला करने का प्रयास किया।

## पहले युद्धविराम हो : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हो रही है कि रूस युद्ध को समाप्त करने के लिए अंततः प्रयास कर रहा है लेकिन शांति वार्ता शुरू होने से पहले युद्धविराम होना चाहिए। जेलेंस्की ने इसे 'सकारात्मक संकेत' बताते हुए कहा कि 'पूरी दुनिया बहुत लंबे समय से इसका इंतजार कर रही थी और किसी भी युद्ध को सही मायने में समाप्त करने का पहला कदम युद्ध विराम है।'

# हिमाचल के दो जिलों में मिसाइल के पुर्जे और संदिग्ध वस्तु मिली

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के दो जिलों से मिसाइल के पुर्जेऔर गोले के टुकड़े बरामद किए गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कांगड़ा जिले के वन क्षेत्रों में तीन विस्फोटों की आवाज सुनी गई। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव की पृष्ठभूमि में ये बरामदगी हुई है हालांकि दोनों दोनों देशों ने शनिवार शाम को संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, प्रारंभिक जांच के दौरान, कांगड़ा जिले के दमताल क्षेत्र में विस्फोट स्थल पर मिसाइलों के पुर्जे पाए गए, जिसकी पुष्टि रक्षा कर्मियों ने की है।

# संघर्ष विराम : जम्मू के सीमावर्ती लोगों को बड़ी राहत

**जम्मू।** पिछले तीन दिनों से सीमा पार से हो रही भारी गोलाबारी के बाद जम्मू क्षेत्र के सीमावर्ती निवासियों, खासकर सबसे ज्यादा प्रभावित पुंछ और राजौरी जिलों के निवासियों ने भारत और पाकिस्तान के बीच पूर्ण और तत्काल संघर्ष विराम की घोषणा पर खुशी जाहिर की है। पीड़ितों ने इस संघर्षविराम की घोषणा को एक राहत के रूप में लिया

### शुरू हो रही रोजमर्रा की आम जिंदगी

और अब वे अपनी सामान्य जीवनशैली को फिर से शुरू कर रहे हैं। पुंछ के जिला गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष नरिंदर सिंह ने कहा, यह न केवल मेरे लिए बल्कि पूरे देश और दुनिया के लिए एक स्वागत योग्य कदम है क्योंकि एक विनाशकारी युद्ध टल गया है। हम प्रार्थना करते हैं कि इस क्षेत्र में शांति बनी रहे और हमेशा बनी रहे। बुधवार से अब तक कुल 25 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से सबसे अधिक 18 लोग पुंछ जिले में मारे गए। सिंह ने कहा, शांति जैसा कुछ नहीं है और हम प्रार्थना करते हैं कि यह संघर्ष विराम स्थायी हो ताकि हमें अपने घरों से भागने की जरूरत न पड़े। उन्होंने अपने समुदाय के चार सदस्यों सहित निर्दोष लोगों की मौत और दर्जनों घरों, गुरुद्वारा, मंदिर और मदरसे के अलावा बड़ी संख्या में वाहनों को हुए नुकसान का जिक्र किया। मुस्लिम विद्वान और पुंछ में स्थित जियाउल उलूम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष मौलाना सईद अहमद हबीब ने कहा कि संघर्ष विराम की घोषणा सीमावर्ती निवासियों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं है।



# पाक को शाबाशी देकर प्रोपेगेंडा पर उतरा चीन

**बीजिंग।** चीन सीजफायर को लेकर पाकिस्तान को शाबाशी दे चुका है और अब उसने भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा में पाकिस्तान की भाषा बोलनी शुरू कर दी है। चीन के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने पाक सेना के हवाले से दावा किया है कि पाकिस्तान के साइबर हमले में भारत की 70 प्रतिशत बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। चीनी मीडिया भी इस दावे से इनकार नहीं कर रहा है। हालांकि भारतीय दूतावास ने इसे झूठा बताते हुए अपने आधिकारिक सिना वेइबो अकाउंट पर इसका खंडन किया।

उत्तर प्रदेश सरकार के EWS-LIG योजनांतर्गत प्रयागराज विकास प्राधिकरण स्वीकृत, पारस ग्रुप की EWS-LIG आवासीय योजना
Prabhu Niwas
A Unit of Paras Greens
Site Add : Mundera Bazar, Prayagraj.
22 अल्प आय वर्ग के भवनों की
लॉटरी आवंटन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15 नवम्बर 2024 को समाचार पत्रों में प्रकाशित प्रयागराज विकास क्षेत्र के अंतर्गत पारस ग्रीन्स के अंतर्गत **22 अल्प आय वर्ग के फ्लैटो के सम्बन्ध में आमंत्रित आवेदन पत्रों** के सम्बंध में, समस्त आवेदकों को सूचित किया जाता है कि उक्त फ्लैटो का आवंटन लॉटरी द्वारा
**दिनांक 14 मई 2025 को मध्यान्ह 12.30 बजे,**
**स्थल - होटल गैलेक्सी बैंक्वेट हॉल,**
**पी. स्क्वायर लोअर ग्राउण्ड फ्लोर, महात्मा गांधी मार्ग,**
**सिविल लाइंस, प्रयागराज से सम्पन्न होगा।**
सभी आवेदक लॉटरी आवंटन के समयानुसार अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
7379888111, 7705877058
Email : parasgreens.ald@gmail.com, Website : www.parasreality.in

# अंतरिक्ष में 53 साल से फंसा यान धरती पर गिरा

**केप कैनवेरल।** सोवियत संघ का 53 साल से पृथ्वी की कक्षा में फंसा हुआ कोसमोस 482 नाम का अंतरिक्ष

### शुक्र ग्रह की खोज के लिए वीनस मिशन पर हुआ था रवाना

यान आखिरकार अब पूरी तरह पृथ्वी पर गिर गया है। इसकी पुष्टि रूसी अंतरिक्ष एजेंसी और यूरोपीय संघ अंतरिक्ष निगरानी और ट्रैकिंग ने की। रूस ने कहा कि यह हिंद महासागर के ऊपर गिरा, लेकिन कुछ विशेषज्ञ अभी भी यह तय नहीं कर पाए हैं कि यह ठीक कहां गिरा।

यह भी तुरंत पता नहीं चल पाया है कि आधे टन के अंतरिक्ष यान का कितना हिस्सा कक्षा से आग की लपटों से जलने से बचा। विशेषज्ञों ने पहले ही कहा था कि इसका कुछ हिस्सा नीचे गिर सकता है, क्योंकि इसे सौर मंडल के सबसे गर्म ग्रह शुक्र पर उतरने के लिए बनाया गया था। वैज्ञानिकों ने यह भी कहा अंतरिक्ष यान के मलबे से किसी के भी टकराने की संभावना बहुत कम है।



**1972 में वीनस मिशन पर भेजा गया था यान**

सोवियत संघ द्वारा इसे 1972 में शुक्र ग्रह की खोज के लिए वीनस मिशन पर भेजा गया था, लेकिन रॉकेट में खराबी के कारण यह पृथ्वी की कक्षा से बाहर नहीं निकल सका था। शनिवार को विशेषज्ञों ने पुष्टि की कि यह अंतरिक्ष यान बगैर किसी नियंत्रण के पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश कर गया। इसका मतलब है कि इसे सुरक्षित रूप से नीचे नहीं लाया गया और किसी को भी ठीक से नहीं पता था कि यह कब और कहां गिरेगा।

# श्रीलंका : खाई में गिरी बस, 21 लोगों की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका के प्रांत 'सेंट्रल प्रोविंस' स्थित कोटमाले क्षेत्र में रविवार को एक बस के खाई में गिर जाने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना उस समय हुई जब बस चालक ने पहाड़ी रास्ते पर बाएं मुड़ने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि उसी दौरान बस फिसलकर खाई में गिर गई। पुलिस ने बताया कि राज्य परिवहन निकाय के स्वामित्व वाली बस में 75 यात्री सवार थे। पुलिस ने बताया कि ये बस दक्षिणी तीर्थस्थल कटारगामा से उत्तर-पश्चिमी शहर कुरुनेगाला जा रही थी। श्रीलंका के परिवहन एवं राजमार्ग उपमंत्री प्रसन्ना गुनासेना ने बताया कि दुर्घटना में 21 लोगों की मौत हो गई।

# टेक्नोलॉजी ने बदली एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की तस्वीर!

समय के साथ टेक्नोलॉजी ने न सिर्फ कहानियां कहने का अंदाज़ बदला है, बल्कि उन्हें बनाने, निभाने और लोगों तक पहुंचाने का तरीका भी पूरी तरह बदल दिया है। आज कास्टिंग से लेकर कंटेंट के प्रमोशन तक, हर चीज़ ऑनलाइन हो गई है। इस नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर, एण्डटीवी के कलाकारों ने बताया कि कैसे टेक्नोलॉजी ने उनके ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन सफर को सशक्त बनाया है। नीता मोहिंद्रा, जोकि 'भीमा' में कैलाशा बुआ का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, ''मैं इस इंडस्ट्री में कई दशक से काम कर रही हूं और मैंने देखा है कि कैसे मैनुअल और समय लेने वाली प्रक्रिया अब टेक्नोलॉजी की मदद से आसान और तेज़ हो गई है। टेक्नोलॉजी ने हमारे काम को कितना आसान बना दिया है।'' उधर, हिमानी शिवपुरी, जोकि 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, कि टेक्नोलॉजी का यह बदलाव वाकई में जबरदस्त रहा है। आज बस एक स्मार्टफोन से ही मैं स्क्रिप्ट पढ़ सकती हूं, रिहर्सल कर सकती हूं, रील्स शूट कर सकती हूं और सोशल मीडिया के ज़रिए अपने फैंस से जुड़ी रह सकती हूं।'' इसी तरह आसिफ शेख, ऊर्फ 'भाबीजी घर पर हैं' के विभूति नारायण मिश्रा ने कहा, '' ड्यूलिंग, ट्रैवल कोऑर्डिनेशन और रिहर्सल- सब कुछ अब बहुत आसान हो गया है। टेक्नोलॉजी ने हमें मल्टीटास्किंग का मौका दिया है, जो हमारी तेज़ और दबाव वाली इंडस्ट्री के लिए बहुत ज़रूरी है। आज हम जिस तरह से काम करते हैं, सीखते हैं और जुड़े रहते हैं, वह सब कुछ बदल चुका है।



# ऐक्टिंग ने मुझे चुना है - सोनल पंवार

कभी-कभी किस्मत ही सबसे बेहतरीन कहानियाँ लिखती है और एण्डटीवी की युवा और प्रतिभाशाली अदाकारा सोनल पंवार के लिए यह बात बिल्कुल सच साबित हुई है। वे फिलहाल 'हप्पू की उलटन पलटन' में इंस्पेक्टर मलाइका के किरदार में हैं। वह एक सख्त, अनुशासित और समझदार पुलिस अफसर है, जो अपने सिद्धांतों के लिए जानी जाती हैं और सिंह परिवार की इस अनोखी दुनिया में समझदारी की एकमात्र आवाज़ बनकर उभरती हैं।'हप्पू की उलटन पलटन' में शामिल होने और मलाइका की भूमिका निभाने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, सोनल याद करते हुए बताती हैं, ''इस शो के लिए मेरी यात्रा बहुत आसान रही। मैं पहले से ही ज़्यादातर कलाकारों और क्रू को जानती थी, क्योंकि मैंने उसी प्रोडक्शन हाउस के एक और शो में उनके साथ काम किया था। हालाँकि, मैंने शो में बाद में एंट्री की और भूमिका में किसी दूसरी अभिनेत्री को रिप्लेस किया। सोनल के लिए, इंस्पेक्टर मलाइका सिर्फएक किरदार से कहीं ज़्यादा है। उन्होंने कहा, '' मेरे लिए, वह सिर्फएक भूमिका नहीं है, बल्कि वह दृढ़ता, ज़मीन से जुड़े होने के अहसास और नारी शक्ति को दर्शाती है।



## बाजार दर्पण

SHRI GANGA ORTHOCARE CENTRE
श्री गंगा आर्थोकेयर रिसर्च सेन्टर
Dr. D.K. Dubey
M.S. (Ortho)
Senior consultant, Orthopaedic Surgeon
Dr. Anurag Diwedi
M.B.B.S., D.Ortho(Mumbai)
Orthopaedic Surgeon
अति आधुनिक मॉड्यूलर OT और टीवी सिस्टम सी-आर्म-मशीन द्वारा टूटी हड्डी को जोड़ने एवं आधुनिक तरीकों से ऑपरेशन किये जाते है।
घुटने एवं कूल्हे के जोड़ प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध है
कमर, गर्दन व जोड़ों के दर्द व जकड़न के लिए एवं चोट व प्लास्टर के बाद जकड़े जोड़ों की चाल खोलने के लिए आधुनिक मशीनों द्वारा फिजियोथैरेपी एवं पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध है
इटावा में जोड़ संबंधित सही और बेहतर उपचार के लिए आज ही परामर्श लें
Shri Ganga Orthocare Centre
CONTACT: 9068067700, 9411942021
Address: Old Agra Road Etawah

AWPL
परिवार का हिस्सा बने और बने निरोग खुद भी जिये औरो को भी जीना सिखायें
सुख और समृद्धि दोनो पायें
आयुर्वेद अपनाये जीवन और पैसा दोनो बचायें
जय किशन यादव
फ्रेंचाइजी विनायक एसोसिएट
पता- 6/2 कटरा माधोकुँज प्रयागराज
मो. 9935657889

उत्सव लॉन्स गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर
डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089